YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❏ वर्ष-14 ❏ अंक-221 ❏ रविवार, 14 सितम्बर 2025 ❏ नगर संस्करण ❏ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❏ मूल्य- ₹ 3.00 ❏ पृष्ठ-12



राजनीति में विचारों और मतभिन्नताओं का होना स्वाभाविक है, क्योंकि यही लोकतंत्र की आत्मा है। इन मतभिन्नताओं के बावजूद चर्चा और संवाद को कभी थमना नहीं चाहिए। ओम बिरला

अल्पसंख्यक युवाओं के उत्थान के लिए नीतियों में ला रहे बदलाव : रिजिजू 11

ये लोग राजनीति को गिरा रहे हैं : नड्डा 12

## संक्षेप

### छह करोड़ से ज्यादा लोगों ने दाखिल किया आयकर रिटर्न

नयी दिल्ली। आंकलन वर्ष 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल कर दिये हैं। आयकर विभाग ने शनिवार को बताया कि इस साल अबतक आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या छह करोड़ को पार कर गयी है। उसने करदाताओं को अंतिम समय की परेशानी से बचने से लिए अंतिम तिथि से पहले अपना रिटर्न भरने की सलाह दी है। आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। इसके बाद रिटर्न भरने पर कुल आय पांच लाख रुपये से तक होने पर 1,000 रुपये और पांच लाख से अधिक होने पर 5,000 रुपये का जुर्मान लगेगा। आंकलन वर्ष 2024-25 में 7.28 करोड़ करदाताओं ने आयकर रिटर्न भरा था। विभाग ने छह करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद दिया है।

### पूर्वांचल के साथ 15 से फिर लखनऊ में होगी बारिश

लखनऊ। प्रदेश के उत्तरी तराई क्षेत्रों में दो दिन अच्छी बारिश हुई है। लखनऊ से लेकर पूर्वी यूपी के ज्यादातर जिले सूखे हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी यूपी में अच्छी वर्षा की संभावना बन रही है। इसके साथ ही, लखनऊ में भी 15 से 18 सितंबर के दौरान छिटपुट से लेकर मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। अमौसी स्थित मौसम मुख्यालय के अनुसार, पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बना है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार यह अगले दो दिनों में दक्षिणी छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ेगा। इसी के प्रभाव से 15 सितंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। पूर्वांचल के कुछ जिलों में 15 से 17 सितंबर के बीच भारी बारिश भी हो सकती है। लखनऊ में भी इसी मौसमी परिस्थिति का असर देखने को मिलेगा। वहीं, पिछले 24 घंटों में, पूर्वी तराई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि सिद्धार्थनगर के बांसी और उसका बाजार में भारी वर्षा दर्ज की गई है। शनिवार को पश्चिमी यूपी में उत्तराखंड से सटे जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। शुक्रवार को उमस और हल्की गर्मी के बीच दिन का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 2.4 डिग्री ज्यादा था। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को आमतौर पर आसमान साफ रहेगा। तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिमी यूपी से मानसून की वापसी की आहट मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान से 15 सितंबर के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। इसका मतलब है कि देश के पश्चिमी हिस्सों से अब मानसून की वापसी शुरू हो जाएगी, जबकि पूर्वी हिस्सों में अभी भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

मणिपुर में हिंसा के 2 साल बाद पीएम का दौरा, रिलीफ कैंप पहुंचे, हिंसा पीड़ितों से मिले, कहा-

# शांति का रास्ता चुनें

एजेंसी

इंफाल/चुराचांदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ औ इंफाल में ?1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं की शिलान्यास और उद्घाटन किया। मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद मोदी का यह पहला दौरा है।

प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा- मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। चुराचांदपुर में पीएम ने कहा- मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से, दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है। जातीय हिंसा से उबर रहे राज्य के एक दिन के दौरे पर आये श्री मोदी ने शनिवार को यहां पीस ग्राउंड में आयोजित एक सभा के मंच से मणिपुर में सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 7300 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का रिमोट कंट्रोल से शिलान्यास किया। इस मौके पर राज्यपाल अजय भल्ला भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने राज्य में हिंसा की पिछली



घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताया लेकिन विश्वास व्यक्त किया कि राज्य की जनता मिलजुल कर प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा, ' मैं सभी संगठनों से अपील करूंगा कि शांति के रास्ते पर आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार करें। मैं आपके साथ हूं.. भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है। सभा से पहले उन्होंने जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के शिविर में जाकर उनके मुलाकात भी की। श्री मोदी ने इस बात पर संतोष जताया कि मणिपुर में पहड़ी क्षेत्र और घाटी क्षेत्र में अलग अलग समूहों के साथ समझौते के लिए बातचीत हुई है। उन्होंने कहा, 'यह केंद्र सरकार के प्रयासों का हिस्सा है.. जिसमें संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति की स्थापना के लिए काम किया जा रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'मणिपुर के नाम में ही मणि है, यह वह मणि है जो आने वाले समय में पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की चमक को बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा कि केंद्र का यह निरंतर प्रयास है कि मणिपुर को विकास के रास्ते पर तेजी से आगे ले जाया जाये और उनकी आज की यह यात्रा उन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज मंच से उन्होंने जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया है उससे पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों और जनजातीय समाज के लोगों की जिंदगी और बेहतर होगी। केंद्र सरकार विकास की राह पर मणिपुर की यात्रा की गति तेज करने का प्रयास लगातार कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर की राजधानी इम्फाल जल्दी ही राष्ट्रीय रेलनेटवर्क से जुड़ने वाला है। उन्होंने कहा, ' जीरीबाम-इम्फाल रेलवे लाइन बहुजल्द राजधानी इम्फाल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ देगी। श्री मोदी ने कहा कि मणिपुर की सीमा अन्य देशों से लगती है और यहाँ सम्पर्क सुविधाओं की कमी हमेशा से एक चुनौती रही है जिसके कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है। उन्होंने कहा, ' इसलिए, 2014 से, मैंने मणिपुर में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर बहुत ज़ोर दिया है। इसके लिए, भारत सरकार ने दो स्तरों पर काम किया है। पहला, हमने रेल और सड़क परियोजनाओं के लिए बजट में कई गुना वृद्धि की है। दूसरा, हमने शहरों से गाँवों तक ● शेष पेज 11 पर

### 'अस्थिरता में भी लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च रखा', पीएम का नेपाल को संदेश, सुशीला कार्की को दी बधाई

मैं नेपाल में अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने पर 140 करोड़ भारतवासियों की तरफ से सुशीला कार्की को हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि वे नेपाल में शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी। आज, मैं नेपाल के हर उस व्यक्ति की प्रशंसा करूंगा, जिसने इतने अस्थिर वातावरण में भी लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च रखा है। पिछले कुछ दिनों से, नेपाल के युवाओं को नेपाल की सड़कों की सफाई और रंग-रोगन में कड़ी मेहनत करते देखा जा सकता है। मैंने सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें भी देखी हैं।

# वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम

❏ चुनाव आयोग बोला-एसआईआर कराना विशेष अधिकार, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल




एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पूरे देश में नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर ''अतिक्रमण'' होगा।

शीर्ष अदालत में दायर एक जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि किसी अन्य प्राधिकरण के हस्तक्षेप के बिना संशोधन की नीति पर उसका ''पूर्ण विवेकाधिकार'' है।

आयोग ने कहा कि बिहार को छोड़कर, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को संबोधित अपने 5 जुलाई, 2025 के पत्र के माध्यम से, आयोग ने 1 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों के एसआईआर के लिए तत्काल पूर्व-संशोधन गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया है। हलफनामे में कहा गया है कि आयोग को मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन की निगरानी के लिए संवैधानिक एवं वैधानिक शक्तियां प्राप्त हैं। इसमें कहा गया, ''देश भर में नियमित अंतराल पर 'एसआईआर' आयोजित करने का कोई भी निर्देश आयोग के विशेष अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण होगा। हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया है, जिन्होंने आयोग को पूरे भारत में, विशेष रूप से चुनावों से पहले, नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का एसआईआर कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल भारतीय नागरिक ही देश की राजनीति और नीति के संबंध में निर्णय लें। आठ सितंबर को न्यायालय ने निर्देश दिया था कि बिहार में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं के पहचान प्रमाण के रूप में आधार कार्ड को ''अनिवार्य रूप से'' शामिल किया जाना चाहिए। न्यायालय ने आयोग को 9 सितंबर तक इस आदेश को लागू करने का निर्देश दिया था। अपने जवाबी हलफनामे में आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद और प्रत्येक राज्य की विधानसभा के लिए सभी चुनावों के सिलसिले में मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रण आयोग पर निर्भर है। हलफनामे में कहा गया है, ''उक्त संवैधानिक प्रावधान मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने से संबंधित सभी मामलों में आयोग के पूर्ण अधिकार का आधार है।''

## 26 लाख से अधिक दीपों से रौशन होगी अयोध्या

### ग्रीन फायर वर्क्स शो से जगमगाएगा दीपोत्सव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❏ सीएम योगी के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने दिव्य और भव्य दीपोत्सव-25 की तैयारियां शुरू कीं

❏ करीब 10 मिनट तक चलने वाला शो संगीत, लेज़र इफ़ेक्ट्स और आधुनिक कोरियोग्राफी से होगा सजा

लखनऊ। योगी सरकार दीपोत्सव-25 को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारियों में जुट गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पर्यटन विभाग द्वारा 19 अक्टूबर को दीपोत्सव में ग्रीन फायर वर्क्स शो का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय ग्रीन फायर वर्क्स के मानक पर आधारित होगा। यह आतिशबाज़ी पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगी। इसके साथ ही दीपोत्सव में पर्यटकों को संगीत और तकनीक के साथ कोरियोग्राफ का अनूठा अनुभव दिखने के साथ सुनने को मिलेगा।

सीएम योगी के निर्देश पर पर्यटन विभाग द्वारा दीपोत्सव-25 पर सरयू नदी के घाटों और राम की पैड़ी पर 26 लाख से अधिक दीपक जलाए जाएंगे, जो भगवान राम के अयोध्या आगमन का प्रतीक बनकर ये दीप असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था का प्रकाश फैलाएंगे। भक्ति-भाव से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के बीच इस बार ग्रीन फायरवर्क्स शो खास आकर्षण का केंद्र होगा, जो आस्था और नवाचार को साथ लाकर एक प्रदूषण-मुक्त रंग-बिरंगी रौशनी से जगमगाएगा। करीब 10 मिनट तक चलने वाला यह शो संगीत, लेज़र इफ़ेक्ट्स और आधुनिक कोरियोग्राफी से सजा होगा। कई मीटर से ऊंचाई तक उठने वाली आतिशबाज़ी सरयू के जल पर अद्भुत प्रतिबिंब बिखेरेंगी और वहां मौजूद हर दर्शक को रोमांचित कर देगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ● शेष पेज 11 पर

## नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों से कर्फ्यू हटा, जनजीवन हो रहा सामान्य

काठमांडू। नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू व प्रतिबंधात्मक आदेशों को शनिवार को हटा लिया गया, जिसके बाद दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है।

नेपाली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि शनिवार को कोई प्रतिबंधात्मक आदेश या कर्फ्यू लागू नहीं है। कई दिन तक बंद रहने के बाद दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल फिर से खुल गए तथा सड़कों पर आवाजाही फिर से शुरू हो गई। कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिनमें प्रमुख सरकारी इमारतें भी शामिल हैं। हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों ने इन इमारतों में तोड़फोड़ की थी और आग लगा दी थी। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई थी। इसके विरोध में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के प्रधानमंत्री कार्यालय में घुसने के तुरंत बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया ● शेष पेज 11 पर

## आपदा प्रबंधन के लिए अपना सैटेलाइट लॉन्च कराने वाला पहला प्रदेश होगा यूपी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❏ कानपुर और प्रयागराज में जल्द लागू होगा हीट एक्शन प्लान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ''विकसित यूपी 2047'' की दिशा में ठोस पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है कि अगले 22 वर्षों में प्रदेश को ऐसी स्थिति में खड़ा किया जाए जहां आपदाओं से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक उपलब्ध हो और गरीबी का लगभग पूरी तरह से खात्मा हो जाए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने इसरो (आईएसआरओ) के सहयोग से आपदा प्रबंधन में आधुनिक तकनीक जोड़ने की पहल की है। इसके तहत मौसम पूर्वानुमान और आपदा राहत के लिए सैटेलाइट लांचिंग का प्रयास किया जा रहा है। इससे बाढ़, भूकंप और हीटवेव जैसी आपात स्थितियों की रीयल-टाइम जानकारी मिलेगी और राहत कार्य तेजी से किए जा सकेंगे।

प्रदेश में बढ़ती हीटवेव और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लखनऊ, आगरा और वाराणसी जैसे बड़े शहरों के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान (एचएपी) तैयार किया जा चुका है, जबकि कानपुर और प्रयागराज के लिए इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहरी तापमान में वृद्धि को देखते हुए आईआईटी, एम्स और केजीएमयू जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ इन योजनाओं को तकनीकी सहयोग दे रहे हैं। हीटवेव के अलावा भूकंप, अग्निकांड और केमिकल दुर्घटनाओं से निपटने के लिए राज्य स्तरीय एचवीआरसीए (जोखिम, संवेदनशीलता और क्षमता का आकलन) पर काम हो रहा है। प्रदेश के 34 जनपद भूकंप आपदा के लिहाज से संवेदनशील हैं। इन इलाकों में स्कूलों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों, रेलवे परिसरों और मॉल्स में मॉक ड्रिल के जरिए लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ वर्षों में गरीबी उन्मूलन में अभूतपूर्व प्रगति की है। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार 2015-16 ● शेष पेज 11 पर


## डीपफ़ेक वीडियो मामला, कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर दर्ज

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल आईएनसी बिहार ने प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित डीपफ़ेक वीडियो प्रसारित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी की छवि धूमिल और अपमानित करने का प्रयास किया गया। यह वीडियो 10 सितंबर को शाम 6:12 बजे पोस्ट किया गया था। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकेत गुप्ता ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि यह वीडियो न केवल प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत और संस्थागत प्रतिष्ठा पर हमला है बल्कि महिलाओं की गरिमा और मातृत्व की पवित्रता पर भी गंभीर चोट है। शिकायतकर्ता ने इसे भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला बताया है। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए 13 सितंबर को नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर ● शेष पेज 11 पर

## रूस से तेल आयात बंद करें नाटो देश : ट्रंप

एजेंसी

❏ चीन पर लगायें 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से रूस से कच्चे तेल का आयात बंद करने और चीन पर 50 से 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने का आह्वान किया।

श्री ट्रंप ने ट्रुथसोशल पर शनिवार को नाटो देशों को लिखे एक पत्र को सार्वजनिक किया है। इसमें नाटो पर रूस के खिलाफ जीतने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता न दिखाने का आरोप लगाते हुये कहा गया है कि कुछ देशों का रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखना स्तब्धकारी है। उन्होंने सभी नाटो देशों के तैयार होने के बाद रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की भी बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि रूस से तेल खरीद जारी रखने से उसके साथ आपकी सौदेबाजी की क्षमता'' प्रभावित होती है। उन्होंने कहा है कि वह रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं और नाटो देश जब इसके लिए तैयार हों तो बता दें। उन्होंने कहा है कि इसके अलावा नाटो देशों को एक समूह के रूप में चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाना चाहिये जिसे बाद में यूक्रेन-रूस युद्ध की समाप्ति के बाद पूरी तरह हटा लिया जाना चाहिये। उनकी राय में यह कदम इस युद्ध को समाप्त करने में बेहद मददगार होगा। श्री ट्रंप ने पत्र में लिखा है, ''रूस पर चीन का नियंत्रण और उसकी पकड़'' काफी मजबूत है और ये कड़े आयात शुल्क उस पकड़ को ढीली कर देंगे। उन्होंने कहा ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

## राष्ट्रहित और जनहित में लिया गया निर्णय है हमारी संस्कृति: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❏ सीएम ने समारोह में 298 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास, संस्थान को मिली गामा नाइफ मशीन

❏ प्रदेश के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर का किया उद्घाटन, लोगों को ब्रेन ट्यूमर और अन्य मस्तिष्क की बीमारियों का मिलेगा बेहतर इलाज

❏ बोले, हमारी संस्कृति का सबसे बेहतरीन उदाहरण है डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान

❏ संस्थान ने पिछले कुछ ही वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1,375 बेड का विस्तार किया, ये बड़ी उपलब्धि

लखनऊ। हमारे जीवन की तीन स्थितियां होती हैं, जिसमें पहली प्रवृत्ति, दूसरी विकृति और तीसरी संस्कृति होती है। इसमें स्थिति का यथारूप रहना प्रवृत्ति है। इंसान परिवर्तन तो चाहता है, लेकिन परिवर्तन करने के लिए अपने आपको तैयार करने में हिचकता है। वहीं अगर कोई संस्थान या इंसान लगातार गिरावट की ओर जाता है तो यह विकृति होती है। इसी कड़ी में अगर एक व्यक्ति निर्णय लेता है। उसका निर्णय व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में है, तो उसका निर्णय संस्कृति है। इसी संस्कृति का एक बेहतरीन उदाहरण डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान है। संस्थान ने महज 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1,375 बेड का विस्तार किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में कही। इस दौरान सीएम योगी ने 298 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। हमें काल की गति से दो कदम आगे चलने के लिए तैयार रहना चाहिये। उन्होंने कहा



कि जो व्यक्ति, समाज या देश काल की गति को पहचान नहीं पाता है, वह काल की चपेट में स्वयं आ जाता है क्योंकि काल की गति तो वही है, जिसके बारे में डॉ. श्याम नारायण पांडेय ने कहा था कि ये महाकाल का आसन है, इस पर किसी का शासन नहीं होता है। यदि कोई यह मन में बैठा ले कि मैं समय की गति को अवरुद्ध कर दूंगा, तो यह उसकी गलतफहमी होगी। ऐसे में हमें काल की गति से दो कदम आगे चलना होगा। अगर हम इस गति से चलेंगे तो प्रगति करेंगे, अगर नहीं चल पा रहे हैं, हम अपने को केवल समय के अनुरूप लेकर के जा रहे हैं, तो फिर हमें यथास्थितिवादी के रूप में लोग मानेंगे। हम कब आए, कब गए किसी को पता नहीं होगा। वहीं अगर हमारे कारण संस्थान को नुकसान हो रहा है तो मानकर चलिए कि आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। काल की गति के मामले में संस्थान ने अच्छी प्रगति हासिल की है। यही वजह है कि संस्थान ने पांच वर्षों में प्रदेश के टॉप तीन चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। इसमें पहला केजीएमयू 110 वर्ष की अपनी आयु पूरी कर चुका है, दूसरा एसजीपीजीआई जो लगभग चार दशक पुराना है। वहीं लोहिया संस्थान ने काफी कम समय में एक लंबी छलांग लगाकर, प्रदेश के तीसरे टॉप चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। संस्थान की यह उपलब्धि दर्शाती है कि हमारी दिशा और लीडरशिप सही है। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान कई भौतिक चुनौतियां आती हैं, लेकिन टीमवर्क होता है, कार्य करने का जज़्बा होता है, तो वह लोगों के मन में एक नए उत्साह का संचार करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोहिया संस्थान एक ऐसे स्थान पर स्थित है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश का मुहाना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश का हर पेशेंट सबसे पहले आरएमएल में आता है। ● शेष पेज 11 पर

# भारत की तुलना नेपाल से करना हास्यास्पद : डॉ. राजेश्वर सिंह

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा नेपाल का नाम लेकर भारत की जनता को भड़काए जाने पर राजेश्वर सिंह ने व्यक्त की तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा नेपाल का नाम लेकर भारत की जनता को भड़काए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा यह कहना कि ‍भारत की स्थिति नेपाल जैसी हो सकती है‍ न सिर्फ़ भ्रामक और हास्यास्पद है बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत और उपलब्धियों का अपमान है।'' आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर यूपीआई के साथ। हम वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं। डिजिटल पेमेंट में दुनिया को राह दिखा रहे हैं।, निर्यातक्त 821 बिलियन (एफआई 25) तक पहुँचा।, 12,000+ किमी राष्ट्रीय राजमार्ग ( एफआई 24) का निर्माण हुआ। 234 क्ष्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल की।, चंद्रयान-3 और आदित्य ख्र1 जैसी ऐतिहासिक स्पेस उपलब्धियाँ दर्ज कीं।, दुनिया का सबसे ऊँचा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सबसे ऊँचा रेलवे पुल (चेनाब ब्रिज, कश्मीर), और सबसे तेज़ क्रूज़ मिसाइल (ब्रह्मोस) भारत की ताक़त और तकनीकी क्षमता का प्रमाण हैं।

## भारतीय युवाओं और स्टार्टअप्स की उपलब्धियाँ

भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। लाखों युवा नवाचार और उद्यमिता से रोजगार पैदा कर रहे हैं।, सरकार की स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाएँ युवाओं को आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बना रही हैं।, युवा सशक्तिकरण के इन प्रयासों का परिणाम है कि भारत आज चाँद तक पहुँचा, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया और वैश्विक तकनीकी शक्ति के रूप में उभरा।

सरोजनीनगर विधायक का स्पष्ट संदेश, ''नेपाल जैसी छोटी और प्रेषण-निर्भर अर्थव्यवस्था से भारत की तुलना करना केवल ज्ञान की कमी और नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है।'' डॉ. सिंह ने कहा, ‍अखिलेश यादव जी को जाति, तुष्टिकरण और सत्ता-लालसा की राजनीति छोड़कर विकास की राजनीति पर ध्यान देना चाहिए। आज का भारतीय युवा इन पुरानी राजनीति को ठुकरा चुका है। वह भारत को एक आत्मविश्वासी, तकनीकी रूप से सक्षम और विश्व-नेतृत्वकारी राष्ट्र बनाने में जुटा है।

## रेलवे कर्मचारी संघ ने वर्कशॉप गोरखपुर के मुख्य कारखाना प्रबंधक का किया विदाई समारोह

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री और सहायक महामंत्री एनएफआईआर नई दिल्ली विनोद राय के नेतृत्व में मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर के मुख्य कारखाना प्रबंधक धर्मेश खरे जी का विदाई सम्मान समारोह किया गया उनका स्थानांतरण कोलकाता आरडीएसओ में हुआ है धर्मेश खरे की पूर्वोत्तर रेलवे पर तमाम पदों पर रहते हुए अपने कार्यों को सुचारू रूप से निभाया यांत्रिक कारखाना के पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी विनोद राय के साथ पहुंचकर के भारी मात्रा में उनका सम्मान समारोह किया गया सम्मान समारोह में केंद्रीय सहायक मंत्री ओ पी सिंह मंडल अध्यक्ष विद्यासागर जी मंडल मंत्री कारखाना कुलदीप मनी जी ने मलयार पर किया महामंत्री विनोद राय ने माला पहनकर के साल उड़ा करके उनका सम्मान किया वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी ने भाव विभोर होकर के माला पहनाया कार्यकारी अध्यक्ष कारखाना राकेश श्रीवास्तव लखा मंडल मंत्री शमशाद भाई सतीश श्रीवास्तव बृजपाल सिंह लक्ष्मी श्रीवास्तव जयप्रकाश सिंह समेत अन्य लोगा मौजूद रहे।

## कोरावं में थाना दिवस का हुआ आयोजन तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज। शनिवार को थाना कोराव में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम कोराव संदीप तिवारी व नायब तहसीलदार डैया राम मूरत व कोराव थाना पुलिस की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ सबसे ज्यादा शिकायत भूमि विवाद से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना आये जिसमे मौके पर गोविंद नगर कस्बा कोराव में रास्ता विवाद को सुलझाया गया , महुली में अवैध मडहा चढ़ाया जा रहा था अतिक्रमण मुक्त कराया गया , खजूरी कला में बंजर नवीन परती की भूमि पर कब्जा किया जा रहा था खाली कराया गया शेष शिकायती प्रार्थना पत्र को संबधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निस्तारण करने के लिए आदेशित किया गया लतीफपुर गाव के जगमोहन ने शिकायत की थी चकमार्ग संख्या 242 पर अवैध कब्जा किया गया है नायब तहसीलदार राम मूरत मौके पर पहुचकर स्थलीय निरीक्षण किये मौके पर कब्जा नही पाया गया शिकायतकर्ता का दूर -दूर तक नाता चकमार्ग से नही है गिरगोठा गाव में एक बैनामा कराने के बाद बैनामा के अनुसार कब्जा न देने की शिकायत थी मौके पर नायब तहसीलदार राम मूरत पहुचकर दोनों पक्ष से वार्ता की फाट का मुकदमा दाखिल है निर्णय आने पर नियमानुसार कब्जा दिलाये जाने का आश्वाशन दिए

## फूलपुर यूनियन बैंक से दिनदहाड़े लाखों की चोरी, कैमरे में कैद हुए आरोपी

**प्रयागराज।** जिले के फूलपुर क्षेत्र में स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में शनिवार को दिनदहाड़े लाखों रुपये की चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी पूरी गतिविधि बैंक में लगे एएद्वट्ठ कैमरे में कैद हो गई है।सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने चोरी की इस घटना को बेहद शातिर तरीके से अंजाम दिया और कुछ ही मिनटों में बैंक से नगदी लेकर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद बैंक कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी।मामले की जानकारी मिलते ही फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस एएद्वट्ठ फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश कर रही है।स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है और गंगानगर पुलिस की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन वांछित बदमाश गिरफ्तार

**प्रयागराज।** यमुनानगर क्ष्ए्घ विवेक चंद्र यादव के आदेश पर नैनी थाना और औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश लूट के मामलों में वांछित चल रहे थे।पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की तत्परता से उन्हें धर दबोचा गया।

## सीएम ग्रिड के प्रोजेक्ट मैनेजर पर जानलेवा हमला, हमलावरों ने लूटे 3.20 लाख और मोबाइल

**प्रयागराज।** धूमनगंज के ट्रांसपोर्ट इलाके में सीएम ग्रिड प्रोजेक्ट के मैनेजर सतेंद्र कुमार पर जानलेवा हमला कर तीन लाख बीस हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात हमलावर के खिलाफ केस दर्ज किया है। बच्चा पासी को भी नामजद आरोपियों में शामिल किया गया है। घटना को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।सतेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है। सीएम योगी से फूलपुर की पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल और विधायक दीपक पटेल ने की शिष्टाचार भेंट प्रयागराज के फूलपुर क्षेत्र की पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल और वर्तमान विधायक दीपक पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की।बैठक के दौरान क्षेत्रीय विकास, स्थानीय समस्याओं और जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। यह भेंट सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

## छात्रों को टैबलेट वितरण से पहले स्कूल ने वसूले 500, रूपये योजना पर उठे सवाल

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा छात्रों को नि:शुल्क टैबलेट देने की योजना के तहत आज करछना क्षेत्र के जय नारायण कॉलेज सेहरा में वितरण किया जाना है।हालांकि इस योजना को पलीता लगाते हुए कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रति छात्रा ?500 की वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी है।मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिक्षा विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## फाफामऊ पुल पर स्कूटी हादसा, महिला सिपाही से टक्कर में महिला घायल

**प्रयागराज।** फाफामऊ पुल पर महिला सिपाही और एक महिला की स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में महिला के पैर की हड्डी टूट गई।घायल महिला को तुरंत इलाज के लिए तेग बहादुर सप्रू जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु नहीं थी, जिससे यह दुर्घटना हुई।

## प्रयागराज में बाढ़ का असर, 20 वार्ड प्रभावित और 1120 लोग राहत शिविरों में ठहरे

**प्रयागराज ।** जनपद प्रयागराज में बाढ़ की स्थिति पर निगरानी जारी है। सायं 4 बजे तक गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ पर 83.46 मीटर तथा छतनाग पर 82.52 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के बिन्दु 84.738 मीटर से नीचे है। यमुना नदी का जलस्तर नैनी पर 82.97 मीटर रहा। जनपद के 20 वार्ड व मोहल्ले प्रभावित हैं जिनमें सदर क्षेत्र के 10, फुलपुर के 4, करछना के 2, मेजा के 2 और सोरांव के 2 मोहल्ले शामिल हैं। कुल 260 परिवार राहत शिविरों में तथा 260 परिवार सुरक्षित स्थानों पर निवास कर रहे हैं। शिविरों में रह रहे व्यक्तियों की संख्या 1120 है जबकि अन्य स्थानों पर 1120 लोग ठहरे हुए हैं। कुल 97 बाढ़ राहत शिविर चिन्हित किए गए हैं जिनमें से 4 शिविर सक्रिय हैं। इन शिविरों में कैण्ट मैरेज हॉल में 350, ऐनीबेसेन्ट स्कूल में 220, महबूब अली इंटर कॉलेज में 300 और ऋषिकुल इंटर कॉलेज, राजापुर में 250 व्यक्ति ठहरे हैं। राहत कार्यों के तहत 50 नाव और 3 मोटरबोट लगाई गईं, 4016 लंच पैकेट वितरित किए गए, 95 व्यक्तियों का उपचार किया गया, 163 ओआरएस तथा 774 क्लोरिन टैबलेट बांटी गईं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रयागराज ने जानकारी के साथ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 0532-2641577, 2641578, 2641597, 2641598 और 1077 जारी किए हैं।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट ने हाल ही में अपने शिक्षण संकाय के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को उन्नत ज्ञान और उपकरणों से सुसज्जित करना था ताकि छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाया जा सके। कार्यशाला का संचालन प्रियंका दीक्षित अनुग्रह और अंशु तोमर ने किया, दोनों ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शिक्षा में इसके अनुप्रयोगों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विशेषज्ञता रखती हैं। यह सत्र अत्यधिक जानकारीपूर्ण और व्यापक था, जिसमें शिक्षण पद्धतियों को बदलने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका के बारे में गहन जानकारी प्रदान की गई। लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट के निदेशक डॉ. जावेद आलम खान ने शिक्षा में व्यावसायिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। डॉ. खान ने छात्रों की सहभागिता, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बेहतर ढंग से बढ़ावा देने के लिए एआई-संचालित उपकरणों और रणनीतियों को अपनाने के महत्व पर भी ज़ोर दिया।

## हिन्दी दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवयुग कन्या महाविद्यालय के हिन्दी विभाग ने हिन्दी: एक सांस्कृतिक और भाषाई यात्रा विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दी भाषा के सांस्कृतिक और भाषाई महत्व को उजागर करना था।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन 2.22 लाख से अधिक वादों का निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय डॉ. बाल मुकुन्द द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,22,148 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें फौजदारी के 13,338, पारिवारिक न्यायालय के 89, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उत्तरी के 304, दक्षिणी के 131, भूमि अधिग्रहण के 09, ईसी एक्ट के 528, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के 5,717, रेलवे मजिस्ट्रेट के 2,360, ट्रैफिक से जुड़े 1,624 वर्चुअल कोर्ट वाद तथा राजस्व न्यायालयों के 1,25,000 वाद शामिल रहे।परिवार न्यायालय में आपसी सुलह समझौते से 12 जोड़ो को पुनः साथ रहने के लिए राजी कराया गया, जहां उन्होंने एक-दूसरे को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर नया जीवन शुरू किया। इसके अतिरिक्त बैंक प्री-लिटिगेशन के 1,872 मामलों का भी निस्तारण हुआ।लोक अदालत का सफल संचालन नोडल अधिकारी/एडीजे रविकान्त-द्वितीय के निर्देशन और सचिव/एडीजे दिनेश कुमार गौतम के सहयोग से किया गया।

## आप सांसद संजय सिंह ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में वेतन किया दान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अरविंद केजरीवाल की अपील पर संजय सिंह ने पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को दो लाख रुपए का चेक सौंपानई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए अपने एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष में दान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अपील पर अमल करते हुए संजय सिंह ने पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को दो लाख रुपए का चेक सौंपा। इससे पार्टी का बाढ़ पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का संकल्प और मजबूत हुआ है। संजय सिंह ने हरपाल सिंह चीमा को चेक सौंपते हुए एक्स पर तस्वीर साझा कर कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अपील पर एक महीने का वेतन यानी दो लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह



चीमा को सौंपा।इससे पहले, राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता ने 25 लाख रुपये, डॉ. संदीप पाठक ने पांच करोड़ रुपये, हरभजन सिंह ने 50 लाख रुपये और डॉ. अशोक मित्तल ने 20 लाख रुपये अपने-अपने सांसद निधि से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास कार्य के लिए देने की घोषणा की थी। पार्टी ने यह भी ऐलान किया है कि दिल्ली, गुजरात, कश्मीर, गोवा और अन्य राज्यों के सभी सांसद और विधायक अपने एक महीने का वेतन पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करेंगे। पंजाब में बाढ़ आने से भारी नुकसान झेलने वाले परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने उन 43 परिवारों के एक-एक सदस्य को लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में स्थायी नौकरी देने की घोषणा की, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।

## रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य का बहिष्कार

**जिला विद्यालय निरीक्षक पर लगाया फॉर्म 16 के लिए धन उगाही का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आईटी चौराहे पर स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने आम आदमी पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार को फॉर्म 16 न मिलने पर शिक्षण कार्य का बहिष्कार किया और जमकर नारेबाजी की। शिक्षकों ने डीआईओएस पर फॉर्म 16 के बहाने धन उगाही का आरोप लगाया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक 13 सितंबर तक फॉर्म 16 नहीं दिया गया है, जबकि आईटीआर भरने की अंतिम तारीख 15 सितंबर है। माध्यमिक शिक्षा विभाग का लिखित आदेश है कि पूरे प्रदेश में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फॉर्म 16 शिक्षकों



को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग के आदेशों को जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ द्वारा ठेंगा दिखा जा रहा है। फॉर्म 16 न मिलने के कारण शिक्षक आईटीआर नहीं भर पा रहे हैं, इनकम टैक्स रिटर्न न भर पाने के स्थिति में आयकर विभाग द्वारा प्रति शिक्षक 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया जाएगा। फॉर्म 16 न मिलने से और आईटीआर न भर पाने की वजह से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि डीआईओएस फॉर्म 16 के लिए शिक्षकों से धन उगाही कर रहे हैं, जिन शिक्षकों ने पैसा नहीं दिया उनके फॉर्म 16 नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के कई ऐसे विद्यालय है जहां शिक्षकों को फॉर्म 16 उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक की इस कार्यशैली से समस्त शिक्षकों में नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों के साथ आम आदमी पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने मांग की है कि तत्काल सभी शिक्षक /कर्मचारियों को फॉर्म 16 उपलब्ध कराया जाए और दोषी अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए। शिक्षण कार्य बहिष्कार में राजीव गुप्ता, रामशंकर, संध्या शर्मा, मनोज कुमार, राजीव तिवारी, राजेश वर्मा, ज्ञानोदय कुमार, रचना, अनुपमा सोनकर, माया टुन्नु, धीरेंद्र कुमार, राम लाल, इंकलेश यादव, विकास सिंह, पूनम गुप्ता, किरण लता, राघवेंद्र सिंह, विप्लव चौधरी, भगवती सागर सहित कई शिक्षक कर्मचारी शामिल हुए।

## ग्राम न्यायालय के दण्डाधिकारी ने लोक अदालत में निस्तारण किये दर्जनों से अधिक मामले



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। शनिवार को तहसील कोरांव में स्थापित ग्राम न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें दण्डाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने लगभग बीस मामलो का निस्तारण किया । लोक अदालत के दौरान कुछ मुकदमे ऐसे रहे जिसमें वादी प्रतिवादी हाजिर ही नहीं हुए जिसका निर्णय हो सका । इस बाबत ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अभयदीप विश्वकर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ग्राम न्यायालय भले ही स्थापित हो गए हैं किन्तु लोक अदालत के लिए लोगों को जागरूक करना हम सब के लिए आवश्यक । चुकी छोटे -छोटे मुकदमों को सुलझाने के लिए 70 से 80 किलोमीटर दूर जाकर फरियादियों को जाना पड़ता था अब वह उनके तहसील के ग्राम न्यायालय में ही निपटारा किया जा सकता है किन्तु उन्हें इसके प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है।इस मौके पर बार एसोसिएशन कोराव के अध्यक्ष राम बहादुर सिह , रणजीत सिंह , राहुल सिह , अवनिश त्रिपाठी। सुरेंद्र कुमार अजय मिश्र समेत अन्य स्टाफ रहा

## तालाब से पानी चलाने के खुन्नस को लेकर मनबढ़ ने युवक के पेट में मारा चाकू

गोरखपुर। थाना क्षेत्र हरपुर बुदहट के ग्राम पंचायत कटाई टिकर में तालाब से पानी चलाने के विवाद को लेकर मनबढ ने युवक के पेट में चाकू घोंपकर घायल करने का आरोप लगाया है।थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई टिकर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र स्व मिठाई लाल बेल्दार ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते पांच सितंबर को हमने गांव में स्थित एक तालाब से अपने धान के खेत में पानी चला लिया था, उसी बात को लेकर बीते 12 सितंबर को शाम पांच बजे के करीब मैं खेत की तरफ जा रहे थे कि रास्ते में घेर कर राजनाथ गौड़ पुत्र बाबू लाल गौड़ भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जेब से चाकू निकाल कर मेरे पेट में घोंप दिया जिससे मैं बेहोश हो कर गिर पड़ा। सूचना पर स्वजनों ने अस्पताल ले गया, जहां इलाज चल रहा है।

## यूपीएसआईएफएस ने किया कवि सम्मेलन से हिन्दी दिवस का स्वागत

**साहित्य और कला से न जुड़ने वाला व्यक्ति अधुरा : डॉ जी.के. गोस्वामी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइन्स, लखनऊ में हिन्दी दिवस के पूर्व संध्या पर उ0प्रध भाषा संस्थान एवं लोकायतन के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी एवं विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ हरिओम थे द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, संस्थान के निदेशक डॉ जीके गोस्वामी (आईपीएस), विशिष्ठ डॉ हरिओम, (आईएएस), लोकायतन अध्यक्षा डॉ मालविका हरिओम, उप निदेशक श्री



चिरंजीब मुखर्जी एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री अतुल यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया द्य इस अवसर पर निदेशक डॉ गोस्वामी ने समस्त आमंत्रित कवि अतिथियों को संस्थान कि तरफ से अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया ।इस अवसर पर निदेशक डॉ गोस्वामी जी ने कहा कि साहित्य ही समाज का दर्पण है। साहित्य समाज को जोड़ता है। यदि कोई व्यक्ति साहित्य और कला से नही जुड़ा है तो वह अधूरा है। । उन्होंने एक रचना कोट करते हुए कहा कि ‍मुश्किलें तो रास्ते का हुस्न हैं, कैसे कोई राह चलना छोड़ दे‍ जिंदगी में समस्याओ का आना जाना तो लगा ही रहेगा लेकिन इसी में हमें जीने के सलीको को भी ढूढना होगा तभी जीवन सफल होगा ॰विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ हरिओम ने हिंदी दिवस के अवसर पर अपनी ग़ज़ल ‍मैं तेरे प्यार का मारा हुआ हूँ ,सिकंदर हूँ मगर हारा हुआ हूँ ।‍ को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया ॰ इस गजल ने श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर लिया, सभागार पूरे समय श्रोताओं के तालियों से गूँजता रहा। डॉ हरिओम ने सभागार में नई पीढ़ी को अपने प्रेरणामयी शब्दों से भी संबोधित किया ॰लोकप्रिय कवियित्री एवं लोकायतन संस्था की अध्यक्षा डॉ मालविका हरिओम ने हिन्दी दिवस के पूर्व संध्या पर ‍हिन्दी का परचम हमको लहराना है दुनिया-भर में इसका अलख जगाना है, इसको जन-जन के मन तक पहुँचाना है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 06.10.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 09802025 दिनांक 12.09.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 17-DEN-V-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | बीसीएम द्वारा डीप स्क्रीनिंग के लिए पूर्व और पश्चात् ध्यान कार्य, टर्न आउट और प्लेन ट्रैक की मैनुअल डीप स्क्रीनिंग, मशीन के साथ टी/आउट टैम्पिंग के दौरान पूर्व और पश्चात ध्यान कार्य और लखनऊ मंडल पर अन्य संबद्ध कार्य। (दोहरी पैकेट प्रणाली) |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 13,13,85,996.62 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 8,06,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.09.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.10.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2799/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सेवा पखवाड़ा के दौरान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच निगोहा मंडल में होंगी कई गतिविधियां

## मंडल अध्यक्ष ललित सिंह के नेतृत्व में 17 को रक्तदान शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। निगोहां स्थित मंडल कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष ललित सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला मंत्री रामलाल वर्मा और सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यशाला में शामिल हुए , कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने किया । सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगा । सेवा पखवाड़े के प्रथम दिन 17 सितम्बर को रक्तदान और स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अन्य दिनों में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलेगा, दौरान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह,




पूर्व मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेई, मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा, प्रांशु चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता राजाराम वर्मा, सज्जन सिंह, मनोज वर्मा, मनोज त्रिवेदी, अरूण सिंह समेत विभिन्न गांवों के भाजपा बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# मिशनशक्ति अभियान के अंतर्गत कैरियर ग्लोबल स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । शनिवार को बख्शी का तालाब स्थित कैरियर ग्लोबल स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनकी सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना था।महिला थाना इंचार्ज लखनऊ द्वितीय ने छात्राओं को गुडटच और बैडटच के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आपातकालीन परिस्थितियों में डरने के बजाय साहस के साथ उनका सामना करने के लिए प्रेरित किया।साथ ही,उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपायों और सावधानियों के बारे में बताया।महिला थाना की सब इंस्पेक्टर ने भी अपना संबोधन दिया,जिसमें उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व और आपातकालीन स्थिति में त्वरित निर्णय लेने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक उमाकांत यादव ने







उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित किया।महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि साहस और जागरूकता ही महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत है। इसके अतिरिक्त,कार्यक्रम में महिला थाना इंचार्ज ने स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सुश्री अंशिका सिंह,कोऑर्डिनेटर सुश्री आरती यादव,इंचार्ज सुश्री शिवानी मिश्रा,अकाउंटेंट सुश्री चौहान सहित अन्य सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया।यह आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया,जो समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कैरियर ग्लोबल स्कूल के प्रधानाचार्य ने इस आयोजन के लिए महिला थाना इंचार्ज,सब इंस्पेक्टर और उनकी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई,ताकि समाज में सुरक्षा और सशक्तिकरण को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।

# बीकेटी में बिजली विभाग की लापरवाही से हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से बालिका झुलसी, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना एक नौ वर्षीय बालिका के साथ उसके फूफा के घर घटित हुई,बालिका छत पर कपड़े उतारने गई थी और उसी दौरान छत के ऊपर से गुजरी ग्यारह हज़ार वोल्टेज की हाईटेंशन की चपेट में आ गई और जब तक परिजन पहुंचते तब बालिका बुरी तरह झुलस चुकी थी,ईलाज के लिए परिजन तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गए लेकिन हालात ज्यादा गंभीर होने पर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई थी।बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत रुदही निवासी सुशील कुमार पांडेय की पुत्री रंजना पांडे ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरी ममेरी बहन श्रष्टि तिवारी(9)पुत्री राजेश तिवारी निवासी ग्राम-टिठाई,थाना अतरौली,जनपद हरदोई को लगभग चार माह पूर्व मेरे मामा घर पर पढ़ाई के लिए छोड़ गए





**मौजूदा सभासद ने भी घटना से पूर्व हाईटेंशन लाईन को शिफ्ट करने को लेकर लिखा था पत्र**

थे कुछ दिन पूर्व मैं उसका बख्शी का तालाब इंटर कालेज में दाखिला के लिए एडमिशन फ़ॉर्म भी ले आई थी,लेकिन किन्ही कारणवश उसका एडमिशन नहीं हो पाया था जिससे वह घर पर ही पढ़ाई कर रही थी।शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे वह छत पर वह कपड़े उतारने गई थी तभी हाईटेंशन लाईन की चपेट में आ गई और उसके दोनों पैर व एक हाथ बुरी तरह झुलस गया था,जिसके बाद परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए जहां हालत ज्यादा गंभीर होने पर लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया था,जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई थी।घटना स्थल पर रंजना पांडे ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि छत के ऊपर से गुजरी ग्यारह हज़ार वोल्टेज की हाईटेंशन लाईन को मकान के ऊपर से हटवाकर अन्य जगह शिफ्ट करने करने को लेकर कई बार मैने और आसपास के अन्य लोगों ने एक्सईएन,एसडीओ बीकेटी,जेई बीकेटी सहित अन्य बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया,एसडीओ बीकेटी और जेई ने तो सीधे सीधे मना कर दिया था कि कुछ भी हो लाईन शिफ्ट नही होगी,उन्होंने कहा कि घटना के लगभग पांच घंटे से ज्यादा हो चुके है लेकिन अभी तक बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी मौक़े पर स्थलीय निरीक्षण करने नहीं आया है,प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा से मांग करता हूं कि इन लापरवाह अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही कर जल्द से जल्द निलंबित किया जाए जिससे इन लापरवाहों के कारण ऐसी घटना दुबारा किसी अन्य के साथ न हो।रंजना पांडे ने थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह को लिखित तहरीर देते हुए बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्जकर कठोर कार्यवाही की मांग किया है।

# राष्ट्र को समर्पित होता है स्वयंसेवक का संपूर्ण जीवन : ब्रजेश पाठक

## डॉ मनीष शुक्ल के उपन्यास 'मैं स्वयंसेवक' व श्रीधर अग्निहोत्री की किताब 'अनसुने सितारे' का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 22वें राष्ट्रीय पुस्तक मेला में साहित्यकार- पत्रकार डॉ मनीष शुक्ल के उपन्यास 'मैं स्वयंसेवक' पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वयंसेवक का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित होता है। मानव सेवा ही उसका अंतिम लक्ष्य है। स्वयंसेवक के ऐसे ही संस्कारों का इस पुस्तक में वर्णन है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार श्रीधर अग्निहोत्री की किताब अनसुने सितारे का भी लोकार्पण किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयंसेवक का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा को समर्पित होता है। वह कठिन से कठिन परिस्थिति में राष्ट्रसेवा में तत्पर रहता है। वह राष्ट्र निर्माण में निस्वार्थ भाव से जुटा रहता है। ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीशचंद्र मिश्र ने मैं स्वयंसेवक




को पिछले चार दशकों के राजनीतिक सामाजिक घटनाओं का दस्तावेज़ बताया। इस पुस्तक का काल खंड जन जागरण और नव भारत के निर्माण का है। जिसमें प्रत्येक नागरिक की भूमिका है। पुस्तक के लेखक डॉ मनीष ने कहा कि मैं स्वयंसेवक उपन्यास राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की कहानी है। यह किताब देश के सभी नागरिकों को एकसूत्र में पिरोती है फिर वो किसी जाति, धर्म का हो।

अनसुने सितारे पुस्तक के लेखक श्रीधर ने बताया कि फिल्म जगत में अनेकों कलाकार आते हैं जाते हैं। कुछ अपनी फिल्मों से अमर हो जाते हैं तो कुछ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद अनसुने रह जाते हैं। यह पुस्तक ऐसे ही फिल्मों के सितारों के विषय में है। कार्यक्रम में लेखक, निर्देशक चंद्रभूषण सिंह, साहित्यकार रेणु मिश्रा, अलका प्रमोद, जरीन अंसारी, मेला आयोजक मनोज चंदेल ने विचार प्रकट किए। संचालन शिखा मल्होत्रा ने किया।

# ट्रैफ़िक पुलिस ने मात्र एक घण्टे में युवक का खोया बैग खोज निकाला

**बैग खोजने में टीआई दुबग्गा उदय प्रताप सिंह, थाना दुबग्गा एस आई शिवराज सिंह की रही अहम भूमिका**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के दुबग्गा टीआई उदय प्रताप सिंह ने युवक का खोया बैग कराया वापिस।आपको बता दें कि दुबग्गा निवासी हेमंत कुमार पाठक अपने पिता की दवाई लेकर जा रहे थे दुबग्गा अपने घर।वहीं दुबग्गा में ई रिक्शा पर बैग छूट गया था।पीड़ित युवक हेमंत ने बैग खोने की सूचना दी थी दुबग्गा टीआई उदय प्रताप सिंह को।सूचना मिलते ही ट्रैफ़िक पुलिस हुई एक्टिव।एसीपी ट्रैफ़िक राधा रमन सिंह के निर्देशन में काम कर रहे टीआई उदय प्रताप सिंह ने मामले को लिया संज्ञान।एक घंटे की काफी मशक्कत के बाद युवक का बैग को खोज निकाला।टीआई उदय प्रताप



सिंह अपनी टीम के साथ युवक का खोया बैग खोज कर किया युवक को सुपुर्द।युवक के बैग में थे एक लेपटॉप , जरूरी कागजात और 4000 रुपये।बैग को पाकर युवक के चेहरे पर आई मुस्कान , टीआई उदय प्रताप सिंह , टीएसआई आलोक सिंह की टीम , टीआई चौक जमानत अब्बास और थाना दुबग्गा पर तैनात एस आई शिवराज सिंह को धन्यवाद अदा किया।

# हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। क्षेत्र के स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक सांईसेज में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान और लोकायतन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। डॉ. गोस्वामी ने आमंत्रित कवियों को अंगवस्त्रऔर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि व्यक्ति का साहित्य और कला से जुड़ा होना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. हरिओम ने अपनी मशहूर गजल ''मैं तेरे प्यार का मारा हुआ हूँ'' से



श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकायतन की अध्यक्षा डॉ. मालविका हरिओम ने हिंदी को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने का संदेश दिया और समय के बदलते स्वरूप पर कटाक्ष प्रस्तुत किया। हास्यकवि सर्वेश अस्थाना ने अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। बदायूं से आईं कवियित्री डॉ. सोनरूपा ने प्रेम और मानवता का संदेश दिया। बाराबंकी के कवि प्रियांशु गजेन्द्र ने जीवन के उतार-चढ़ाव पर कविता सुनाई। जनसंपर्क अधिकारी संतोष 'कौशिल' ने पारिवारिक मूल्यों पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। डॉ. पंकज प्रसून ने व्यंग्यात्मक कविता से आधुनिक समय के बदलते स्वरूप पर कटाक्ष किया। शाहबाज तालिब, कुलदीप कलश और युवा कवि अभिश्रेष तिवारी ने भी अपनी कविताओं से महफिल को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष 'कौशिल' ने किया जबकि समापन पर उप निदेशक चिरंजीब मुखर्जी ने आभार ज्ञापित किया। पूरा समारोह श्रोताओं की तालियों से गूँजता रहा।

# निगोहां में हुए सनी हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार, पहुंचे सलाखों के पीछे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र में हुए चर्चित सनी रावत हत्याकांड में पुलिस लगातार सक्रियता दिखा रही है। शनिवार को पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस तरह पांच दिन पहले हुई सनसनीखेज वारदात के सभी आरोपी पुलिस की पकड़ में आ चुके हैं।शनिवार को थाना प्रभारी अनुज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपित राजकपूर चौरसिया निवासी भद्दीखेड़ा और जयसिंह उर्फ कल्लू यादव निवासी कीर्तिखेड़ा मजरा कनकहा को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को थाने लाकर कड़ी पूछताछ की और विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी जीतू यादव के भाई देवेश



यादव उर्फ बोग्गा और साले संतोष यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं, मुख्य आरोपी और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर जीतू यादव ने पुलिस दबिश और गिरफ्तारी के दबाव में आकर गुरुवार को ही गुपचुप तरीके से एससी/एसटी कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।पूरे मामले की निगरानी एसीपी रजनीश वर्मा कर रहे हैं। उनके नेतृत्व और निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी की अगुवाई में गठित टीम लगातार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। पुलिस की सक्रियता और दबिश के चलते सभी आरोपियों का गिरफ्त में आना पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।पांच दिन पहले हुई इस वारदात में मृतक सनी रावत को लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा गया था और हत्या के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया था। घटना

**बीते पांच दिन में सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में पीड़ित परिवार ने जताई संतुष्टि**

के बाद से ही इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल बना हुआ था।पीड़ित परिवार ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताया है। परिवार का कहना है कि ह्लपुलिस ने हमारी पीड़ा को समझते हुए लगातार मेहनत की और सभी आरोपियों को जेल की सलाखों तक पहुंचाया।अब हमें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।वहीं, गांव के लोग भी इस कार्रवाई से राहत महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने जिस तरह तेजी से दबिश दी और आरोपियों को पकड़ा, उससे अपराधियों में खौफ पैदा हुआ है। लगातार हो रही गिरफ्तारियों के बाद अब गांव में लोग चैन की नींद सोने लगे हैं।

## इंस्पेक्टर व महिला दरोगा के खिलाफ कार्यवाईं ने लिए कोर्ट में लगाई अर्जी

लखनऊ । महिला वकील से अभद्रता करने के आरोप में महिला वकील द्वारा पुलिस अधिकारियों व आईजीआरएस पर की गई शिकायत पर सुनवाई न होने के बाद महिला वकील ने इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी व महिला दरोगा के खिलाफ जांच व कार्यवाईं में लिए कोर्ट में अर्जी लगाई है। पीड़िता का कहना है कि न्यायालय से उसे न्याय की पूरी उम्मीद है। पीड़ित महिला वकील बीनू राज ने बताया कि वह बीते एक सितबंर को एक केस के मामले में सुशान्त गोल्फ सिटी थाने गई थी। जहां मौजूद इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह व महिला दरोगा नेहा सिंह द्वारा उन्हें केस की डिटेल नही दिया गया। साथ ही उनसे अभद्रता की। पीड़ित महिला वकील ने थाने पर हुई उसके साथ अभद्रता की शिकायत उच्चाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल पर भी की लेकिन सुनवाई न होने पर महिला वकील ने कोर्ट में अर्जी दी है। पीड़िता वकील ने बताया 19 सितंबर को कोर्ट में सुनवाई की तारीख दी गई। पीड़िता ने बताया कि जिसका कोई नही सुनता है उसकी सुनवाई कोर्ट में होती है।

## विशाल वृक्षारोपण अभियान में रोपे गए सैकड़ों पौधे

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दाउदपुर सैयदपुर गौशाला में रविवार को विशाल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए नीम, पीपल और पाकड़ जैसे हरिसंकारी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। यह अभियान साई विकास सेवा समिति की पहल पर सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, लखनऊ के विद्यार्थियों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ों पौधे रोपे गए।

## बीकेटी के भड़सर में सपा बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन 15 को

बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बूथ अध्यक्षों का एक दिवसीय सम्मेलन 15 सितंबर को बीकेटी के भड़सर में होगा।उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत महोना के पूर्व चेयरमैन एन. इशरत बेग ने बताया कि समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए पहले ही बूथ कमेटियों का गठन कर चुकी है,सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर बूथ सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक बीकेटी में 15 सितंबर को ग्राम भडसर में प्रातः 11:00 से एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है,इसमें जोनल प्रभारी सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।बेग ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि सपा के प्रादेशिक महासचिव एवं विधायक अताउर्रहमान होंगे और सम्मेलन के आयोजक बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र यादव होंगे।इस एक दिवसीया बूथ सम्मेलन में मुख्य रूप से सांसद आरके चौधरी,पूर्व विधायक गोमती यादव,जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, महासचिव शब्बीर खान,सपा के प्रादेशिक सचिव दिनेश सिंह,प्रादेशिक सचिव विजय यादव,बीकेटी नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत,ब्लॉक प्रमुख चिनहट उषा सेन,पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत यादव,सपा के युवा नेता शिवेंद्र यादव हनी,विधानसभा अध्यक्ष अजय रावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे!

# एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां। नगर का प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल विद्यालय छात्रों की समग्र उन्नति हेतु अपने संकल्प के साथ निरंतर अग्रसर है। इसी क्रम में आज दिनांक 13 सितम्बर 2025 को विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपनी जिज्ञासा, अनुसंधान एवं नवाचार की प्रतिभा का परिचय देते हुए विविध विषयों पर माडल प्रस्तुत किये। इन मॉडलों में पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान, कृषि विज्ञान तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संबंधित नवीनतम प्रयोगों को दर्शाया गया। छात्रों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक सोच को देखकर उपस्थित अभिभावक, शिक्षकगण तथा समाज के गणमान्य जन अत्यंत प्रभावित हुए और सभी ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में छात्रों द्वारा बनाए गए सौर ऊर्जा पर आधारित उपकरण, अंतरिक्ष यान के नमूने, जल संरक्षण प्रणाली तथा आधुनिक खेती के तकनीकी उपायों को दर्शाने वाले मॉडल रहे, जिन्हें देखकर सभी ने छात्रों की वैज्ञानिक दृष्टि और परिश्रम की सराहना की।

विद्यालय के डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों की प्रतिभा और नवाचार भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विज्ञान ही प्रगति का आधार है और ऐसे आयोजन छात्रों को भविष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त अध्यापकों की सराहना की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने अपने उद्बोधन में छात्रों से संवाद करते हुए आधुनिक जीवन में विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही जीवन को सरल, सुरक्षित और सार्थक बनाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अध्यापकों, कर्मचारियों और अभिभावकों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापन किया।

एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में आयोजित इस विज्ञान प्रदर्शनी ने छात्रों के ज्ञान, कौशल और अनुसंधान क्षमता को नई दिशा दी तथा समाज को विज्ञान की महत्ता से अवगत कराया।

# केवानी नदी में पानी बढ़ने से किसानों के माथे पर खिंची चिंता की लकीरें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ग्रामीणों ने की पुल के उत्तरी किनारों पर पुल से बंधा बनवाये जाने की मांग।

बिसवां (सीतापुर)। लगातार बैराजों से पानी छोड़े जाने और क्षेत्र में बारिश होने से केवानी नदी के जल स्तर में वृद्धि हो गई है। जहांगीराबाद पुल के निकट नदी का पानी नदी से निकलकर गांव की ओर बढ़ रहा है जिससे किसानों तथा ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें खिचनी शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को नदी का पानी दुबघटिया तालाब में भरकर किसानों के खेतों में होकर हौदा तालाब में पहुंच गया है। अगर इसी प्रकार पानी का बढ़ना जारी रहा तो जल्द ही डुबका तालाब में पहुंच कर गांव के किनारे पहुंच सकता है। पानी भर जाने से धान की सैकड़ों बीघा फसल को भारी नुकसान होने की संभावना है। नदी से लेकर गांव तक दर्जनों धान के खेतों में पानी भर गया है।दुबघटिया तालाब के पास पुलिया के निकट निकले रास्ते पर गांठ गांठ पानी भर गया है जिसके और बढ़ने की आशंका है। किसानों को चिंता है कि गत वर्षों में जब जब ज्यादा मात्रा में केवानी नदी में पानी छोड़ा गया है तब तब काफी दिनों तक गांव के किनारे के सभी खेत महीनों पानी में डूबे रहे थे। किसानों का कहना है कि अगर इस बार भी ऐसा हुआ तो धान व मक्का की सारी फसल बर्बाद हो जायेगी। ग्रामीणों तथा किसानों की शासन प्रशासन से मांग है कि नदी के पुल के दोनों उत्तरी किनारों पर पुल से लेकर मजबूत ऊंचा बंधा बनवाये जायें जिससे लगभग प्रतिवर्ष होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

# मंडल सिधौली की कार्यशाला सम्पन्न, सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली/सीतापुर। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 13 सितम्बर 2025 को मंडल सिधौली में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पुष्कर गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय एवं जिला संयोजक आईटी सेल अतुल तिवारी रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी ओमप्रकाश मिश्र, रामनरायण सिंह, मंडल महामंत्री उपेंद्र त्रिपाठी, दुर्गेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, देवी दयाल राठौर, आदित्य त्रिपाठी, नीरज सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, संजय कनौडिया, युवा मोर्चा से आलोक त्रिपाठी, शिवनारायण अवस्थी, अमित रस्तोगी, अभिनव सिंह लकी, हरिओम शुक्ल, आरती रावत, नीलम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, सेवा कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सेवा ही संगठन की पहचान है और प्रत्येक कार्यकर्ता को टीम भावना के साथ समाज हित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बूथ अध्यक्ष अमित रस्तोगी ने सभी भाजपा पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## लोक अदालत का भव्य आयोजन, 25 जोड़ों को किया गया विदा

औरैया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय औरैया, बाह्य न्यायालय बिधूना, राजस्व न्यायालयों तथा अन्य विभागों में न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय प्रयागराज प्रशासनिक न्यायमूर्ति सत्र संभाग औरैया जितेन्द्र कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं जनपद न्यायाधीश मयंक चौहान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर 25 विवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कर उन्हें विदा किया गया।

न्यायमूर्ति ने कहा कि न्याय सब तक समान रूप से पहुँचना चाहिए और लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सिन्हा और जनपद न्यायाधीश चौहान ने बैंकों के पंडालों व न्यायालयों का निरीक्षण भी किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 21,304 वादों का निस्तारण हुआ। इसमें 15,123,202 रुपये ऋण, 163,048 रुपये अर्थदंड तथा 28,815,629 रुपये का प्रतिकर प्रदान किया गया।

# सरोजनी नगर, धौरहरा में बिजली संकट गहराया: एक साल से परेशान जनता ने एसडीओ को सौंपी शिकायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, खीरी । सरोजनी नगर, धौरहरा के निवासियों ने बिजली व्यवस्था में लगातार आ रही समस्याओं को लेकर उप-मंडल अधिकारी, विद्युत उप-मंडल, धौरहरा को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में बताया गया है कि क्षेत्र में पिछले एक वर्ष से ट्रांसफार्मर खराब होने और बिजली के तारों के बार-बार टूटने की समस्याएं बनी हुई हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और लाइनमैनों से संपर्क किया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, समाधान नहीं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी कहा कि उनकी कॉल्स को अनदेखा कर दिया जाता है और जब वे व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों से मिलने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें मिलने नहीं दिया जाता। दस्तावेज़ में संबंधित अधिकारी से आग्रह किया गया है कि वह मामले का संज्ञान लें और शीघ्र अति शीघ्र क्षेत्र की बिजली समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।ग ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## भारतीय भाषा समागम) शिक्षा में भारतीय मूल्यों को शामिल करना समय की आवश्यकता: नीलकंठ तिवारी

वाराणसी। विधायक नीलकंठ तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद अनेक आंदोलनों और बलिदानों से लोकतंत्र और शांति की नींव पड़ी। समाजहित में कार्य करने वालों का सम्मान करना आज भी हमारी जिम्मेदारी है। अन्य देशों की तरह भारत को भी अपनी जड़ों और सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत करना होगा। शिक्षा में भारतीय मूल्यों को शामिल करना समय की आवश्यकता है। शहर दक्षिणी के विधायक नीलकंठ तिवारी शनिवार को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी काशी (वाराणसी) में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में भारतीय भाषा समागम 2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस समागम का आयोजन हिंदुस्थान समाचार समूह की ओर से किया गया। इस वर्ष का विषय ल्लपंच प्रण : स्वभाषा और विकसित भारत रहा।

# केशवापुर कला में पोषाहार योजना बनी 'कमाई का जरिया', आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर फर्जीवाड़े और शोषण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी । खीरी जिले के धौरहरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवापुर कला में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में नये खुलासे ने पोषाहार योजना की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रंजना वर्मा पर बीते चार वर्षों से नये-नये तरीकों से पोषाहार में घोटाला करने और लाभार्थियों के साथ शोषण का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कार्यकर्ता द्वारा फर्जी रजिस्टर तैयार कर नये दस्तावेजों में पोषाहार वितरण दर्शाया जाता है, जबकि वास्तविक लाभार्थी योजना से वंचित रह जाते हैं। पुराने फोटो का उपयोग कर नये सिरे से लाभार्थियों के अंगूठे जबरन लगवाए जाते हैं, ताकि कागजी खानापूर्ति पूरी हो सके।

इतना ही नहीं, कार्यकर्ता के पति, जो कि ग्राम रोजगार सेवक (क्ट्ट) हैं, अपने पद का नये तरीके से दुरुपयोग करते हुए ग्रामीणों को चुप कराने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने वालों को नये-नये बहानों और धमकियों से डराया जाता है, जिससे अधिकांश लोग चुप रह जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित कार्य करती को तत्काल सेवा से मुक्त कर नये पदस्थापन से पहले सख्त जांच कराई जाए। साथ ही, आंगनबाड़ी योजनाओं में नये स्तर की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की अपील भी की गई है, ताकि योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचे। जब इस पूरे प्रकरण पर बीडीओ धौरहरा से जानकारी लेने की कोशिश की गई, तो उन्होंने मामले से अनभिज्ञ होने का नया दावा किया, जबकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ग्रामीण उन्हें पोषाहार घोटाले की शिकायत करते स्पष्ट देखे जा सकते हैं ।

# सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने बार्डर पहुंचे सशस्त्र सीमा बल के डीआईजी:अनिल कुमार शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीफंटा/लखीमपुर खीरी। नेपाल में हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शन और तख्तापलट के हालातों के बीच भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा था और केपी शर्मा ओली जान बचाकर देश छोड़ने को मजबूर हुए थे। इस उथल-पुथल के बाद अराजक तत्वों के भारतीय सीमा में प्रवेश की आशंका को देखते हुए इंडो-नेपाल बार्डर गौरीफंटा पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे।

इसी क्रम में शनिवार को सशस्त्र सीमा बल (ट्टद्दड्ड) के डीआईजी अनिल कुमार शर्मा इंडो-नेपाल सीमा पर पहुंचे। उनके साथ कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। सूत्रों के मुताबिक नेपाल की बिगड़ती हालातों को देखते हुए सीमा पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। एसएसबी के जवान चौकसी बढ़ाते हुए हर आने-जाने वाले पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। डीआईजी अनिल कुमार शर्मा ने जवानों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाए। नेपाल की नाजुक स्थिति को देखते हुए गौरीफंटा बार्डर पर तैनात सुरक्षाबल पूरी तरह मुस्तैद हैं।

## सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने कोतवाली नगर सीतापुर में सुनी शिकायतें

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कोतवाली नगर सीतापुर में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाएं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास, तहसीलदार सदर डॉ अतुल सेन सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधीक्षण अभियंता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधीक्षण अभियंता, सिंचाई कार्य मंडल सीतापुर नीलेश कुमार जैन ने ग्राम लखनीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। श्री जैन ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को तीव्रगति से कटान रोधी कार्य कराने हेतु निर्देशित भी किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल ने बताया कि आज दिनांकः- 13.09.2025 को शारदा नदी का जलस्तर 134.30 मीटर है जो कि खतरे निशान से 19 सेमी0 नीचे है, घाघरा नदी का जलस्तर 135.20 मीटर है जो कि खतरे के निशान से 158 सेमी0 नीचे है। उन्होंने बताया कि ग्राम लखनीपुर में कटान को रोकने के लिए नायलॉन क्रेट, गेबियान रोप केस एवं बम्बू क्रेट में आर0बी0एम0 से भरी ई0सी0 बैग भरकर नदी के किनारे फ्लड फाइटिंग का कार्य कराया जा रहा है, जिससे ग्राम लखनीपुर में कटान रूका हुआ है।

# हिन्दी दिवस पर प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इण्डिया हुई संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) । हिन्दी दिवस पर प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में वर्तमान परिवेश में हिन्दी की दशा,दिशा और प्रिन्ट मीडिया की भूमिका विषयक नगर पालिका सभागार परिचर्चा कार्यक्रम कार्यकारी अध्यक्ष कामता सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में हुआ।जिसमें वक्ताओं ने हिन्दी की दशा और दिशा पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी,पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू,पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी व मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अमन गिरि ने कहा कि हिन्दी की दशा में अग्रेजी के बढ़ते प्रभाव और भाषागत अशुद्धियों की चुनौती है, लेकिन इसका भविष्य सकारात्मक हैं क्योंकि यह एक वैश्विक भाषा के रूप में विकसित हों रही हैं और युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं,खासकर सोशल मीडिया और इंटरनेट के कारण। प्रिंट मीडिया ने हमेशा हिन्दी के विकास में अहम भूमिका निभाई हैं,स्वतंत्रता संग्राम से लेकर समसामयिक पत्रकारिता तक, गहन विश्लेषण और जनसंचार में इसका योगदान महत्वपूर्ण हैं।एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी ने हिंदी अपनी वैश्विक पहचान और क्षमता के साथ आगे बढ़ रही हैं,लेकिन भारत में इसका वास्तविक स्थान पाने के लिए नागरिक और सरकारी स्तर पर सचेत प्रयासों की आवश्यकता हैं।हमारी भावी पीढ़ी के संस्कार बदल रहें हैं। इसके लिए बच्चों को मोबाइल, टीवी के बजाय हिन्दी की पुस्तकों की ओर बढाना अत्यंत जरूरी हैं।पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि आज हमारी सबसे बड़ी कमजोरी यह हैं कि हम हिंदी को बड़े हल्के में ले लेते हैं,इसे गंभीरता से लेने की जरूरत हैं।हिंदी के प्रसार में सिनेमा की अहम भूमिका रही हैं।पूर्व की फिल्मों को देखें तो कुछ किरदार ऐसे थे जैसे हिंदी के राजदूत की भूमिका निभा रहें हों।मुख्य वक्ता श्रीकांत सिंह ने कहा कि व्यवस्थाएं बदलीं हैं, संसाधन बदले हैं तो हिन्दी की जिम्मेदारियां भी बढीं हैं।काफी कुछ बदलाव भी हुआ हैं। खासकर सोशल मीडिया के युग में प्रिंट मीडिया की महत्ता कहने को भले ही घटी हैं,लेकिन देखा जाए तो इसकी उपयोगिता नहीं घटी हैं,बल्कि जिम्मेदारियां बढ़ी हैं।इन्हीं के साथ हिन्दी पत्र और पत्रकारिता के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां भी सामने खड़ी हुईं हैं। गोष्ठी को महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रो0 रामअवतार विश्वकर्मा,डा0 सौरभ दीक्षित,डा0 प्रमोद दीक्षित,केके शुक्ला,अभिषेक राजपूत आदि ने सम्बोधित किया।अन्त में कार्यकारी अध्यक्ष कामता सिंह कुशवाहा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संगठन के सदस्य मूलचंद भारद्वाज,महासचिव मन्दीप कुमार वर्मा,तहसील अध्यक्ष करन सिंह राठौर, तहसील मंत्री सचिन शर्मा,राजेश कश्यप,सुनील श्रीवास्तव, सौरभ पाण्डेय,शुभम अग्निहोत्री, आशीष शुक्ला,डा0 योगेश कनौजिया,रामकुमार कश्यप, शमशाद खां,उमेश मिश्रा,अजेन्द्र सिंह, रफी अहमद,राजदीप शुक्ला,संजय वर्मा,सुनील गुप्ता, अनिल जायसवाल,उमेश शर्मा, अजय कुमार अग्निहोत्री, समाजसेवी अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस : थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें।

डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गलियों व सड़कों पर जिधऱ देखो उधर कूड़े का ढेर,संक्रमण फैलने का डर

**नगर पालिका के पास हर रोज शिकायतें आने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। नगरपालिका की लापरवाही से गलियों एवं सड़कों से कूड़ा नहीं उठ रहा है।सफाई के दावे चाहे जितना भी नगरपालिका परिषद कर लें सच्चाई यह है कि जिधर देखो उधर सड़क पर कूड़े से पट गया है। हर रोज लोगो के घरो से निकलने वाला कूड़ा लोग इसे सड़कों पर फेंक देते है। कहीं दोपहर तक तो कहीं कई-कई दिनों तक कूड़ा वैसे ही सड़क किनारे पड़ा रहता है। इससे बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियां होने का खतरा जहां बना हुआ है। वहीं बदबू से लोग परेशान है। गलियों एवं मोहल्लों में कूड़े की ढेर जिधर से गुजरें उधर ही कूड़ा पड़ा हुआ है।

नगरपालिका परिषद व जिम्मेदार अधिकारियों को सड़क पर पड़े कूड़े का देर नहीं दिखाई देता है,नगर पालिका के पास हर रोज शिकायतें आने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है एक पुरानी कहावत है कि शहर का मिजाज की झलक देखना हो तो वहां के चौक-चौरा हों को देख लीजिए। अगर अपने शहर गोण्डा देवीपाटन के परिप्रेक्ष में भी इस बात को देखा जाए तो गलत नहीं होगा।यकीनन,यहां के चौरा हों तिराहों पर नजर दौड़ा लेंगे तो पता चल जा एगा कि बाकी शहर की सूरत कैसी होगी...? असल में यहां अव्यवस्थित रहने की मानसिक ता से चौराहे-तिराहे भी नहीं उबर पाए हैं।कोई भी ऐसा चौराहा नहीं होगा जिसे देखकर यह लगे कि यह मंडल मुख्यालय का चौराहा है। कहीं अतिक्रमण तो कहीं टूटी सड़क या फिर गंदगी की व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रही है।आस पास के लोग व्यवस्था को कोसने के अलावा बाकी दूसरों पर छोड़ देते हैं।कभी किसी ने चौ राहे को लेकर न तो आंदोलन किया न ही कभी इसके पुनरोद्धार की पहल हुई।आइए,देखते हैं इन दिनों शहर के एक व्यस्ततम चौराहे पर गंद गी की बदबू से किस तरह जूझना पड़ रहा है कि इस रास्ते से गुजरना मुश्किल है।

### बड़गांव पुलिस चौकी झूलेलाल चौराहा

इस चौराहे की पहचान जिले में बड़गांव पुलिस चौकी झूलेलाल चौराहा के रूप में भी है जिस के बीचो बीच झूलेलाल सिंधी समाज के प्रमुख देवता की प्रतिमा लगाई गई है।कहने के लिए यह चौराहा शहर का सबसे बड़ा,व्यस्ततम और महत्वपूर्ण चौराहा है पर सबसे ज्यादा गंदगी की बदबू अव्यवस्था यहीं पर दिखती है।शहर के भीतर या बाहर कहीं जाना हो या फिर अयोध्या बहराइच,बलरामपुर, बिना इधर से गुजरे आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।इस चौराहे पर एक तीन मंजिला मिठाई की दुकान चौराहे पर स्थित है सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि यहां पर तरह–तरह की मिठाइयां बनाई जा रही हैं जो मिलावटी होती हैं। इस बात की तस्दीक है कि झूलेलाल चौराहे के पास पहुंचने पर वहां से उठ रही दुर्गंध से ही होती है।यहां भीषण गंदगी है और दुर्गन्ध के कारण नाक बंद करना पड़ता है,यही नहीं गुरु नानक चौराहे से लेकर मिश्रौलि या पुलिस चौकी तक सड़क के किनारे कूड़े के ढेर से सड़क पटी पड़ी हुई है जिससे कि रास्ता गुजरने वाले लोग नाक पर रूमाल रखकर कि सी निकलते है।किसी भी जगह पर कूड़ेदान न हीं रखा गया है।स्थिति यह है कि नाले कूड़े से पट गए है।पानी का बहाव नहीं होने से बारिश में नालों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है।गदंगी इस कदर फैल जाती है लोग बदबू से परेशान हो जाते हैं।नियम है कि हर रोज कूड़ा उठना चाहिए। लेकिन कूड़ा उठता नहीं है।पूरे बारिश में कूड़े की बदबू से लोग गुजरने से परहे ज करते है।लोग सभासदों से शिकायत तो कर ते हैं, लेकिन उनके कहने से भी कूड़े की उठान नहीं होती है।

### ऐसा दिखा कूड़े का नजारा

शनिवार को कूड़े का नजारा देखने शहर का भ्रमण किया गया। जहां कुष्ठ सेवा केंद्र बहराइच रोड,कृष्ण केयर हॉस्पिटल के सामने बहराइच रोड,आनंद समोसा पुलिया के पास लोग कूड़ा लाकर गिरा देते है।वही स्थानीय लोगों ने बता या कि कई दिन से ऐसे ही कूड़ा पड़ा है। कोई उठाने वाला नहीं है।

## छात्र पंचायत ने बीसीसीआई का फूंका पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन पर बीसीसीआई मुर्दाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबा द के नारे लगाते हुए बीसीसीआई का पुतला फूंका इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पां डे ने बताया कि कल भारत और पाकिस्तान का मैच होने जा रहा है इसी के विरोध में हम लोगों ने बीसीसीआई का पुतला फूंका है क्योंकि कुछ महीने पूर्व पहलगाम में आतंकी हमले में 26 नि र्दोष लोगों को मारा गया था जिसको लेकर सर कार के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर,महादेव डिजिटल स्ट्राइक की जा रही थी लेकिन अब पैसे के कार ण बीसीसीआई पाकिस्तान से मैच खेलने जा र ही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है हमें देश के एक ता का परिचय देते हुए अपने दुश्मन देश के सा थ मैच नहीं खेलना चाहिए व बीबीडी के छात्र नेता अमन यादव ने बताया कि देश के सैनिक बॉर्डर क्रॉस करके देश के लिए लड़ने जाते हैं और आज के जो खिलाड़ी हैं वह देश की सीमा क्रॉस करके पाकिस्तान दुश्मन से मैच खेलने जा रहे हैं यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है हमारी बीसी सीआई से रिक्वेस्ट है कि कल का मैच रद्द कि या जाए दुश्मन देश के साथ किसी प्रकार का कोई मैच नहीं खेला जाना चाहिए इस अवसर पर अधिवक्ता अमन बहादुर सिंह,प्रियांशु पांडे, हिमांशु कुमार ,अमन सिंह,आदित्य प्रताप सिंह, मुर्तुजाही लाल आदि कई लोग उपस्थित रहे।

## हिंसक वन्य जीव की खोज में भोपाल एवं बंगाल की विशेषज्ञ टीमों की ली जा रही है मदद

**वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं खोजी टीमें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । बहराइच वन प्रभाग, बहराइच के कैसरगंज रेंज अन्तर्गत 09 सितम्बर 2025 की रात्रि को ग्राम-परागपुरवा, पोस्ट-मझारा तौकती, थाना व तहसील-कैसरगंज एवं 11/12 सितम्बर 2025 की रात्रि लगभग 03:00 बजे ग्राम-भौरी, गजरा-बहोरवा, पोस्ट-मझारा तौकती, थाना-बोण्डी, तहसील-महसी में अज्ञात वन्य जीव द्वारा किये गये हमले के दृष्टिगत प्रभाग स्तर एवं उच्च स्तर से गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिवस/रात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही कर रही हैं।यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि भोपाल एवं बंगाल से दो विशेषज्ञ टीम को मय थर्मल ड्रोन के साथ बुलाया गया है जिनके द्वारा वन्य जीव सकियता वाले क्षेत्र में पहुँचकर हिंसक वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त एक अन्य ड्रोन कैमरे को चलाकर वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। गश्ती दलों द्वारा कैमरा ट्रैपस को संवेदनशील स्थलों पर स्थापित किया गया है। जिससे उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजा जा सके। वन्य जीव के हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।डीएफओ श्री यादव ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ वन्य जीव भेड़िया लिखा गया है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया है कि क्षेत्र में दिखाई देने वाला हिंसक जीव चितकबरा, धब्बेदार, लम्बी पूंछ वाला है जिसकी समानता तेंदुए (लेपर्ड) से मिलती जुलती है। उक्त के दृष्टिगत सम्भावित स्थानों पर 03 ट्रैपिंग केज लगाये गये हैं। गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की कार्यवाही की जा रही है। जन जागरूता टीमों द्वारा स्थानीय ग्रामीणजनों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक करते हुए ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्राम के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाही की जा रही है। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि गश्त की जा रही है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

### थाना खोराबार में हुई जनसुनवाई, समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

गोरखपुर। थाना खोराबार परिसर में आज 13 सितम्बर 2025 को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। बैठक में मजिस्ट्रेट, एसपी सिटी तथा सीओ सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। थाना प्रभारी इत्यानन्द की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक पहुँचे।जनसुनवाई के दौरान लोगों ने क्षेत्र में बढ़ते छोटे अपराध, गलीऽमोहल्लों में अंधेरा, आवारा पशुओं की समस्या, सड़क पर जलभराव और बिजली की अनियमित आपूर्ति जैसी शिकायतें रखीं। कई लोगों ने थाना क्षेत्र में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण की भी मांग की।अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जाएगा।

## विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों को मिला प्रशिक्षण

**दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। विकासखंड बलहा के राजकीय हाईस्कूल राजापुर कला में समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 12 और 13 सितंबर को किया गया। इसमें क्षेत्र के नौ राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के सदस्य शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार और मास्टर ट्रेनर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण से हुआ। विद्यालय की छात्राओं शहनाज, रोशनी, नेहा सिंह और दीपिका ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। प्रशिक्षण सत्र में संदर्भदाता डॉ. अजय कुमार वर्मा और प्रदीप श्रीवास्तव ने विद्यालय विकास की दिशा में विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालयों के समक्ष आने वाली चुनौतियों तथा उनके विभागीय एवं स्थानीय स्तर पर समाधान के उपायों पर भी चर्चा की। समापन सत्र में प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शिवकांत, विद्या प्रकाश, सुमन, किरण, मधु, शकुंतला, प्रदीप कुमार, संध्या कुमारी, सत्य प्रकाश, पुष्पेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, ओमपाल सहित विभिन्न विद्यालयों के एसएमडीसी सदस्य मौजूद रहे।

## हिंदी दिवस के पूर्व संध्या पर प्राथमिक विद्यालय बिरैचा में हुआ विशेष कार्यक्रम

**छात्रों ने निबंध, कविता, वाद विवाद प्रतियोगिता और कहानी लेखन में लिया हिस्सा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। घुघली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बिरैचा में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हिंदी निबंध, कविता, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद प्रतियोगिता और कहानी लेखन प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया।इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक यशवीर कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन का विशेष महत्व है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को केंद्र सरकार की आधिकारिक भाषा बनाने का निर्णय लिया था। 1953 से इसे हिंदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।शिक्षक डॉ धनंजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। देश में 70 प्रतिशत से अधिक लोग हिंदी बोलते हैं। विश्व स्तर पर हिंदी पहली और तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल है।सहायक अध्यापक अतुल कुमार मिश्र ने बच्चों को संबोधित किया और बताया कि महात्मा गांधी ने 1918 में हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी को जन-जन की भाषा कहा था। उन्होंने इसे राज्य भाषा का दर्ज़ा देने की वकालत की थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को राजभाषा का दर्ज़ा मिला है।गौरतलब है कि हिंदी दिवस के अलावा 10 जनवरी को हिंदी राष्ट्रीय दिवस भी मनाया जाता है।इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उत्साह बर्धन किया गया।

### थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों की हुई सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। उ.प्र. शासन के निर्देशानुसार शनिवार को कोतवाली नानपारा परिसर में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान क्षेत्र से आई विभिन्न शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना गया। कुल पाँच शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने की। उन्होंने राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जाँच कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला अपराध से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता देने और निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ताओं को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, एसडीएम ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शशि प्रताप सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी पूर्णेश नारायण पांडे समेत पुलिस टीम मौजूद रही।

## दिन दहाड़े जंगल में लकड़ी काटने गए पिता की हत्या, पुत्र घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। खरगूपुर कुंआना जंगल में लकड़ी काटने गए व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई और उसके बेटे को गंभीर रुप से घायल कर दिया गया।ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पुलिस को शव को दूसरे रास्ते से पोस्ट मार्टम के लिए भेजना पड़ा।थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवगढ़ के हृदयगंज चौराहा के रहने वाले गंगासागर विश्वकर्मा(65) अपने बेटे अनोखी लाल(45) के साथ घर से लगभग दो किलो मीटर दूर कुंआना जंगल में शनिवार को दिन में दस बजे सूखी लकड़ी काटने गए थे।जहां लक ड़ी काटते समय दो अज्ञात हमलावरों ने धार दार हथियार से दोनों पर हमला कर दिया।जिसमें गंगासागर की मौके पर मौत हो गई।वहीं बेटा अनोखी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में वह वहां से किसी तरह शोर मचाते हुए भाग कर जंगल से बाहर आया और घटना के बारें में स्वजन सहित आस पास के लोगों को बताया।जिस पर ग्रामीण घटनास्थ ल पर पहुंचते जब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे।घटना की जानकारी ग्राम प्रधान रमे श वर्मा ने पुलिस को दी।सूचना पर स्थानीय पु लिस सहित अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कु मार रावत,क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय के अतिरिक्त इटियाथोक,कर्नलगंज थाने क़ी पुलि स पहुंची।घटना के बावत लोगों से जानकारी की।फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का शाक्ष्य का संकलन किया।एसओजी टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल क़ी।दिनदहाड़े क्षेत्र में हु ई हत्या का विरोध जताते हुए ग्रामीणों ने खरगू पुर गांधी चबूतरा मार्ग पर हृदयगंज चौराहा के पास घंटों पुलिस के प्रति रोष व्यक्त करती रही।लेकिन पुलिस ग्रामीणों को घटनास्थल तक जाने नहीं दिया।पुलिस मृतक के स्वजनों से काफी देर तक मान मनौवल करती रही, लेकिन ग्रामीण नहीं माने।जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए दूसरे रास्ते से ले जाना पड़ा।शव को दूसरे रास्ते से ले जाने व स्वजनों को मृतक का चेहरा न दिखाने को लेकर भी ग्रामीणों ने रोड जाम कर पुलिस के वाहन को काफी देर तक रोक रखा।जिस पर पुलिस को अतिरिक्त फोर्स बुलाकर भीड़ को सड़क से हटाना पड़ा।प्रभारी थानाध्यक्ष सत्य नरायण यादव ने बताया कि मृतक के बेटे अलखराम की तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गोष्ठी में किसानों को दी गईं विभिन्न जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत स्थित अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी एफपीओ पर एनएफएल और आईपीएल कंप नी की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीईओ कुलदीप मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।दीन दयाल शोध संस्थान लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र गोपाल ग्राम के पशु वैज्ञानिक डॉ.अभिषेक मिश्रा ने किसानों को पशुओं से जुड़ी बीमारियों के बारे में जान कारी दी।आईपीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक विजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मिट्टी जांच कराकर उर्वर क का उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। एनएफएल के जिला प्रभारी अनिरुद्ध प्रिय ने किसानों से समुचित मात्रा में उर्वरक उपयोग करने के बारे में जानकारी दी।इस दौरान राम शरन मिश्रा,विष्णु उपाध्याय, विनोद पांडेय, मनीष तिवारी,मुकेश शुक्ला,संजय उपाध्याय, संदीप,गोलू,पवन तिवारी सहित तमाम लोग रहें।

## सीएमओ रश्मि वर्मा का शर्मनाक बयान: कहा एक बच्चा मर गया तो सब आ गए

**हजारों बच्चे जिंदा हैं, वहाँ जाकर लड्डू खाइए ना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ रश्मि वर्मा काफ़ी दिनों से भ्रष्टाचार का आरोप लग रहे है,और वह अब योगी सरकार को बद नाम करने के एक ऐसा शर्म नाक बयान दिया है,जिसको लेकर वह चर्चा में हैं गोंड़ा सीएमओरश्मि वर्मा ने दो नवजात बच्चों की मौत को ले कर एक शर्मनाक बयान दिया है जिसका वीडि यो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हों रहा है।पत्रकार वार्ता के दौरान सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा ने कहा- कि एक बच्चा मर गया तो उसके लिए सब लोग यहां पर आ गए... हजारों बच्चे जिंदा हैं,जाकर लड्डू खाइए ना। इस बयान की सोशल मीडिया पर लोग जमकर निंदा कर रहे हैं।लोग इसे अमानवीय और शर्मनाक बताते हुए सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और योगी सरकार को कोष रहे है दरअस ल गोंडा जिले में प्राइवेट नर्सिंग जो बिना पंजी करण के संचालित हो रहा था।यहां पर भर्ती दो नवजात बच्चों की मौत हो गई।

पहले मामले में इलाज का परिजनों को अस्पताल की ओर से 54,482 रुपए का कच्चा बिल दिया गया।वहीं दूसरे मामले में भी इलाज में लापरवाही का मा मला सामने आया था।जिसे लेकर गोंडा सीएम ओ ने जांच टीम भेजकर न्यू बॉर्न इंसेंटिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) वार्ड को सील करवा दिया था।वही एक ही हॉस्पिटल में एक घंटे के भीतर दो नवजात बच्चों की मौत से पूरे शहर के लोगों में आक्रोश था, लेकिन सीएमओ का विवादित बयान सुनकर लोगों का गुस्सा और बढ़ गया है, वही परिजनों और स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के अमानवीय शब्द किसी जिम्मे दा र अधिकारी को शोभा नहीं देता है।

पूरा मामला गोंडा स्थित नगर कोतवाली बहराइच रोडबीजेपी कार्यालय के पास का है।जहां पर अवै ध रूप से संचालित हो रहे न्यू बॉर्न इंसेंटिव केय र यूनिट (एनआईसीयू) में एक ही दिन एक घंटे के भीतर दो नवजातों की मौत हो गई।बड़गांव के सतईपुरवा निवासी मोहित कुमार ने बताया कि मेरी पत्नी की डिलीवरी थी।जिला महिला अस्पताल में लेकर आया था।जहां मेरी पत्नी को लड़का हुआ था अंदर जब मेरे बच्चे को चे क किया गया तो डॉक्टर परवेज इकबाल खान ने बताया कि बच्चा गंदा पानी पी लिया है।इस के बाद हमें एक व्यक्ति ने बताया जिसे मैं नहीं पहचानता हूँ,डॉ.परवेज इकबाल खान की हॉस्पिटल है वहां लेकर के जाओ बढ़िया हॉस्पि टल है बच्चा ठीक हो जाएगा।मरता क्या नहीं कर्ता इसके बाद मैं डॉक्टर परवेज इकबाल खा न के हॉस्पिटल में लेकर गया जहां, डॉ.परवेज इकबाल खान ने मेरे बच्चे को देखा उन्होंने क हा कि फीस जमा कर दो इसके बाद मैंने एक हजार रुपए फीस जमा कर दिया।लगातार बोल ते रहे कि बच्चा ठीक हो जाएगा फिर चौथे दिन हमसे बोले कि बच्चे की मौत हो गई है।जब मैं बच्चा लेने गया तो मुझसे कहाकि पचास हजार जमा कर दो फिर अपने बच्चों को लेकर के जा ना है,मैंने डॉक्टर से पूछा कि हमारा बच्चा कैसे मर गया तो डॉक्टर ने कहा कि मैं नहीं जानता पैसा वहां पर डॉक्टर के स्टाफ ने मांगा था। डॉ. परवेज इकबाल खान जिला महिला अस्पताल में तैनात हैं और वे यहाँ पर अपनी हॉस्पिटल चला रहे है।फिर मैंने इसके बाद डायल 112 बुला करके पुलिस कर्मियों को बुलाया जब वह लोग अंदर गए तो उन्होंने मुझे बच्चा दिया गया, मैं यहां डीएम के यहां एप्लिकेशन देने आया हूं। मुझे इंसाफ चाहिए।दिन में तीन बार देखने के लिए बच्चों को डॉक्टर परवेज इकबाल खान आते थे।

### दूसरा मामला- कटरा बाजार के कोटिया मदारा

निवासी विनय सिंह की पत्नी किरन सिंह का प्रसव दस सितंबर को कटरा बाजार सीएचसी पर हुआ।नवजात की हालत बिगड़ने पर उसे भी इसी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।जहाँ पर 11 सितंबर की शाम पांच बजे दूसरे बच्चे की भी मौत हो गई।

### सीएमओ रश्मि वर्मा पर लग चुके आरोप

लखनऊ सीएमओ कार्यालय से ट्रांसफर होकर एक जुलाई 2022 को गोंडा आई रश्मि वर्मा का रिकॉर्ड कुछ खास अच्छा नहीं रहा है।यह पहली बार नहीं है जब डॉ. रश्मि वर्मा विवादों में घिरी हों।जिले की सातों विधानसभा के विधा यक भी दिशा कि मीटिंग में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री और अधिकारियों के सामने सीएमओ पर भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगा चुके हैं।लेकिन भ्रष्टाचार के दल- दल में डूबी सीएमओपर कोई कार्रवाई नहीं हुआ।अब नवजात बच्चोंकी मौत पर दिया गया यह बयान उनके काम काज और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल ख ड़ा कर रहा है।गोंडा स्वास्थ्य विभाग में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों पर दवाओं और उपकरणों की खरीद में बड़े पैमाने पर घोटाले का आरोप है।शिकायत मिलने के बाद तत्काली न कमिश्नर देवीपाटन मंडल ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी,और जांच रिपोर्ट में सामने आया कि करीब तीन करोड़ 93 लाख रुपए के सरकारी धन का बंदरबांट किया गया। रिपोर्ट में गोंडा सीएमओ समेत कई अधिकारि यों को प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता दोषी पाया गया था।

### मैंने कोई गलत बयान नहीं दिया- सीएमओ

गोंडा सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा ने कहा मेरे द्वारा कोई भी गलत बयान नहीं दिया गया है। मैंने सिर्फ इतना कहा था कि जब हजारों बच्चे पैदा होते हैं तो खुशी मनाने के लिए और लड्डू खाने के लिए आप लोग नहीं जाते।एक बच्चा मर गया तो आप लोग यहां पर आ गए मैंने इस में कोई गलत बयान नहीं दिया है।जो लोग मेरे खिलाफ वीडियो वायरल कर रहे हैं उन्हें वायर ल करने दीजिए।मैं ऐसी चीजों को नहीं देखती हूँ मैं इस समय बाहर आई हुई हूँ।

# मौत का खुलासा न होने से परिजन बिफरे, लगाया जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के असरवन गांव में बारह वर्षीय किशन के संदिग्ध मौत ने इलाके में सनसनी मचा दी है। देर शाम शनिवार को परिजनों ने द्वारिकागंज चौकी का घेराव कर प्रदर्शन कर पुलिस से तत्काल गिरफ्तारी व निष्पक्ष जांच की मांग की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशन के गले पर खरोंच के निशान पाए जाने के बाद आत्महत्या के एंगल को खारिज कर हत्या की आशंका जताई जा रही है, बावजूद इसके पुलिस ने अभी तक किसी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

घटना के अनुसार, बीते सोमवार सुबह सहजराम के घर पर उसके पुत्र किशन का शव बांस के सहारे रस्सी से लटका मिला था। बच्चे को नीचे चारपाई पर रखी ईंट के ऊपर पाया गया। किशन रामरती इंटर कालेज में कक्षा सात का छात्र था। उसकी माता का देहान्त हो चुका है। मीडिया के सामने पिता ने प्रारम्भिक दौर में पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मंगलवार को सगी बहन, सौतेली बहन व सौतेली मां के आने के बाद अंतिम संस्कार कराया गया। अंतिम संस्कार के बाद पुलिस ने पिता, सौतेली मां नीतू, सगी बहन आशा, सौतेली बहन पारो व पारो के पति से पूछताछ की। पड़ोसियों से भी पूछताछ की गई, पर परिवार का आरोप है कि पुलिस जांच निष्प्रभावी रही। पुलिस के प्रारम्भिक बयान के विपरीत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशन के गले पर एज का चिन्ह पाया गया है, जो सीधे तौर पर गला दबाकर हत्या की ओर संकेत कर रहा है। परिवार का कहना है कि किशन को किसी ने मारकर लटकाया गया है। आज यही मनस्थिति लेकर परिजन गोसाईगंज थाने की द्वारिकागंज चौकी पर इकठ्ठा होकर प्रदर्शन कर रहे थे। घेराव के दौरान परिजन व ग्रामीणों ने तहरीर देने की मांग की और आरोप लगाया कि पुलिस छह दिन बीत जाने के बावजूद मामला दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। परिजन ने कहा कि जांच निष्पक्ष व त्वरित होनी चाहिए ताकि दोषियों को कड़ी सजा दिलवाई जा सके। इस संबंध में गोसाईगंज थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने कहा, ल्लजांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच पूरी पारदर्शिता के साथ कराकर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। मामले ने स्थानीय लोगों में भारी रोष पैदा कर दिया है और परिवार ने जिला पुलिस व प्रशासन से निष्पक्ष, फोरेंसिक जांच तथा जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# पितृ पक्ष में समाजसेवी ने दो दर्जन दम्पत्तियों को भेजा जगन्नाथ पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र भेंटुआ के गांव गोवर्धनपुर दुआरा के समाज सेवी संतोष कुमार सिंह ने पितृ पक्ष में दो दर्जन दम्पत्तियों को श्री गया धाम एवं जगन्नाथ पुरी यात्रा पर भेजने का सराहनीय कार्य किया है। वर्तमान समय में पितृ पक्ष चल रहा है और लोग अपने पितरों के मोक्ष के लिये अयोध्या, वाराणसी और गया में श्राद्ध, पिंडदान व तर्पण कर श्री जगन्नाथ पुरी का दर्शन कर अपने पितरों को तृप्त कर मोक्ष प्राप्त करने की कामना करते हैं। क्षेत्र के समाज सेवी संतोष कुमार सिंह ने तीन साल पहले अपने पितरों की पितृ क्रिया करने, क्षेत्र में दो बार श्रीराम कथा और एक बार श्रीमद भागवत कथा कराने के बाद उन लोगों को गया जगन्नाथ पुरी यात्रा पर भेजने का संकल्प लिया था जो असमर्थ हैं और मन में लालसा रखते थे। इस पितृ पक्ष में उसे पूरा करते हुये उन्होंने दो दर्जन दम्पत्तियों को अयोध्या, वाराणसी और गया में श्राद्ध, पिंडदान व तर्पण कर श्री जगन्नाथ पुरी का दर्शन करने के लिये बारह दिवसीय यात्रा पर भेजा। श्री सिंह ने बस की बुकिंग करने के साथ एक खाना बनाने वाली टीम को मय राशन, बर्तन व गैस सिलिंडर के साथ भोजन व्यवस्था में भेजा है। क्षेत्र के टीकरमाफी आश्रम से सभी यात्रियों का पैर धोकर, टीका लगाया, माला पहनाया और सभी को एक तौलिया, फल और मिष्ठान के साथ दक्षिणा देकर विदा किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे और उनके इस कार्य की सराहना किया।

# आज अंगूठा लगाओ राशन कल मिलेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर लाभार्थियों की लगती हैं लम्बी कतार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । तहसील तिलोई क्षेत्र की गरीब जनता की मुसीबतें कम होने का नाम नही ले रही है।कार्ड धारकों को अपने हक के लिये सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की कई दिनों तक परिक्रमा करनी पड़ती है।यहां की अधिकांश दुकानों पर कार्डधारकों को आज अंगूठा लगाओ राशन कल मिलेगा का पाठ पढ़ाकर बैरंग लौटा दिया जाता है ऐसी शिकायतें आये दिन अधिकारियों की मेजों से लेकर समाधान दिवसों तक पहुंचती रहती है जिनका मनमाने तरीके से निस्तारण कर दिया जाता है।तहसील तिलोई क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर की जा रही मनमानी का खामियाजा कार्डधारकों को भुगतना पड़ता है।अन्त्योदय व पात्र ग्रहस्थी योजना के लाभार्थियों को अपने हक के लिये कोटा की दुकानों की कई दिनों तक परिक्रमा करनी पड़ती है लेकिन उन्हें कामयाबी के लिये मूंठों चने चबाने पड़ते हैं।बताते चलें कि विकास क्षेत्र सिंहपुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की छिहत्तर,तिलोई में 59,बहादुरपुर में 34 के साथ ही नगर पालिका जायस क्षेत्र में दस दुकानें है जिसमें तिलोई विकास क्षेत्र की तीन दुकानें सम्बद्ध के झूले पर झूल रही हैं। इन दुकानों के अंतर्गत आने वाले कार्डधारकों की संख्या हजारों तो लाभार्थियों की संख्या लाखों में बतायी जाती है।क्षेत्र के पात्र ग्रहस्थी योजना के लाभार्थियों की मानें तो प्रति यूनिट पांच किलो राशन निर्धारित है लेकिन दुकान से घर के बीच में उक्त वजन किये गये राशन का वजन कम पड़ जाता है। इस घटतौली से तहसील से लेकर जनपद तक के आला अधिकारी भी भली भांति वाकिफ है इसी का नतीजा है कि शिकायतें टोकरी में डाल दी जाती है। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में डंके की चोट पर अन्त्योदय कार्डधारकों को पैंतीस के बजाय बत्तीस किलो ही राशन दिया जाता हैं।सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर लाभार्थियों की लम्बी लम्बी कतारें लगी रहती है।अब सवाल यह उठता है कि इन कार्डधारकों को परिक्रमा व घटतौली से निजात कब मिलेगी इसका जबाब आपूर्ति महकमे के पास नही है।इस सम्बन्ध में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है फिलहाल जांच पड़ताल करायी जायेगी।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी की योजना बना रहे दो सगे भाई गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जायस पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ ही उपकरण और तमंचा किया बरामद**



अमेठी । थाना जायस पुलिस व स्वाट टीम अमेठी ने पुलिस मुठभेड़ में गोकशी की योजना बना रहे अन्तर्जनपदीय दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है जबकि उसके चार अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने पकड़े गये कारोबारियों के कब्जे से दो तमंचा, चार जिन्दा कारतूस, तीन खोखा कारतूस,एक लकड़ी का ठीहा, एक अदद चाकू, एक अदद लोहे का चापड़, तीन अदद रस्सी,दो टार्च, पन्द्रह काली छोटी बड़ी पन्नी, दो प्लास्टिक की बोरी तथा गोकशी की घटना में प्रयुक्त एक स्पलेंडर मोटर साइकिल बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र सिंह व स्वाट टीम प्रभारी अनूप कुमार सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन में भ्रमणशील थे।भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शुक्रवार को ग्राम सराय महेशा में गोकशी की घटना कारित करने वाले लोग मुर्गी फार्म के पास एकत्र होकर गोकशी करने की योजना बना रहे हैं। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी की गई तभी गौकशी की योजना बना रहे लोगों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर शुरू कर दिया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायरिंग करने पर दो बदमाश घायल होकर गिर पड़े तथा अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाकर भाग गये।घायलों के पास पहुंचकर नाम पता पूंछने पर पहले ने अपना नाम आजाद पुत्र अल्लू निवासी कंचाना थाना जायस बताया जिसके पास से एक अदद तमंचा, एक खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुये तथा निरीक्षण करने पर बायें पैर में गोली लगी होना पाया गया और दूसरे ने अपना नाम सिरताज पुत्र अल्लू निवासी कंचाना थाना जायस बताया जिसके पास से एक तमंचा,एक खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुये तथा निरीक्षण करने पर बायें पैर में गोली लगी होना पाया गया।पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल निरीक्षण में कुछ ही दूरी पर एक खोखा कारतूस भी बरामद हुआ और मौके पर उपकरणों के साथ ही एक स्पेलेण्डर मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में दोनों युवकों ने बताया कि गुरुवार की रात्रि में ग्राम सराय महेशा में उन्होंने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर गोकशी की घटना कारित की थी आज वह लोग पुनः गोकशी करने के लिए इकट्ठे हुये थे।घायलों को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## ग्राम प्रधान पर हुआ जानलेवा हमला की अश्लील हरकते पुलिस से की शिकायत



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की ग्राम दूधिया खुर्द की प्रधान सीमा देवी और प्रधान पति नरेश वर्मा पर हमला हुआ आरोपी पक्ष ने जान से मारने की धमकी दी है। मामला पूरनपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत ग्राम दूधिया खुर्द का है। जहां प्रधान पति पर गांव के ही एक परिवार समेत अन्य ने हमला कर दिया। मामले की शिकायत प्रभारी निरक्षक को दिये शिकायती पत्र के माध्यम से दी गई है। सीमा देवी ग्राम दूधिया खुर्द की मौजूदा प्रधान है। प्रधान पति बीते दिन किसी कार्य हेतु शहर पूरनपुर आ रहे थे तभी रास्ते में सूरज कुमार, पंकज, गजेंद्र, पतिराखन, सभी ने हमला बोलते हुए मारपीट की अश्लील हरकते की कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी देते हुऐ भाग गये और जाते हुऐ कहा इस बार बच गई अगली बार तेरी इज्जत लूटेंगे पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद के गोराबरिक क्षेत्र में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। डूडा द्वारा बनवाई जा रही सड़क व नाली के निर्माण में भ्रष्टाचार सामने आया है। मुन्ना नारियल की गली में नाली और सड़क का निर्माण मानकों के विपरीत किया जा रहा है। ठेकेदार से मिलकर नगर पालिका के जेई–एई इस भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से बच रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस निर्माण कार्य को लेकर जिलाधिकारी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने कार्य की जांच और गुणवत्तापूर्ण निर्माण की मांग की है। मोहल्लेवासियों की शिकायत के बावजूद निर्माण कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ है। सड़क निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। इस दौरान गुणवत्ता को नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में मौन हैं। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि वह इस मामले में त्वरित कार्रवाई करे। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

## ट्रक चालक ने किसान को रौंदा, मौत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। वाराणसी–सुलतानपुर फोरलेन हाईवे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नलकूप से घर लौट रहे 75 वर्षीय किसान भारत राम यादव को नींद में धुत ट्रक चालक ने रौंद दिया। हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना सुबह करीब 6 बजे की है। कोतवाली देहात के कामतागंज पन्नाटिकरी निवासी भारत राम यादव अपनी नियमित दिनचर्या के तहत नलकूप पर खेती–बाड़ी देखने गए थे। वापसी में वह सड़क की पटरी से पैदल लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक का चालक नींद में था। ट्रक पहले गड्ढे में गया और फिर सड़क किनारे चल रहे भारत राम को रौंद दिया। इतना ही नहीं, ट्रक फोरलेन के डिवाइडर को पार कर दूसरी पटरी पर पहुंच गया। वहां एक वाहन से टकराने से बचने के बाद चालक की नींद खुली और वह ट्रक लेकर फरार हो गया। मृतक के दो पुत्र देवेंद्र यादव (35), शैलेंद्र यादव (32) और दो पुत्रियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक के सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण उनके घर पर लोगों की भीड़ जुटी हुई है। देहात कोतवाल अखंडदेव के अनुसार, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है।

## हिंदी दिवस पर विद्यालय में आयोजित हुए कई कार्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड अमरिया क्षेत्र में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय बारातबोझ में हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में हिंदी भाषा के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा और अन्य स्टाफ ने समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया और हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाई।हिंदी दिवस का आयोजन विद्यालय में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया। इस तरह के आयोजनों से छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि और सम्मान बढ़ता है और वे अपनी मातृभाषा के महत्व को समझते हैं।

# डीएमओ की हीलाहवाली के चलते कागजों में सिमट गया विश्व मच्छर दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मलेरिया/फाईलेरिया से लोगों को बचाने के लिए योगी सरकार प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े ब्यक्ति तक के लिए योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है, परंतु जिसको जिम्मेदारी दी गई है वही गैर जिम्मेदार निकल जाए तो जिले के लोगों को योगी सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे मिल पाएगा। हम बात कर रहे है डीएमओ बंशीलाल यादव काम से नही बल्कि अपने बड़बोलेपन की वजह से काफी चर्चा में रहते है,बंशीलाल यादव को जब भी किसी योजना से संबंधित जानकारी के लिए फोन किया जाए तो उनका फोन उठता नही, सूत्र बताते है कि डीएमओ अवसाद ग्रस्त ब्यक्ति है, उनसे सवाल करने से वो बहुत जल्द आपा खो देते है,सूत्रों का कहना है कि डीएमओ को अपने ही विभाग की जानकारी नही रहती,उन्हें यह भी पता नही है की यहा बुधवार के अलावा अन्य दिनों में किस मोहल्ले में सर्वे होगा और कितने बजे से कबतक किया जाएगा। बडबोले बंशीलाल यादव कभी खुद को 2017 बैच का पीसीएस अधिकारी बताकर अपना परिचय दिया करते थे, जिसकी शिकायत पूर्व में रहे मुख्य चिकित्साधिकारी से भी की गई थी,तब उन्हें एहसास हुआ की वह 2017 बैच के पीसीएस नही है,उसके बाद बताना बंद किया,परंतु अभी भी श्री यादव पर कार्यों को लेकर लापरवाही का इल्ज़ाम है। कागजों पर डीएमओ चाहते है की सबकुछ 'आल इज बेल' रहे पर नकल में भी अक्ल की जरूरत होती है, सूत्रों की माने तो बंशीलाल यादव नियंत्रण विहीन कर्मी की श्रेणी में हैं, विभागीय कर्मियों में श्री यादव को लेकर गंभीरता नही दिखती, लैब टेक्निशियन यूट्यूबरों को बुलाक खुद डाक्टर बताता है, तो वही फाइलेरिया इंस्पेक्टर बॉयोलांजिस्ट की कुर्सी पर अनधिकृत रूप से बैठकर खबरें बनवाकर वायरल करवा रहा है, मतलब साफ है कि डीएमओ बंशीलाल यादव का विभाग में किसी पर नियंत्रण नही है, कोई खुद को डाक्टर बता रहा है तो कोई बॉयोलांजिस्ट की कुर्सी पर बैठकर जिले की लगभग 30लाख आबादी को भ्रम में रखने का काम कर रहा है, और उसे अज्ञानता में नोटिस में नही लिया जा रहा है। डीएमओ फोटो खिंचवा ब्यक्ति है,उनके किस्से सुनकर उनके ही विभाग के लोग हैरान रह जाते है,उन्हें पता नहीं है की मासक्विटो कलेक्शन सेंटर कितने है,सेंटर के काम क्या है,उन्हें नही मालूम की बुद्धवार को फाईलेरिया की जांच कितने बजे से कबतक की जानी चाहिए, उनका दिल-दिमाग मलेरिया और फाईलेरिया से जिले को सुरक्षित रखने में नही लगता,बल्कि वो चाहते है की उनको जिले में चलने वाली क्लीनिक और नर्सिंगहोम की जांच-पड़ताल की जिम्मेदारी मिल जाए जिससे थोड़ा-बहुत काम हो जाए, सूत्र बताते है की बंशीलाल यादव अपने परिजन के नाम से फर्म बनाकर जिले में सप्लाई का भी जुगाड़ कर रहे है,हालांकि जीरो टांलरेंस की योगी सरकार की नज़र जिस दिन मलेरिया-फाईलेरिया विभाग पर पड़ी तो काफी-कुछ निकलकर सामने आएगा।बीते 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस था,जिसका मकसद मच्छर जनित बीमारियों से जागरूक करना था,परंतु 20अगस्त बीत गया कोई कार्यक्रम की जानकारी नही हुई, जब मुख्य चिकित्साधिकारी डां भारत भूषण से इस संबंध में जानकारी चाही तो उन्हें भी इसकी जानकारी नही थी ।

## हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयजन

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की शिक्षिका प्रगति धामी ने बच्चों को हिंदी दिवस के बारे में जानकारी देते हुए हिंदी भाषा का महत्व समझाया। इस अवसर पर बच्चों के लिए हिंदी भाषा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में सुहानी, दीक्षा, साधना, आर्यन कुमार मौर्य और ऋषभ प्रथम, कृष्णा, कौशल राज, पल्लव मौर्य, प्रांशी, आकाश, पल्लवी और झलक वर्मा द्वितीय तथा अलका, सोनाक्षी, जशोदा, साधना, अनमोल और धनुज कुमार तृतीय रहे। इसी प्रकार श्रुतलेख प्रतियोगिता में कौशल राज, कृष्णा और रेनू कुमारी प्रथम, ऋषभ, अतुल कुमार और आर्यन कुमार मौर्य द्वितीय तथा प्रांशी और झलक वर्मा तृतीय रहे। हिंदी भाषा पर आधारित प्रश्नोत्तरी में कौशल राज और आर्यन कुमार मौर्य प्रथम, ऋषभ और कृष्णा द्वितीय तथा रेनु कुमारी और आकाश तृतीय रहे। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# खाना विषाक्त होने से एक ही परिवार के सात लोग बीमार 2 जिला अस्पताल रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार वार्ड न0 7 में शुक्रवार रात परोरा और सेवी के सब्जी खाने से एक ही परिवार के सात लोग बीमार हो गए सुबह जब मोहल्ले के लोगो को लगी पूरे मोहल्ले मे अफरा तफरी का माहौल हो गया इसी बीच वार्ड मेंबर शेर सिंह यादव ने बिना देर किये मोहल्लेवासियों की मदद से सभी को सीएचसी पर भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद 2 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया फिलहाल और लोगो की हालत में सुधार है शनिवार सुबह आठ बजे सभी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी परिवार के सदस्यों में भागवती (65), रामप्रकाश (42), गीता देवी (35), आराध्या (10), अंश (18), तन्या (20) और प्रदीप देवल (33) शामिल हैं। सभी को चक्कर आने लगे और उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। डॉक्टरों ने जांच में फूड प्वॉइजनिंग की पुष्टि की। भागवती और तन्या देवल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने बताया कि मौसम के चलते फूड प्वाइजनिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में भोजन बनाते व खाते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। बासी भोजन से परहेज करें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

# स्वदेशी जागरण मंच का भव्य उद्यमिता प्रोत्साहन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हजारों की भीड़ उमड़ी, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प**

सुलतानपुर। शनिवार पर्यावरण पार्क सीताकुंड का माहौल शनिवार को स्वदेशी उत्पादों के जयकारों और उद्यमिता के उत्साह से गूंज उठा। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी उत्पाद एवं उद्यमिता प्रोत्साहन समारोह में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संरक्षक विजय प्रधान ने की।

मुख्य अतिथि विभाग संयोजक धर्मेंद्र द्विवेदी, विभाग सह संयोजक राजीव तिवारी, जिला संयोजक आशीष तिवारी (एडवोकेट), विभाग महिला प्रमुख उपमा शर्मा और जिला महिला संयोजक सुधा सिंह समेत कई विशिष्टजन उपस्थित रहे। स्वदेशी-विदेशी उत्पादों के विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए डॉ. अशोक मिश्र (प्रबंधक, सूर्या डायग्नोसिस सेंटर) ने 20 हजार पर्चे छपवाकर योगदान दिया। समारोह को सफल बनाने में सह युवा प्रमुख अखिल प्रताप सिंह, विपिन सिंह, दिनेश, राजेश अग्रहरि, संदीप कसौधन, अशोक सिंह (पूर्व प्रिंसिपल एम.जी.एस.), कृष्ण नारायण तिवारी, योग प्रशिक्षक आर.पी. सिंह सहित लगभग 50 कार्यकर्ताओं की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनों ने स्वदेशी जागरण मंच की टीम को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और स्वदेशी उद्यमिता को गति देने का संकल्प लिया।

## सम्पादकीय

# लाठीतंत्र में बदलता लोकतंत्र

विपक्ष की तरफ से लगातार मोदी सरकार पर लोकतंत्र को कुचलने और विरोध की आवाज को दबाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस समय देश के कम से कम पांच राज्यों की घटनाएं इन आरोपों को बल दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को वाराणसी के दौरे पर थे, लेकिन इससे पहले उत्तरप्रदेश में जगह-जगह कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करने की खबरें आईं। उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को भी लखनऊ में नजरबंद कर लिया। जबकि श्री राय ने 11.30 बजे प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई थी। वह कान्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए घर से निकलते इससे पहले ही पुलिस ने दस्तक दी। इसके बाद उन्हें घर से नहीं निकलने दिया गया। इसका वीडियो उन्होंने डाला है। इधर नजरबंदी का ऐसा ही खेल जम्मू-कश्मीर में हुआ। जब आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए आप सांसद संजय सिंह पहुंचे तो उन्हें भी गेस्ट हाउस में ही नजरबंद किया गया। हद तो तब हो गई जब पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के मुखिया फारुख अब्दुल्ला संजय सिंह से मिलने पहुंचे तो उन्हें भी गेस्ट हाउस के दरवाजे पर ही पुलिस ने रोक दिया। संजय सिंह ने इस अघोषित तानाशाही के खिलाफ जुझारूपन दिखाते हुए बंद दरवाजे की रेलिंग पर चढ़कर फारुख अब्दुल्ला से बात की। इस मौके का वीडियो भी सोशल मीडिया पर है, जिसमें संजय सिंह पुलिस वालों से पूछ रहे हैं कि मैं सांसद हूं और वो पूर्व मुख्यमंत्री हैं, हमें मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा। जाहिर है केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर की पुलिस के पास इसका कोई जवाब नहीं है। फारुख अब्दुल्ला ने भी कहा है कि इस राज्य में पहले ही कई मुसीबतें आई हुई हैं। पहले पहलगाम आतंकी हमला, फिर बाढ़ और अब इस तरह के अलोकतांत्रिक काम, इन सबसे राज्य के लोगों की तकलीफें बढ़ रही हैं। गौरतलब है कि आप के विधायक मेहराज मलिक पर आतंकियों का महिमामंडन करने, अफवाहें फैलाने और डोडा के डीसी को अपशब्द कहने, सरकारी अस्पताल के काम में बाधा डालने और महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल जैसे कई आरोप लगाकर 8 सितंबर को जनसुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार कर कठुआ जेल भेजा गया है। जिसका जनता व्यापक पैमाने पर विरोध कर रही है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को ही लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बता कर गिरफ्तार करने का यह विचित्र उदाहरण है। प्रशासन ने डोडा, भद्रवाह, गंडोह और ठाठरी समेत संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। पुलिस लाउडस्पीकर से ऐलान कर रही है कि लोग घरों में ही रहें। यानी अघोषित कर्फ्यू के हालात हैं, और इसमें विपक्ष को सवाल करने भी नहीं दिया जा रहा। इधर लद्दाख में भी पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने बुधवार 10 सितंबर से एक और अनशन शुरू किया है, क्योंकि उनकी मांगों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले दो महीने से कोई बैठक नहीं बुलाई है। वांगचुक ने कहा, श्लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत राज्य का दर्ज़ा और संरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए वह अपना प्रदर्शन तेज करने को मजबूर हो रहे हैं। पिछले काउंसिल चुनाव में भाजपा ने लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्ज़ा देने का वादा किया था। लेकिन ये अब तक पूरा नहीं हुआ है। वादाखिलाफी पर ऐसा ही गुस्सा असम में भी नजर आ रहा है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्ज़ा दिए जाने से जुड़े वादों को पूरा न करने को लेकर असम के दो प्रमुख जातीय समुदायों- मोरान और कोच राजबोंगशी ने तिनसुकिया और धुबरी जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किए हैं। प्रदर्शनकारियों ने तालाप, काकोपाथर, मार्गेरिटा और तिनसुकिया शहर की सड़कों पर मार्च निकाला और अनुसूचित जनजाति का दर्ज़ा और छठी अनुसूची के तहत स्वायत्तता की मांग की। उनका आरोप है कि ये वादे सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में किए थे, लेकिन कभी पूरे नहीं हुए हैं।

# मातृभाषा, साहित्य और संस्कृति का आलोक

## हिन्दी दिवस पर विशेष



डॉ. शिवानी

हिन्दी दिवस केवल भाषा का उत्सव नहीं है, यह आत्मगौरव और सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का पर्व है। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था—मातृभाषा केवल भाषा नहीं, बल्कि संस्कृति और आत्मा का प्रवाह है। सच तो यह है कि जिस समाज की भाषा जीवित और प्रखर रहती है, उसकी संस्कृति भी अक्षुण्ण और प्रगतिशील रहती है। भारत सौभाग्यशाली है कि यहाँ भाषाओं और बोलियों की बहुरंगी धारा प्रवाहित होती है—२२ संवैधानिक भाषाएँ, १२१ प्रमुख भाषाएँ और लगभग १९,५०० बोलियाँ हमारे सामाजिक जीवन का आधार हैं। यही अपार विविधता हमारी एकता को गहराई देती है और राष्ट्रीय जीवन को शक्ति प्रदान करती है। हिन्दी दिवस इस विविधता का उत्सव है और हमें स्मरण कराता है कि भाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि आत्मा की ध्वनि और संस्कृति का स्वर है।

फिर भी यथार्थ यह है कि नई पीढ़ी अंग्रेज़ी और विदेशी भाषाओं को अवसर और प्रतिष्ठा का प्रतीक मानकर आगे बढ़ रही है। अपनी मातृभाषा से उनका लगाव घटता जा रहा है, और यही स्थिति सांस्कृतिक संकट का रूप ले रही है। भाषा और संस्कृति का रिश्ता शरीर और आत्मा के समान है—भाषा कमजोर होगी तो संस्कृति का रंग भी फीका पड़ जाएगा।

हिन्दी की वैज्ञानिकता उसकी स्पष्ट ध्वनि और सरल लिपि में छिपी है। जैसा लिखा जाता है, वैसा ही बोला जाता है—फल सदा फल ही रहेगा। यही सरलता बच्चों में आत्मविश्वास जगाती है। मनोविज्ञान सिद्ध करता है कि मातृभाषा में शिक्षा से बच्चों की स्मृति और समझ गहरी होती है। भारतीय सामाजिक अध्ययन संस्थान के एक अध्ययन ने पाया कि ग्रामीण भारत के पाँच से सोलह वर्ष के बच्चों में मातृभाषा आधारित शिक्षा से पठन और गणितीय क्षमता उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। उत्तर प्रदेश के अनुभव भी यही दर्शाते हैं कि मातृभाषा या स्थानीय भाषा में पढ़ने वाले बच्चे की शब्दावली तेज़ी से बढ़ती है, उनका आत्मविश्वास प्रबल होता है और कक्षा में उनकी सहभागिता बढ़ जाती है। ओडिशा का नुआ अरुणिमा कार्यक्रम इसका सशक्त उदाहरण है, जहाँ इक्कीस भाषाओं में तीन से छह वर्ष के बच्चों को मातृभाषा आधारित पाठ्यक्रम दिया जा रहा है। इसका परिणाम यह हुआ कि बच्चे अधिक सहज होकर सीखने लगे और शिक्षा उनके लिए आनंददायी बन गई। शोध यह भी बताता है कि भारत में लगभग पच्चीस प्रतिशत बच्चे तब गंभीर शैक्षिक असमानता से जूझते हैं, जब विद्यालय की भाषा उनके घर की भाषा से अलग होती है। संविधान के अनुच्छेद ३५० (क) में राज्यों का दायित्व तय है कि भाषाई अल्पसंख्यक बच्चों को प्राथमिक स्तर पर उनकी मातृभाषा में शिक्षा उपलब्ध कराई जाए, परन्तु वास्तविकता में इस दिशा में अभी भी कई बाधाएँ हैं।

ये सारे तथ्य एक ही सत्य को रेखांकित करते हैं —मातृभाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, आत्मविश्वास, सामाजिक समानता और सांस्कृतिक पहचान का आधार है। जब बच्चे उसी भाषा में पढ़ते हैं जिसे वे घर में सुनते और बोलते हैं, तो शिक्षा उनके लिए पराई नहीं लगती। वह पढ़ाई उनके आत्म-गौरव और आत्म-परिचय का स्रोत बनती है। इस सन्दर्भ में यह स्मरणीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० ने स्पष्ट अनुशंसा की है कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा संभव हो तो मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में दी जाए। यही नीति भविष्य में बच्चों की नींव को मज़बूत करेगी, किन्तु चुनौतियाँ अभी शेष हैं। मातृभाषा का महत्व केवल शिक्षा तक सीमित नहीं ; यह हमारे मन की भावनाओं को आकार देती है। दादी की कहानियाँ, माँ की लोरी और लोकगीत केवल शब्द नहीं, बल्कि स्नेह और संस्कार के अनुभव हैं। त्योहारों का उल्लास भी तभी जीवंत होता है जब उसे अपनी भाषा में गुनगुनाया और समझा जाए। मातृभाषा वह सेतु है जो पीढ़ियों को जोड़ती है और जीवन को आत्मीयता से भर देती है। यही कारण है कि मातृभाषा संस्कृति की जड़ों को सींचने वाली अमिट धारा कही जाती है।

हिन्दी दिवस केवल भाषा का सम्मान नहीं, बल्कि साहित्य और संस्कृति की विरासत को सहेजने का भी अवसर है। हमारे महान ग्रंथ और कृतियाँ युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्रभावना को गहराई से प्रभावित करती हैं। आनन्द मठ वन्दे मातरम् से राष्ट्रभक्ति जगाता है, भारत भारती राष्ट्रीय चेतना का स्रोत है, गीतांजलि जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि देती है और रामचरितमानस नैतिक मूल्यों का विद्यालय है। पंचतंत्र व हितोपदेश बच्चों को नीति का मार्ग दिखाते हैं। प्रेमचंद की कहानियाँ—ईदगाह, पूस की रात, नमक का दारोगा, दो बैलों की कथा और पंच परमेश्वर—संवेदनशीलता, करुणा और जड़ों से जुड़ाव सिखाती हैं।

> हिन्दी की वैज्ञानिकता उसकी स्पष्ट ध्वनि और सरल लिपि में छिपी है। जैसा लिखा जाता है, वैसा ही बोला जाता है—फल सदा फल ही रहेगा। यही सरलता बच्चों में आत्मविश्वास जगाती है। मनोविज्ञान सिद्ध करता है कि मातृभाषा में शिक्षा से बच्चों की स्मृति और समझ गहरी होती है। भारतीय सामाजिक अध्ययन संस्थान के एक अध्ययन ने पाया कि ग्रामीण भारत के पाँच से सोलह वर्ष के बच्चों में मातृभाषा आधारित शिक्षा से पठन और गणितीय क्षमता उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। उत्तर प्रदेश के अनुभव भी यही दर्शाते हैं कि मातृभाषा या स्थानीय भाषा में पढ़ने वाले बच्चे की शब्दावली तेज़ी से बढ़ती है, उनका आत्मविश्वास प्रबल होता है और कक्षा में उनकी सहभागिता बढ़ जाती है। ओडिशा का नुआ अरुणिमा कार्यक्रम इसका सशक्त उदाहरण है, जहाँ इक्कीस भाषाओं में तीन से छह वर्ष के बच्चों को मातृभाषा आधारित पाठ्यक्रम दिया जा रहा है। इसका परिणाम यह हुआ कि बच्चे अधिक सहज होकर सीखने लगे और शिक्षा उनके लिए आनंददायी बन गई। शोध यह भी बताता है कि भारत में लगभग पच्चीस प्रतिशत बच्चे तब गंभीर शैक्षिक असमानता से जूझते हैं, जब विद्यालय की भाषा उनके घर की भाषा से अलग होती है।




आज की पीढ़ी तकनीक की चमक में घिरी है। मोबाइल और इंटरनेट ने जीवन को सहज अवश्य बनाया है, पर मन की गहराइयों से संवेदनशीलता और संस्कृति का रिश्ता ढीला होता गया है। ऐसे समय में मातृभाषा और साहित्य ही संतुलन की वह ज्योति हैं, जो दिशा भी दिखाते हैं और आत्मा को ऊष्मा भी देते हैं। मातृभाषा आत्मविश्वास का बीज बोती है, साहित्य नैतिकता और राष्ट्रप्रेम का वृक्ष उगाता है, और कहानियाँ करुणा की नदी बहाती हैं। तेज़ गति, वैश्वीकरण और जीवन की आपाधापी में यही हमारी सबसे सुदृढ़ शरण है। यदि हम इन्हें संजोकर अगली पीढ़ियों तक पहुँचाएँ, तो संस्कृति केवल जीवित ही नहीं रहेगी, बल्कि पुष्पित-पल्लवित भी होगी। हिन्दी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भाषा ही पहचान है, और यही हमारी धरोहर तथा सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का प्राण है।

(लेखिका दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स से पीएच.डी. हैं )

# नेपाल का लोकतंत्रः पुराने वर्चस्व से नई चुनौती तक

## डॉ. सत्यवान सौरभ

नेपाल हिमालय की गोद में बसा छोटा-सा देश है। आकार में भले छोटा हो, लेकिन राजनीति और जातीय समीकरण के लिहाज से इसकी जटिलता किसी बड़े देश से कम नहीं। नेपाल पिछले तीन दशकों से लोकतंत्र का प्रयोग कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह लोकतंत्र अब भी अधूरा है। सत्ता और संसाधनों पर एक ही वर्ग का कब्ज़ा है—पहाड़ी ब्राह्मण और क्षत्रिय जातियाँ। संसद से लेकर प्रशासन और सेना तक, हर जगह यही जातियाँ हावी हैं। मधेशी, जनजातीय, दलित और महिलाएँ अब भी सत्ता की सीढ़ियों के निचले पायदान पर खड़ी हैं। 1990 में नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की वापसी हुई थी। जनता को उम्मीद थी कि अब सत्ता में विविधता आएगी और हर समुदाय को बराबरी का अवसर मिलेगा। लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। 1990 से अब तक नेपाल ने 13 प्रधानमंत्री देखे। इनमें से 10 पहाड़ी ब्राह्मण और 3 क्षत्रिय रहे। यानी 35% मधेशियों की आबादी होने के बावजूद एक भी मधेशी प्रधानमंत्री नहीं बन पाया। जनजातीय और आदिवासी समूह संसद में मौजूद हैं, लेकिन उनके नेता केवल प्रतीकात्मक पदों तक सीमित रहे। दलित और महिलाएँ तो आज भी सत्ता के सबसे हाशिये पर खड़ी हैं। यह तस्वीर बताती है कि नेपाल का लोकतंत्र कितनी गहरी जातीय असमानता से ग्रस्त है। लोकतंत्र के नाम पर चेहरे तो बदले, लेकिन सत्ता का चरित्र वही रहा—ब्राह्मण और क्षत्रिय केंद्रित। नेपाल की आधी से ज़्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र की है। यही वह नई पीढ़ी है जिसे जनरेशन-ट्ट कहा जाता है। यह सोशल मीडिया, पॉप कल्चर और वैश्विक राजनीति से जुड़ी हुई है। इनके लिए जाति और वंश की राजनीति पुरानी और अप्रासंगिक है। यह पीढ़ी पारदर्शिता चाहती है, समान अवसर चाहती है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह बदलाव को केवल सोचती नहीं बल्कि मांग भी करती है। सवाल यही है कि क्या नेपाल की पुरानी सत्ता संरचना इतनी आसानी से टूट जाएगी? नेपाली कांग्रेस, UML और माओवादी जैसे दल दशकों से सत्ता पर काबिज हैं। इनके नेता ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय से आते हैं और इनकी पकड़ प्रशासन, सेना और नौकरशाही तक फैली हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि सत्ता में बैठे लोग कभी आसानी से अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते। अगर बदलाव की इस मांग को दबाया गया, तो इसके नतीजे गंभीर होंगे। युवा पीढ़ी पहले ही अधीर है। वे सोशल मीडिया पर अपनी नाराज़गी और सपनों को साझा कर रहे हैं। अगर उनकी आवाज़ दबाई गई, तो असंतोष सड़क पर आंदोलन में बदल सकता है। नेपाल ने पहले भी जनआंदोलन देखे हैं और इतिहास गवाह है कि जब जनता चाहती है, तो कोई भी सत्ता ढांचा स्थायी नहीं रह पाता। नेपाल आज दो राहों पर खड़ा है। एक तरफ पुरानी राजनीति है, जहाँ सत्ता कुछ जातियों के बीच बंटी हुई है। दूसरी तरफ नई राजनीति है, जो समावेशी, पारदर्शी और युवाओं से जुड़ी है। असली सवाल यह है कि क्या नेपाल जातीय ढांचे वाली राजनीति से आगे बढ़ पाएगा या नहीं। अगर नेपाल ऐसा कर पाता है तो दक्षिण एशिया में एक मिसाल बन सकता है।

> 1990 में नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की वापसी हुई थी। जनता को उम्मीद थी कि अब सत्ता में विविधता आएगी और हर समुदाय को बराबरी का अवसर मिलेगा। लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। 1990 से अब तक नेपाल ने 13 प्रधानमंत्री देखे। इनमें से 10 पहाड़ी ब्राह्मण और 3 क्षत्रिय रहे। यानी 35% मधेशियों की आबादी होने के बावजूद एक भी मधेशी प्रधानमंत्री नहीं बन पाया।

## सेहत मंत्र

# शरीर में प्रोटीन की कमी हो गयी है तो तुरंत ध्यान दें वरना मुश्किल होगी

हमारे शरीर की कार्यप्रणाली कुछ इस प्रकार है कि जब भी इसमें आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होने लगती है तो शरीर इसके लिए संकेत देता है। अगर आप उन संकेतों को सही समय पर समझ लेते हैं तो आप खुद को लंबे समय तक बेहद आसानी से स्वस्थ रख पाते हैं। लेकिन अधिकतर लोग ऐसे होते हैं जो या तो उन लक्षणों को समझते ही नहीं हैं या फिर समझकर भी अनदेखा कर देते हैं। आपको शायद पता न हो लेकिन आपकी अनदेखी आपको बाद में बहुत बड़ी मुसीबत में डाल देती है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे कुछ संकेतों के बारे में बताते हैं, जो आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पर प्रकाश डालते हैं- अगर आपको अक्सर अपनी मांसपेशियों में दर्द का अहसास होता है तो यह बताता है कि आपकी मसल्स काफी कमजोर हो गई हैं। मसल्स में कमजोरी का एक मुख्य कारण आपके शरीर में प्रोटीन की कमी होती है। प्रोटीन को यदि मांसपेशियों का ईंधन कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वहीं प्रोटीन आपके शरीर में अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों जैसे कि आयरन और कैल्शियम को अवशोषित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों पोषक तत्व आपकी मांसपेशियों के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें हर थोड़ी देर में भूख लगती है। इसे आप भले ही अपने स्वास्थ्य के लिए अच्छा मानते हों लेकिन यह फूड क्रेविंग खासतौर से मीठा खाने की तलब इशारा करती है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी हो गई है। दरअसल, प्रोटीन एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसे पचाने में आपके शरीर को अधिक मेहनत की आवश्यकता होती है। जब आप पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन लेते हैं तो आपको काफी देर तक पेट भरे होने का अहसास होता है और आपको जल्दी भूख नहीं लगती।

## धर्म मंत्र

# सफ़ेद मोती पहनने से होते हैं चमत्कारी लाभ

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार राशिरत्नों का व्यक्ति के जीवन और किस्मत पर बहुत प्रभाव होता है। इन रत्नों को सौरमंडल में मौजूद ग्रहों का अंश माना जाता है। ज्योतिषशास्त्र में मोती रत्न का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार मोती को चंद्रमा का रत्न माना गया है। माना जाता है कि यदि किसी भी जातक की कुंडली में चंद्र ग्रह से संबंधित कोई भी दोष हो तो मोती धारण करने से लाभ मिलता है। सफ़ेद रंग का मोती धारण करने से जातक पर चंद्रमा का शुभ प्रभाव होता है। मोती धारण करने से मन शांत होता है और इससे स्वास्थ्य भी सही रहता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिन लोगों का जन्म कर्क लग्न या राशि में हुआ हो उन्हें मोती धारण करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। जिन लोगों की चंद्र की राशि कर्क और गुरु की राशि मीन राशि हो उन्हें भी मोती पहनने से लाभ होता है। मोती धारण करने से जातक पर माता लक्ष्मी की कृपा रहती है। इससे जातक की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। जो लोग आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं उनके लिए सफ़ेद मोती पहनना बहुत शुभ होता है। जिन लोगों को गुस्सा ज्यादा आता है उनके लिए भी मोती पहनना बहुत शुभ माना जाता है। मोती धारण करने से मन स्थिर रहता है और क्रोध भी कम आता है। यदि परिवार में कोई न कोई सदस्य बीमार रहता है तो मोती धारण करना चाहिए। मोती धारण करने से नकारात्मकता दूर होती है और मन में सकारात्मक विचार आते हैं।

## पर्यटन



# आंध्र प्रदेश का खूबसूरत शहर 'चित्तूर'

घूमने वाले लोगों को अक्सर नए जगहों की तलाश रहती है, जहां वह कुछ अलग देख और महसूस कर सकें। ऐसे में अगर आप भी कोई नई जगह तलाश कर रहे हैं, तो आप आंध्र प्रदेश के चित्तूर जरूर जाएं। यहां आने के बाद आपकी नए जगह की तलाश पूरी होगी। संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध चित्तूर शहर आप का मन मोह लेगा, क्योंकि यहां का प्राकृतिक सौंदर्य बेहद अनोखा है। इसके साथ ही चित्तूर, ऐतिहासिक रूप से भी काफी समृद्ध रहा है। यहां आपको कई सारी ऐतिहासिक इमारतें देखने को मिलेंगी। आइये एक नज़र डालते हैं। विजयनगर साम्राज्य से संबंध रखने वाला यह किला 500 फीट की ऊंची चोटी पर बनाया गया है। यूं यह किला शुरूआत में मिट्टी और चट्टान से निर्मित किया गया था, लेकिन बाद में गोलकोंडा सुल्तानों ने जब इस किले पर शासन किया तो उन्होंने बेहद मजबूत चट्टानों से इसका निर्माण किया। कहा जाता है कि सुल्तान हैदर अली और टीपू सुल्तान भी इस किले पर शासन कर चुके हैं। 'हॉर्सले हिल्स' चित्तूर आने वाले लोगों की लिस्ट में जरूर शामिल रहता है। नवविवाहित जोड़े अक्सर हॉर्सले हिल्स पर घूमने के लिए आते हैं। यहां आपको ट्रेकिंग के साथ-साथ छोटा सा चिड़ियाघर भी देखने को मिलेगा, जहाँ का पार्क बेहद खूबसूरत बनाया गया है। यह शहर एरगोन्डा और पोन्नायी नदियों के संगम पर बना हुआ है। यहां आपको प्राचीन काल के बेहद खूबसूरत मंदिर देखने को मिलेंगे, जो अपने स्थापत्य कला से आप का मन मोह लेंगे। कौण्डिन्य सेंक्चुरी में आपको कोई सारे स्थानीय वन्यजीव देखने को मिलेंगे, जो लगभग विलुप्त प्राय हो गए हैं। यहाँ आपको हिमालयन काले भालू, स्लोथ बीयर, हाथी, हाइना, दरियाई घोड़े जैसे जानवर मिलेंगे। यहां पहुंचना बेहद आसान है, क्योंकि यह शहर हवाई, रेल मार्ग तथा सड़क मार्ग के द्वारा भारत के सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। अगर आप हवाई मार्ग से यहां आने की सोच रहे हैं तो यहां पर निकटतम हवाई अड्डा तिरुपति हवाई अड्डा है, जो यहां से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वहीं नजदीकी रेलवे स्टेशन की बात करें जो चित्तूर जंक्शन है। यहां से भारत के सभी बड़े शहरों से नियमित तौर पर ट्रेनें आती हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का जनपद न्यायाधीश ने किया भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर आज शनिवार 13 सितंबर को श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद बाराबंकी में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर सत्यदेव गुप्ता प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, श्रीमती अल्पना सक्सेना पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, विनय कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, राकेश कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ईसीएक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्री कृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समेत सभी न्यायिक अधिकारीगण, जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय तथा, बैंकों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त पत्रकारगण एवं अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,66,963 मामलों का रिकॉर्ड निस्तारण**

**47 करोड़ 43,15,539 अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में जमा**

**73836 राजस्वला वादों का निस्तारण**





नोडल अधिकारी राकेश कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट/नोडल अधिकारी द्वारा बताया कि राजस्व, बैंकों, विभिन्न विभागों एवं सिविल कोर्ट बाराबंकी के समस्त न्यायालयों द्वारा समग्र रूप से कुल-1,66,963 मामलों का निस्तारण कर कुल रू-47,43,15,539/- अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में जमा कराया गया।

उक्त निस्तारित मामलों में सिविल कोर्ट बाराबंकी के विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल-27709 वादों का निस्तारण करते हुए कुल-8,39,89,612/- धनराशि अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप वसूल किया गया।

प्री-लेटिगेशन स्तर पर राजस्व विभाग, बैंकों, विभिन्न विभागों के कुल-1,39,244 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल- 39,03,25,927/- धनराशि वसूल किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बाराबंकी के द्वारा 04 वाद का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय श्री सत्यदेव गुप्ता द्वारा 66 मामलों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय के द्वारा प्रतिकर के कुल 96 वादों का निस्तारण करते हुए धनराशि रू0-65279838.00 प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। विशेष न्यायाधीश एसी0/एस0टी0 एक्ट द्वारा 01 वाद, विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट द्वारा 351 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-08 के द्वारा 01 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-4 द्वारा 6 वाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-10 द्वारा 3 वाद, अपर पारिवारिक न्यायालय द्वितीय द्वारा-83, अपर पारिवारिक न्यायालय प्रथम के द्वारा 73, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-36 के द्वारा 06 वाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-37 के द्वारा 03 वाद का निस्तारण किया गया। विभिन्न न्यायिक दण्डाधिकारियों एवं दीवानी न्यायालयों के मजिस्ट्रेट के द्वारा मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी कोर्ट संख्या-18 द्वारा सर्वाधिक 9536 वादों का, सिविल जज (सी.डि.) द्वारा 56 वादों का, ए0सी0जे0एम0 कोर्ट संख्या-17 द्वारा 3335 वादों का, अपर सिविल जज (सी.डि.) कोर्ट सं0-23 के द्वारा 1523 वाद, ए0सी0जे0एम0 कोर्ट संख्या-19 द्वारा 1600 वादों का, ए0सी0जे0एम0 कोर्ट संख्या-25 द्वारा 2009 वादों का, ए0सी0जे0एम0 कोर्ट संख्या-16 द्वारा 1708, ए0सी0जे0एम0 कोर्ट संख्या-11 द्वारा 1438 वादों का, अपर सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट सं0-48 के द्वारा 1391 वादों का, सिविल जज (सी0डि0)/एफ0टी0सी0, कोर्ट सं0-38 के द्वारा 2038 वाद, न्यायिक अधिकारी ग्राम न्यायालय रामनगर द्वारा 510 वाद, सिविल जज जू0डी0 कोर्ट संख्या-13 द्वारा 31 वादों का, सिविल जज (जू0डि0) कोर्ट सं0-14 के द्वारा 4 वाद, न्यायिक अधिकारी ग्राम न्यायालय फतेहपुर द्वारा 368 वाद, सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 कोर्ट सं0-39 के द्वारा 5 वाद, न्यायिक अधिकारी ग्राम न्यायालय सिरौली गौसपुर द्वारा 278 वाद, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-15 द्वारा 25 वादों एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-15 द्वारा 23 वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त 10, 11 व 12 सितम्बर 2025 को पिटी अफ़ेन्स की विशेष लोक अदालत में 198 मुकदमों का निस्तारण किया गया है, इस प्रकार माह सितम्बर 2025 में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों के द्वारा कुल 18455 वादों का निस्तारण किया गया है।

पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों से कुल-73836 वादों का निस्तारण किया गया। जिले की विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 1675 एन0पी0ए0 खातों का निस्तारण करते हुए रू0- 239029553.00 रू0 वसूल किये गये। बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा सर्वाधिक 842, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा सर्वाधिक 308, पंजाब नैशनल बैंक 153, श्री राम फाइनेन्स प्रा0लि0 18, यूनियन बैंक के द्वारा 32, यूको बैंक के द्वारा 10, इंडियन बैंक के द्वारा 69, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा 123, केनरा बैंक के द्वारा 28, सेन्ट्रल बैंक के द्वारा 20, बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा 55, पंजाब एण्ड सिंध बैंक से 10, टॉरेन्ट गैस के द्वारा 04, मामलों का निस्तारण किया गया।

इसके मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा 3641, मनरेगा के द्वारा 25231, विद्युत विभाग के द्वारा 16472, समाज कल्याण विभाग के द्वारा 6432, आबकारी विभाग के द्वारा 95, जिला पशुपालन विभाग के द्वारा 1276, कैनाल मजिस्ट्रेट के द्वारा 34, दूर संचार विभाग के द्वारा 85, नगर पालिका के द्वारा 210, जिला बन्दोबस्त अधिकारी के द्वारा 105, जिला उपभोक्ता फोरम के द्वारा 65, लोक निर्माण विभाग द्वारा 31, स्टाम्प आयुक्त के द्वारा 9, विधि माप विभाग द्वारा 07, जिला विकास अधिकारी के द्वारा 52, जिला पूर्ति विभाग के द्वारा 2869, जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा 6412 मामलों का निस्तारण किया गया।

इस लोक अदालत की सफलता के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर चिकित्सा विभाग द्वारा, वादकारियों के लिए स्वच्छ पेयजल

## कथित अवैध निर्माण पर चली जेसीबी बुलडोजर,सीएम के तमाम चेतावनी सुझाव बेकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। समरदा ग्राम पंचायत के बिलासपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच वर्षों से दीवानी का मुकदमा चल रहा था। एक पक्ष राम अवध पुत्र बाबूलाल ने विवादित भूमि पर दीवार बना रखी थी। शनिवार को राजस्व अधिकारी टीम ने किसी न्यायालय का आदेश दिखाते हुए साथ लाई जेसीबी से दीवार गिरा दी। इस कार्रवाई के बाद मौके पर हंगामे की स्थित इसलिए बनी,कि थिस स्टे बकेट का तहसील टीम ने हवाला दिया, बाबूलाल ने अन्य अदालत द्वारा जारी स्थगन आदेश प्रस्तुत कर? दिखाया। जिसे राजस्व अधिकारियों ने सिरे से नकार दिया।



राम अवध का कहना है कि वर्षों से मुकदमा चल रहा था और बीती नौ मई को मामला खारिज हो गया था। इसके बाद उन्होंने पुनः मुकदमा कर स्थगन आदेश (स्टे) प्राप्त कर लिया था और यही आदेश राजस्व टीम को दिखाया, लेकिन टीम ने उसे जाली बताते हुए नजरअंदाज कर दिया और दीवार ढहा दी। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी महाराज अफसर को कार्य व्यवहार में सुधार लाने की रोज सीख देते हैं, परंतु मोटी चमड़ी अफसर सा सुधरने का नाम नहीं ले रहे। जो सरकारी फोन उन्हें जनता के संवाद के लिए मोहैया कराया गया है उसे भी रिसीव में वह अपना अपमान समझते हैं। इस संबंध में लेखपाल मयंक ने कुछ भी बताने से इंकार किया। एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह से फोन पर संपर्क का कई बार प्रयास किया गया कॉल रिसीव नहीं हुई।

## बाराबंकी : किसानों ने पुलिस कार्रवाई पर जताया आक्रोश, ज्ञापन सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के जिला कार्यालय गनौरा से किसानों का जत्था कलेक्ट्रेट जाने ही वाला था कि थाना प्रभारी जहांगीराबाद दुर्गा प्रसाद शुक्ला और सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर किसानों को शांत कराया। इसके बाद किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने आरोप लगाया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में ढेड़ माह से शांति पूर्वक धरना कर रहे किसानों पर थाना 113 सेक्टर की पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ दिया, जिसमें कई किसानों को गंभीर चोटें आईं और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस घटना से पूरे प्रदेश के किसान संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। किसान संगठनों भा.कि.यू. हरपालगुट, भा.कि.यू. सरदार भगत सिंह, आजाद भा.कि.यू. और भा.कि. संगठन ने संयुक्त रूप से ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि दोषी पुलिस अधिकारियों की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए और गिरफ्तार किए गए किसानों को तत्काल रिहा किया जाए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी आवाज को अनसुना किया गया तो वे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने को बाध्य होंगे और यदि तब भी कार्रवाई न हुई तो पुलिस महानिदेशक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। लालजी यादव, सुनील यादव, गुड्डू यादव, निहाल अहमद सिद्दीकी, अरविंद यादव, जैद अंसारी, फूलचंद यादव, मोहम्मद अजीम, राजू खान, मनीष यादव, विनय यादव, नरेंद्र यादव चौबे, देशराज गौतम, राम सजीवन सहित सैकड़ों किसान इस मौके पर उपस्थित रहे।

## प्रख्यात समाजसेवी का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा , बाराबंकी : कस्बा देवा के मोहल्ला कचेहरान के प्रख्यात समाजसेवी गौरीशंकर शुक्ला (80) का शनिवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान जैदपुर थाना क्षेत्र के नवाबपुर गांव स्थित रिश्तेदार के घर उन्होंने अंतिम सांस ली।

गौरीशंकर शुक्ला का जीवन सामाजिक सरोकारों और सेवा भाव के लिए समर्पित रहा। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। पड़ोसियों और परिचितों ने बताया कि वे हर वर्ग के लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते थे। उनकी पत्नी का देहांत पहले ही हो चुका है शनिवार देर शाम उनके इकलौते पुत्र अनुज शुक्ला ने अश्रुपूर्ण आंखों से पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, परिजन और परिचित मौजूद रहे उनके भतीजे एवं पूर्व सभासद रमाशंकर शुक्ला ने कहा कि ल्लगौरीशंकर शुक्ला का निधन पूरे परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी यात्रा का भव्य स्वागत, अच्युतम केशवम साई दामोदरं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भगवान श्री सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रशांति निलयम, पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश) से निकली प्रेम प्रवाहिनी यात्रा का शनिवार को दूसरे दिन नगर में कई जगह भव्य स्वागत हुआ। पुष्पवर्षा एवं आरती करके भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। शनिवार की सुबह ओमकारम, सुप्रभातम्,नगर संकीर्तन,वेद पाठ से रथ का पूजन किया गया।नैवेद्य अर्पण के उपरांत प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा फतेहपुर से बिशुनपुर,देवा होते हुए सत्यप्रेमी नगर स्थित वारिस चिल्ड्रंस एकेडमी इंटर पहुंची जहां भक्तों ने रथ का भव्य स्वागत किया।शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं,पुरुष और बच्चे शामिल हुए। भक्तों ने भजन की शानदार श्रृंखला प्रस्तुत की।अच्युतम केशवन साई दामोदरम,प्रणाम




स्वीकार करो साई महादेवा,जय जय जय गणनायका,चित चोरा यशोदा के लाल,साई हमारा हम साई के ,एक बार क्षमा करो साई,जय जय साई जननी वीर हनुमाना अति बलवाना ,जैसे भजनों पर साई भक्त झूम उठे।पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता के जरिए नन्हे मुन्नों को साईं संदेश दिया गया।प्रेम प्रवाहिनी रथ का नगर में कई जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।देर शाम प्रेम प्रवाहिनी रथ रायबरेली रवाना हो गया।इस अवसर पर विजय आनंद बाजपेई,दीपेश श्रीवास्तव,सुरेश चंद्र त्रिवेदी, राजेश वर्मा, कमलेश शुक्ला,भोला प्रसाद सिंह,अनुराग मिश्रा, आशाराम त्रिपाठी,पुनीत,शिवम्,भोले, शिवा,रघुवर दयाल, ,राजकुमार,प्रियांशु,आदर्श,विप्रार्क, दुर्गांश,रश्मि , मणि, मीना, अर्चना, मोक्षेंद्र,ज्योति,वैष्णवी,शिवांगी,ज्योति,सक्षम,अपर्णा,लवी,चंदन,हिमांशु मौजूद रहे।

## बारा टोल प्लाजा पर हंगामा, विधायक के ड्राइवर व समर्थकों पर मारपीट का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। बारा टोल प्लाजा पर शनिवार दोपहर बड़ा हंगामा हो गया जब स्थानीय विधायक दिनेश रावत के ड्राइवर और समर्थकों पर टोल कर्मियों से मारपीट करने का आरोप लगा। वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि विधायक के ड्राइवर ने टोल का बैरियर पकड़े कर्मचारी को गर्दन से पकड़कर धक्का दिया और थप्पड़ मारा, वहीं बीच-बचाव करने पहुंचे बुजुर्ग कर्मचारी को भी असभ्य ढंग से धक्का दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद टोल कर्मियों में गहरा रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि स्काईलार्क इंफ्रा इंजीनियरिंग प्रा. लि., जो बारा टोल प्लाजा पर टोल संग्रहण का कार्य करती है, पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 13 सितंबर 2025 को दोपहर करीब 2:45 बजे विधायक हैदरगढ़ का वाहन लखनऊ की ओर से टोल की लाइन नंबर 6 से गुजर रहा था। ड्यूटी पर तैनात टोल कलेक्टर वाहन को पास

**वायरल वीडियो से मचा बवाल, टोल कर्मियों में गुस्सा**




करा रहा था तभी वाहन चालक ने बूम बैरियर तोड़ते हुए जबरन गाड़ी आगे बढ़ा दी। इसी दौरान चालक और उसके साथ आए लगभग दर्जनभर अज्ञात लोगों ने टोल कर्मचारियों से अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि गाड़ी निकालने के दौरान ड्यूटी पर मौजूद टोल कलेक्टर अखिलेश गौतम को पीटा गया और बीच-बचाव के लिए पहुंचे शिफ्ट इंचार्ज राम सिंह चौहान व ब्रजेश यादव पर भी हमला किया गया। पीड़ितों का कहना है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद टोल प्लाजा पर अफरातफरी का माहौल बन गया और कुछ देर तक संचालन बाधित रहा। टोल मैनेजर जगभान सिंह ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विधायक के ड्राइवर व अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इधर, विधायक दिनेश रावत ने अपने ऊपर लगे आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया। उन्होंने कहा कि ल्लमेरी गाड़ी तो पहले ही निकल चुकी थी, पीछे आने वाली गाड़ियों से विवाद हुआ होगा, राजनीति के चलते मेरा नाम इसमें घसीटा जा रहा है।ङ्ग घटना के बाद से टोल कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं से सुरक्षा संकट बढ़ रहा है, इसलिए प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे। कर्मचारियों ने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई के साथ टोल प्लाजा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

> मेरी गाड़ी निकल गई थी पीछे जो गाड़ी थी उनसे कोई विवाद हुआ होगा बाकी मेरा नाम राजनीति के चलते घसीटा जा रहा है ।
>
> श्री दिनेश रावत
> विधायक हैदरगढ़ बाराबंकी

> टोल पर विधायक जी की गाड़ी निकाली जा रही है नम्बर डालने में थोड़ा वक्त लगा विधायक जी के काफिले में पांच गाड़ी थी जिसके चलते टोल कर्मी ने गेट ( बम्बू) पकड़ कर इसे उठा दिया इसी बीच विधायक के ड्राइवर एवं अन्य लोगों ने कर्मचारी को मारा पीटा अभद्रता की बीच बचाव करने आए बुजुर्ग कर्मचारी के साथ भी बत्तीमीजी की गई ।
>
> श्री जगभान सिंह
> मैनेजर बारा टोल प्लाजा

### जीवन की वास्तविकता समझने का महाग्रंथ है भागवत कथा- कथा व्यास

निंदूरा बाराबंकी। ग्राम पंचायत बजगहनी के जानी नगर स्थित ब्रह्मदेवस्थान परिसर में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमदभागवत कथा एवं 51 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन आज शनिवार को सुबह विधि-विधान से सभी देवी-देवताओं का आवाहन एवं हवन-पूजन हुआ।

कथा व्यास द्वारिकानंद जी महाराज ने अपनी अमृतमय वाणी से नैमिषारण्य तीर्थ की महत्ता का वर्णन करते बताया कि शौनक ऋषि की अगुवाई में 88 हजार ऋषियों ने नैमिषारण्य मे सूत जी से पूछा था कि कलियुग में प्राणी मात्र के कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग क्या होगा? इसके उत्तर में सूत जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण का उपदेश दिया, जिसमें जीवन को समझने और सही मार्ग पर चलने का आवश्यक ज्ञान व सीख मिलती है। इस अवसर पर यज्ञाचार्य बनवारी लाल, आचार्य कल्याण जी, आचार्य संजय जी सहित अशोक कुमार प्रधान, भगवती प्रसाद, बलराम दास बाबा, चंद्रभाल यादव, अरविंद कुमार, नंदराम, रामगोपाल, महेंद्र सिंह, रामखेलावन, सुरेंद्र कुमार, विमलेश आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा की टक्कर, घायल मासूम की मौत

निंदूरा बाराबंकी।कुर्सी थाना क्षेत्र के कतरामऊ निवासी रामदुलारे की ढाई वर्षीय पुत्री रितिका गुरुवार शाम घर के पास आरसीसी सड़क पर खेल रही थी।इस बीच एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने बालिका को टक्कर मार दी।रितिका गंभीर रुप से घायल हुई। चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया।इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को बालिका की मौत हुई।शव गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।

### संदिग्ध दशा में 14 बंदरों की मौत, हलचल ,आक्रोश

बाराबंकी। हरख वन रेंज क्षेत्र एवं कोठी थाना क्षेत्र के अमसेरुवा गांव में बंदरों के शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तरह तरह कि चर्चाएं और आक्रोश है। बंदरों की सामूहिक मौत की सूचना पर हरख वन क्षेत्राधिकारी मोहित श्रीवास्तव, वन दरोगा सचिन पटेल एवं पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की, मृत मिले *(14) बंदरों के शवों* को पोस्ट मार्टम हेतु सिद्धौर पशु चिकित्सालय भेजा।पीएम किया गया। हैरत है कि इतने बंदरों के शव मिलने से अचंभित ग्रामीणों में तरह - तरह कि चर्चाएं हैं। लोगों का कहना है कि यहां गांव के आस पास बंदर भी नहीं है। फिर ए - आए कहां से ! इसको लेकर लोगों में कयासों का दौर है। ग्रामीणों का कहना है कि मृत बंदरों को कहीं से लाकर यहां छोड़ा गया है। जिसमें कुछ बदहाल स्थितियों में जीवित भी देखें गए। शुक्रवार को आठ व शनिवार को छः बंदरों के शव मिले। बताया जाता है कि मृत पाए गए बंदरों के मुंह में गेहूं के दाने चिपटे दिखे।जिससे कोई जहरीला पदार्थ खाने से बंदरों की हुई मौत हुई।

बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी तादाद में बंदरों के 100 इस क्षेत्र में आए कहां से। वास्तविकता क्या है ए- जांच का विषय है। हला कि इस संबंध में पूछे जाने पर सिद्धौर पशु चिकित्साधिकारी डा.शमीम अहमद ने बताया कि हैदरगढ़ उपमुख्य पशु चिकित्सा धिकारी डा.शेषमन यादव व पशुचिकित्साधिकारी डा.अनिल वर्मा की उपस्थिति में शवों का पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें जहरीला पदार्थ खाने से बंदरों की मौत हुई की जानकारी सामने आई है। लेकिन कौन सा जहरीला पदार्थ खाया है।इसकी जांच के लिए सैम्पल प्रयोग शाला भेजा गया है।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने सैकड़ो बाढ़ पीड़ितो को वितरित की राशन किट पीड़ितों के चेहरे पर दिखाई दी मुस्कान

पूरनपुर। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने शारदापार के बाढ़ प्रभावित गांवों गुप्ता,रामनगर,सिद्धनगर,चंद्रनगर,नेहरू नगर,भुर्जनिया,शास्त्रीनगर,हजारा,अशोकनगर,श्रीनगर,कबीर गंज,नेहरोसा,गौतमनगर आदि में सैकड़ों लोगों को राहत सामग्री जिसके अंतर्गत 500 राशन किट जिसमे आटा,चावल,आलू,बिस्किट एवं अन्य सामग्री वितरित की इस दौरान सपा नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से ही जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे रही है। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा ''बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित करना हमारा कर्तव्य है हमारी पार्टी के नेता राजकुमार राजू ने इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है पार्टी के अन्य नेताओं कार्यकर्ताओं को भी इस तरह के कार्य करने चाहिये जिससे गरीबो की मदद हो यही अखिलेश यादव का एवं समाजवादी पार्टी का उद्देश्य है इसके अतिरिक्त उन्होने गांव गाव के अपने सपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कि एव आने वाले चुनाव मे सभी से एकजुट होकर चुनाव मे जुटने को कहा एव वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाने कि बात कही पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा, ''बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य करना हम सबकी जिम्मेदारी है। राजकुमार राजू के प्रयासों से सैकड़ों लोगों को राहत मिली है।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू '' ने बताया कि ''राहत सामग्री में खाने के सामान और अन्य जरूरी चीजें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आगे भी जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए काम करती रहेगी ये कार्य लगातार जारी रहेगा जिससे पीड़ितो की मदद हो सके इस दौरान प्रमुख रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह,जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी,मीता सिंह,तौफीक खा, पुष्पा देवी,प्रशांत अवस्थी,भगवानदीन वर्मा,नौशाद गाजी, ठाकुर दास,शिवम यादव,सुशीला यादव,रजनीश यादव,नवल यादव,राकेश यादव,सतीश वर्मा,सूरज यादव,राजन पाण्डेय,पंकज गुप्ता,अरविन्द गुप्ता,रोहित कुमार गौड़,रमेश,मंजीत,पुनीत,नवनीत,धर्मेंद्र आदि ग्रामवासी उपस्तिथ रहें।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने अल्मोड़ा मोमोज पर की छापेमारी भरा सैंपल

पूरनपुर। कोतवाली रोड पर स्थित स्थित अल्मोड़ा मोमोज की दुकान पर घटिया किस्म एवं वासी खाद्य सामग्री बिक्री करने सहित कई गंभीर आरोप लगाकर नगर निवासी एक युवक ने जिला अधिकारी से शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य विभाग पीलीभीत को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए मामले की जांच शांतनु कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दी गई। उन्होंने अल्मोड़ा मोमोज की दुकान पर पहुंचकर छापा मार कार्रवाई की कार्यवाही में प्रतिष्ठा का खाद्य पंजीकृत बना हुआ पाया गया निरीक्षण के दौरान दुकान में मोमोज पानी चटनी आदि की जांच की गई खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कई खाद्य सामग्री का नमूना भरकर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है। मामले की जानकारी लगते ही खाद्य पदार्थ बिक्री करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच 'सुपर संडे' को होगा 'महासंग्राम'

एजेंसी

दुबई। भारत-पाकिस्तान मैच में कुछ खास होता है। दिन भर उत्सुकता धीरे-धीरे बढ़ती है, और जब तक खिलाड़ी मैदान पर उतरते हैं, तब तक माहौल उम्मीदों से भर जाता है। रविवार शाम, दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, प्रशंसक इस चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय देखेंगे, और यह मुकाबला कौशल और साहस दोनों से ही गढ़ा हुआ होने का वादा करता है। भारत के लिए, ध्यान उनकी गेंदबाजी पर होगा। कुलदीप यादव एक ऐसे गेंदबाज के रूप में परिपक्व हो गए हैं जिनके पास असाधारण नियंत्रण और विविधता है। यूएई के खिलाफ उनका स्पैल इस बात की याद दिलाता है कि धैर्य के साथ कलाई की स्पिन कितनी प्रभावी हो सकती है। वरुण चक्रवर्ती बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की पहेलियां लेकर आते हैं, और अक्षर पटेल की निरंतर सटीकता उनकी चतुराई का पूरक है। दूसरी तरफ जसप्रीत बुमराह हैं, एक ऐसा गेंदबाज जो पारी के हर चरण में अपने कप्तान को विकल्प देता है-नई गेंद से, बीच के ओवरों में, और आखिरी क्षणों में जब दबाव में



स्पष्टता की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। भारत की बल्लेबाजी भी कम आशाजनक नहीं है। युवा अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में बढ़त हासिल करने की क्षमता दिखाई है, जबकि शुभमन गिल का शांत स्वभाव दूसरे छोर पर आश्वस्त करने वाला है। सूर्यकुमार यादव अपने स्ट्रोक्स की विविधता के साथ एक बार फिर टीम की धुरी होंगे, जिनका साथ तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल देंगे। यह एक ऐसा लाइनअप है जो परिस्थिति के अनुसार ढल सकता है, चाहे इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत हो या अचानक तेजी की। पाकिस्तान अपनी ताकतें लेकर आएगा। फखर जमान में बड़े मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है, और सैम अयूब का क्रीज पर संतुलन उन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। मोहम्मद हारिस मध्यक्रम में एक ऊर्जावान खिलाड़ी हैं। गेंद से, मोहम्मद नवाज और अबरार अहमद भारत की प्रगति को धीमा करने में सक्षम हैं, जबकि शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ गति और स्विंग से खतरनाक बने हुए हैं। दुबई की पिच अक्सर उन लोगों को फ़ायदा पहुंचाती है जो इसे समझने में समय लगाते हैं। शुरुआत में, गेंद तेज गेंदबाज़ों के लिए थोड़ी हिल सकती है, लेकिन एक बार सतह स्थिर हो जाने पर, स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है। अगर स्पिनर अनुशासन बनाए रखते हैं, तो उन्हें अपने काम में मजा आएगा, और हमेशा की तरह, ओस की संभावना कप्तानों को पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करने के बारे में सावधानी से सोचने पर मजबूर करेगी। इन दोनों टीमों के बीच मैच शायद ही कभी सीधे होते हैं। एक पल की चमक या एकाग्रता की कमी खेल की दिशा बदल सकती है। अपनी गेंदबाजी में अनुभव और विविधता के साथ, भारत थोड़ी बढ़त के साथ शुरुआत करता है, लेकिन टी20 क्रिकेट में, और खासकर इस मुकाबले में, भविष्यवाणियां हमेशा अनिश्चित होती हैं।

प्रशंसक इस बात को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं कि कल की शाम उन्हें उस खेल का आनंद लेने का एक और कारण देगी जिसे वे सभी पसंद करते हैं, जो कौशल, तीव्रता और आपसी सम्मान के साथ खेला जाता है।

## हांगकांग ओपन 2025: सात्विक-चिराग की जोड़ी फाइनल में पहुंची

एजेंसी




नई दिल्ली। भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विश्व की 9वें नंबर की जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर छह सेमीफाइनल में मिली हार के बाद सत्र के अपने पहले फाइनल में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना फाइनल में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग और चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। सात्विक और चिराग के लिए, यह परिणाम एक और फाइनल मुकाबले की ओर कदम बढ़ाने से कहीं बढ़कर है। यह एक कठिन वर्ष के बाद एक रोमांचक वापसी का प्रतीक है जिसने उनके शरीर और मनोबल दोनों की कड़ी परीक्षा ली थी। भारतीय जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद इस प्रतियोगिता में एक से अधिक पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय जोड़ी बन गई। सात्विक ओलंपिक के बाद के महीनों पीठ और कोहनी की चोटों से जूझते रहे और फरवरी में उनके पिता का हृदयाघात से निधन हो जाने के बाद उन्हें व्यक्तिगत रूप से एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा। चिकनपॉक्स के कारण उनकी वापसी फिर से रुक गई। चिराग भी बार-बार पीठ की चोट से जूझते रहे, जिससे यह जोड़ी लय और परिणाम दोनों खो बैठी। इसलिए, शनिवार की जीत, फॉर्म के साथ-साथ लचीलेपन का भी प्रमाण थी, जिसने उस भूख की झलक पेश की जिसने उन्हें कभी विश्व मंच पर भारतीय युगल में अग्रणी बनाया था।

## इंग्लैंड ने रचा इतिहास, टी20 अंतरराष्ट्रीय में 300 का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बनी

**इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 में 146 रनों से हराया**

एजेंसी

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में इंग्लैंड ने इतिहास रच दिया है। इंग्लिश टीम ने शुक्रवार देर रात (भारतीय समयानुसार शनिवार) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में सिर्फ 2 विकेट खोकर 304 रन बनाए और टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी फुल-मेम्बर टीम के खिलाफ 300 का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। फिल सॉल्ट ने धमाकेदार पारी खेलते हुए मात्र 60 गेंदों में



नाबाद 141 रन बनाए। यह किसी भी इंग्लिश बल्लेबाज का टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। कप्तान जोस बटलर ने भी सिर्फ 30 गेंदों में 83 रन की तूफानी पारी खेलकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। पहले ही ओवर से इंग्लैंड ने अपने इरादे साफ कर दिए थे। बटलर ने मात्र 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और टीम ने 5.5 ओवर में ही 100 रन ठोक दिए। सॉल्ट ने 39 गेंदों में शतक पूरा कर इंग्लैंड की ओर से सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 16.1 ओवर में सिर्फ 158 रन पर ढेर हो गई। कप्तान एडेन मार्कराम (41) और ब्योर्न फोर्टुइन (32) ने थोड़ी कोशिश की, लेकिन इंग्लिश गेंदबाजों के सामने पूरी टीम बिखर गई। जोफ्रा आर्चर ने 25 रन देकर 3 विकेट और सैम करन ने 11 रन देकर 2 विकेट झटके। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह इंग्लैंड की टी20अंतरराष्ट्रीय में अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

## विश्वकप निशानेबाजी : ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण, भारत को मिला पहला पदक

एजेंसी

नई दिल्ली। ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैम्पियन ईशा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल, निंगबो (चीन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में हुए फाइनल में ईशा ने मेज़बान चीन की पसंदीदा और फ़ॉर्म में चल रही याओ चियानसुन को मात्र 0.1 अंकों से पछाड़ा। वहीं, इस स्पर्धा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया की ओ येजिन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पहली बार विश्व कप एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के बाद ईशा ने कहा, ल्लमैं बहुत खुश हूं क्योंकि एयर पिस्टल वही स्पर्धा है जिससे मैंने शूटिंग की शुरुआत की थी। इसमें विश्व कप स्वर्ण जीतना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि



है। मेरे कुछ लक्ष्य पूरे होते देख अच्छा लग रहा है। आगे की चुनौतियों पर उन्होंने कहा, इस साल का अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप है। हम उसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और मुझे यक़ीन है कि काहिरा में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। फाइनल के दौरान मानसिकता पर बात करते हुए ईशा बोलीं, हाँ, मुझे पता था कि भारत को अब तक कोई पदक नहीं मिला है और मुकाबले में विश्व स्तरीय निशानेबाज हैं। लेकिन मैं इन खिलाड़ियों के ख़िलाफ़ कई बार फाइनल खेल चुकी हूँ और अब मुझे विश्वास है कि पिस्टल मेरे हाथ में है और असली लड़ाई मेरे खुद के साथ है। इसलिए मैं मैच को ज़्यादा से ज़्यादा एंजॉय करने की कोशिश करती हूँ। ईशा और रिदम सांगवान ने 578 अंक बनाकर महिलाओं की एयर पिस्टल फाइनल के अंतिम दो स्थान हासिल किए। याओ चियानसुन 584 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। वहीं, केवल रैंकिंग अंक के लिए खेल रही एशियाई खेलों की चैम्पियन पलक गुलिया ने शानदार 586 अंक बनाए, जो सभी से बेहतर था। भारत की तीसरी प्रतिभागी सुरभि राव 568 अंक बनाकर 25वें स्थान पर रहीं। आठ निशानेबाजों के फाइनल में ईशा और रिदम ने अच्छी शुरुआत की। पहले पांच शॉट के बाद रिदम शीर्ष पर थीं और ईशा दूसरे स्थान पर, जबकि हंगरी की पेरिस ओलंपिक पदक विजेता वेरोनिका मेजर पीछा कर रही थीं। दूसरे सीरीज़ के बाद ईशा 0.2 अंकों की बढ़त से शीर्ष पर आ गईं। रिदम पाँचवें स्थान पर खिसक गईं और अंत तक उसी पर रहीं। सिंगल शॉट शुरू होने पर दबाव का असर ओलंपिक चैम्पियन ओ येजिन पर भी दिखा जब उन्होंने 11वें शॉट पर निचले 8 अंक लगाए। 12वें शॉट के बाद चीन की 19 वर्षीय ज़ेंग सबसे पहले बाहर हुईं। ईशा ने 13वें शॉट पर 10.8 का सटीक निशाना लगाया। रिदम ने भी 15वें शॉट पर 10.8 मारकर कुछ समय के लिए चौथे स्थान पर चढ़ाई की, लेकिन 18वें शॉट तक पहुँचते-पहुँचते उनका अभियान समाप्त हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत विश्व कप 2025 जीतने का सबसे प्रबल दावेदार : लैनिंग

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज खिलाड़ी मेग लैनिंग ने उन टीमों का खुलासा किया है जिनके बारे में उनका मानना है कि आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 जीतने की सबसे ज्यादा संभावना है। ऑस्ट्रेलिया, जो गत चैंपियन के रूप में शुरुआत करेगा, ट्रॉफी जीतने के बारे में एक-दो बातें जानता है, क्योंकि उसने सात महिला एकदिवसीय विश्व कप जीते हैं। मेग लैनिंग ने स्वीकार किया कि वह ऑस्ट्रेलिया को फिर से ट्रॉफी उठाते देखना पसंद करेंगी, साथ ही पूर्व कप्तान ने यह भी बताया कि मेजबान भारत आगामी संस्करण में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक साबित हो सकता है। आईसीसी डिजिटल से बात करते हुए लैनिंग ने कहा, ''मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलिया ने इसमें काफी हद तक दबदबा बनाया है, लेकिन यह निश्चित रूप से कोई तयशुदा निष्कर्ष नहीं है। ''मैं अब भी ऑस्ट्रेलिया को जीतते देखना चाहूँगी, लेकिन मुझे लगता है कि भारत मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। मुझे लगता है कि भारत सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है। ''प्रतिभा के लिहाज से, वे किसी भी टीम से कम नहीं हैं और मुझे लगता है कि वे अब जीतना समझने लगे हैं, जिस पर उन्हें काम करने की जरूरत है और मुझे लगता है कि वे इसे बखूबी कर रहे हैं।'' लैनिंग ने 2017 विश्व कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया था, जहां वे उत्साही भारत से हार गए थे, जबकि भारत खुद लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में अपने पहले खिताब से बाल-बाल चूक गया था। कप्तान के रूप में पांच विश्व कप जीत के साथ - चार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप और 2022 वनडे खिताब - लैनिंग से बेहतर शायद ही कोई समझ पाएगा कि बड़े टूर्नामेंटों में आगे बढ़कर नेतृत्व करने और दबाव वाले क्षणों से कैसे पार पाना होता है। लैनिंग ने आगे कहा, ''हरमनप्रीत कौर उनकी (भारत की) अच्छी कप्तानी कर रही हैं और उनके पास वाकई अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें अब अच्छा अनुभव हो गया है। इसलिए मुझे उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।और अगर वे एकजुट होकर अच्छा खेलें, तो मुझे नहीं लगता कि कोई भी उनके आस-पास भी पहुंच सकता है। वे बहुत अच्छे हैं। मेजबान टीम के अलावा, लैनिंग का मानना है कि कुछ और टीमें भी हैं जो इस बड़े टूर्नामेंट में अपनी क्षमता का परिचय देकर सबको चौंका सकती हैं। लैनिंग ने कहा, ''तो आपके पास इंग्लैंड है, जो हमेशा मजबूत रहता है। दक्षिण अफ्रीका... जिसने हाल के विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है, लगता है कि जब जरूरत हो, तो वे एकजुट होकर खेल सकते हैं। और फिर, आप न्यूज़ीलैंड को भी कभी कम नहीं आंक सकते। उन्होंने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप (2024) में दिखाया कि अगर आप अपने रन का सही समय पर अनुमान लगाते हैं, तो आपको पता ही नहीं चलता कि क्या हो सकता है। तो यही इस खेल की खूबसूरती है - यहां कुछ बहुत अच्छी प्रतिस्पर्धी टीमें मौजूद हैं। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया अपने 2025 विश्व कप अभियान की शुरुआत 1 अक्टूबर को इंदौर में पड़ोसी देश न्यूज़ीलैंड के खिलाफ करेगा, जबकि मेजबान टीम 30 सितंबर को गुवाहाटी में पहले मैच में श्रीलंका से भिड़ेगी।

### नवनीत कौर ने भारत के लिए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की

**हांगझोऊ।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय खिलाड़ी नवनीत कौर को महिला एशिया कप 2025 में जापान के खिलाफ सुपर 4 मैच में 200 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है। नवनीत वर्तमान में चल रहे महिला एशिया कप 2025 में भारत के लिए दूसरी सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। 29 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 जूनियर महिला विश्व कप में जूनियर टीम को कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद 2014 में सीनियर टीम में पदार्पण किया था। तब से वह भारतीय महिला हॉकी टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हर बड़े वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रमंडल खेलों में नवनीत ने बर्मिंघम में 2022 संस्करण में भाग लिया, जहां उन्होंने भारत को कांस्य पदक दिलाने में मदद की। वह एशियाई खेलों में टीम के यादगार अभियानों का भी हिस्सा थीं, जहां उन्होंने 2018 में जकार्ता-पालेमबांग में रजत पदक और 2022 में हांगझोऊ में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा नवनीत उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने काकामिगाहारा में 2017 महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक और बाद में मस्कट में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीता था। वह 2018 में डोंगाई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। इसके बाद, रांची में 2023 और राजगीर में 2024 में लगातार स्वर्ण पदक जीते।

## केंद्रीय मंत्री मांडविया ने वीबीवाईएलडी के दूसरे संस्करण की घोषणा की

एजेंसी

नई दिल्ली। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) के पहले संस्करण की सफलता के बाद अब इसका दूसरा संस्करण (वीबीवाईएलडी-2026) शुरू किया जा रहा है। शनिवार को इसकी औपचारिक घोषणा नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने की। डॉ. मांडविया ने कहा कि वीबीवाईएलडी ऐसा अनोखा मंच है, जहां भारत के युवा न केवल अपने विचार साझा कर सकते हैं बल्कि सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने रख सकते हैं। यह सचमुच युवा आधारित लोकतंत्र का उदाहरण है, जहां विजन को आवाज़ और आवाज़ को असर में बदलने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि वीबीवाईएलडी युवाओं की ताकत और क्षमता को सही दिशा देने वाला मंच है, जो आने वाले भारत का ब्लूप्रिंट तैयार करता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि आज के युवा केवल




भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान के राष्ट्रनिर्माता हैं। उन्होंने कहा कि वीबीवाईएलडी सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक लगातार चलने वाला मंच है जो देशभर के युवाओं को जोड़ता है और उनकी नेतृत्व क्षमता को निखारता है। इसके जरिए नवाचार बढ़ता है, समाज मजबूत होता है और आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होता है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की सचिव पल्लवी जैन गोविल ने वीबीवाईएलडी 2026 की प्रक्रिया और ढांचा को समझाया। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों की यात्रा ऑनलाइन क्विज़ और निबंध प्रतियोगिता से शुरू होगी, फिर राज्य स्तर की प्रस्तुतियों तक जाएगी और अंत में राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में पूरी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार वीबीवाईएलडी 2026 में नए ट्रैक जोड़े जा रहे हैं और पूरे साल के कई चरणों के बाद इसका शिखर आयोजन जनवरी 2026 में राष्ट्रीय युवा उत्सव के दौरान होगा। वीबीवाईएलडी 2026 की नई खास बातेंवीबीवाईएलडी 2026 पहले वाले सभी मुख्य विषयों और ट्रैक्स को बनाए रखेगा, लेकिन इसके साथ ही कुछ नए बदलाव और पहली बार अंतरराष्ट्रीय भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। मुख्य जोड़ इस प्रकार हैं डिजाइन फॉर भारत ऽ यह एक राष्ट्रीय डिजाइन चैलेंज होगा, जिसमें कई चरण होंगे। यह विकसित भारतअ2047 के विज़न से जुड़ा होगा।टेक फॉर विकसित भारत हैक फॉर ए सोशल कॉज ऽ यह एक हैकाथॉन होगा, जिसमें अलग-अलग चरणों में तकनीक पर आधारित समाधान और प्रोटोटाइप बनाए जाएंगे और इसका विषय विकसित भारत@2047 पर आधारित होगा। अंतरराष्ट्रीय भागीदारी- पहली बार इसमें विदेशों से भी युवा जुड़ेंगे। इसमें विदेश मंत्रालय की पहल भारत को जानो कार्यक्रम के 80 युवा, बिम्सटेक देशों के 20 प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रतियोगिता की रूपरेखाराज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं चुने हुए नोडल संस्थानों में होंगी। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से तीन-तीन सदस्य की टीमें भाग लेंगी। हैकाथॉन और डिजाइन चैलेंज के लिए कुल 100 प्रतिभागी राष्ट्रीय फाइनल तक पहुंचेंगे और अपने इनोवेशन दिखाएंगे। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक (4 चरणों में)चरण क्रऽ क्विज - 01 सितंबर से 15 अक्टूबर 2025चरण क्रक्रऽ निबंध प्रतियोगिता - 23 अक्टूबर से 5 नवंबर 2025चरण III – पीपीटी चैलेंज (राज्य स्तर) - 24 नवंबर से 8 दिसंबर 2025चरण IV ऽ विकसित भारत चैंपियनशिप, नेशनल यूथ फ़ेस्टिवल, नई दिल्ली - 10 से 12 जनवरी 2026 कल्चरल एंड डिजाइन ट्रैक (3 चरणों में) जिला स्तर- 01 सितंबर से 31 अक्टूबर 2025 राज्य स्तर- 10 नवंबर से 01 दिसंबर 2025 राष्ट्रीय स्तर- 10 से 12 जनवरी 2026 इस ट्रैक में भाषण, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकगीत, लोकनृत्य, कविता लेखन और इनोवेशन जैसी गतिविधियां होंगी। इसमें हर राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से हर श्रेणी की सबसे अच्छी टीम राष्ट्रीय स्तर के लिए चुनी जाएगी।

## सेबी ने म्युचुअल फंड योजनाओं से निकलने का भार घटाया बड़ी कंपनियों के लिए आईपीओ के नियम होंगे आसान

एजेंसी

मुंबई। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड योजनाओं द्वारा लगाए जा सकने वाले अधिकतम स्वीकार्य निकास भार को 5% से घटाकर 3% कर दिया है।

सेबी निदेशक मंडल की यहां शुक्रवार को हुई बैठक में म्यूचुअल फंड क्षेत्र में निवेशकों की सुरक्षा, बड़ी कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग, सेबी रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रेइट) और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख उपायों को मंजूरी दी।


सेबी ने कहा है कि म्युचुअल फंड योजनाओं से निकासी पर चार्ज में संशोधन इस उद्योग नियामक ढांचे को पूंजी बाजार में प्रचलित परिपाटी के अनुरूप बनाता है। बाजार में योजनाओं से निकालने पर लगाये जाने वाले चार्ज आमतौर पर 1% से 2% के बीच होता है। नई सीमा का उद्देश्य कम तरल प्रतिभूतियों में निवेश करने वाली योजनाओं के लिए लचीलापन बनाए रखते हुए निवेशकों की सुरक्षा को संतुलित करना भी है। सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से बड़ी कंपनियों द्वारा धन उगाहने को सरल बनाने की योजना को मंजूरी दी है। सेबी ने कहा कि यदि सूचीबद्धता के बाद कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक है, तो वे अब अपने आईपीओ में अपनी चुकता शेयर पूंजी के न्यूनतम 2.5% के बराबर का आईपीओ ला सकती है। अभी यह न्यूनतम सीमा 5% है। इससे बड़ी कंपनी कंपनियों के लिए आईपीओ को अपनाना आसान होगा। सेबी के फैसले के अनुसार, 50,000 करोड़ रुपये से एक लाख करोड़ रुपये के बीच बाज़ार पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए 25 प्रतिशत की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) की शर्त को पांच साल में पूरा कर सकेंगी जबकि वर्तमान सीमा तीन वर्ष है।

## अडाणी पावर बिहार में बिजली परियोजना के लिए 3 अरब डॉलर का करेगी निवेश

एजेंसी

नई दिल्ली। अडाणी पॉवर लिमिटेड बिहार में तीन अरब डॉलर (करीब 26,482 करोड़ रुपये) के निवेश से 2,400 मेगावाट का (अल्ट्रा सुपर-क्रिटिकल) अत्याधुनिक बिजली संयंत्र स्थापित करेगी।

अडानी समूह की कंपनी ने शनिवार को एक बयान में बताया कि उसने बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड बीएसपीजीसीएल के साथ 25 साल के बिजली आपूर्ति समझौता (पीएसए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत राज्य के भागलपुर जिले के पीरपैंती में स्थापित होने वाली परियोजना से बिजली की आपूर्ति की जाएगी। कंपनी ने बताया कि वह नए संयंत्र (800 मेगावाटx3) और इसके सहायक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व




और संचालन माडल के तहत लगभग 3 अरब यूएस डॉलर का निवेश करने की योजना है। कंपनी का लक्ष्य 60 महीनों में इन संयंत्रों को चालू करना है। अडानी पावर लिमिटेड ने 6.075 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की न्यूनतम आपूर्ति दर की पेशकश करके यह परियोजना हासिल की है। यह समझौता उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से बीएसपीजीसीएल द्वारा अडानी पावर को अगस्त में जारी किए गए लेटर ऑफ अवार्ड के अतिरिक्त है। उल्लेखनीय है कि आडाणी पॉवर लिमिटेड अडानी समूह की कंपनी है, जो विद्युत ऊर्जा के उत्पादन से संबंधित परियोजनाएं लगाती है। इसका मुख्यालय गुजरात के अहमदाबाद में है।


# सदनों में नियोजित गतिरोध चिंतनीय : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सदनों में नियोजित गतिरोध बढ़ना हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है इसलिए इसे समाप्त करने के लिए व्यापक संवाद की आवश्यकता है।

श्री बिरला ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आयोजित 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन के समापन पर शनिवार को अपने संबोधन में कहा कि सदनों में नियोजित गतिरोध बढ़ना हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापक संवाद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि राजनीति में विचारों और मतभिन्नताओं का होना स्वाभाविक है, क्योंकि यही लोकतंत्र की आत्मा है। इन मतभिन्नताओं के बावजूद चर्चा और संवाद को कभी थमना नहीं चाहिए। जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए हमारी विधायी संस्थाओं को अधिक पारदर्शी,



जवाबदेह और उत्तरदायी होना होगा, तथा इसके लिए तकनीकी साधनों का सकारात्मक और अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानमंडलों की लाइब्रेरी, रिसर्च और रेफरेंस शाखाओं को और सशक्त बनाना समय की मांग है, ताकि सदनों में होने वाली बहस अधिक गहन, सार्थक और तथ्य परक हो सके। लोकतंत्र में असहमति का भी एक मूल मूल्य है। इसलिए असहमति को परिपक्वता और सहनशीलता के साथ स्वीकार किया जाना चाहिए तथा बहस को मुद्दों तक सीमित रखा जाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप तक हो।

उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के कारण आज अधिकांश विधानसभाएँ जनता तक और अधिक सुगमता से पहुँची हैं। आने वाले समय में डिजिटलीकरण का और सकारात्मक उपयोग कर जनता और विधानमंडलों के बीच जुड़ाव को और सशक्त किया जाएगा। भारत का लोकतंत्र और संविधान आज पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक बन चुके हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी संस्थाओं को और अधिक सशक्त, प्रेरक और अनुकरणीय बनाएँ।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से हमें साझा दायित्वों और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने की प्रेरणा मिली है। यदि राज्यों की सफलताओं और श्रेष्ठ प्रथाओं को हम अपने विधानमंडलों में लागू करें, तो निश्चित ही लोकतंत्र और अधिक पारदर्शी और सहभागी बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का मार्ग हमारे विधानमंडलों की सक्रिय, सकारात्मक और जन केंद्रित भूमिका से ही प्रशस्त होगा।

# मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को दिखावा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने शांति बहाली का ठोस प्रयास करने की बजाय शोर शराबा करने पर ज्यादा ध्यान दिया है। श्री खरगे ने प्रधानमंत्री के नाम एक संदेश में शनिवार को कहा ''श्री नरेंद्र मोदी जी, मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं, बल्कि एक दिखावा है और हिंसा से घायल हुए लोगों के जख्मों का अपमान है। मणिपुर की राजधानी इम्फाल और चुराचांदपुर में आप जो तथाकथित रोड शो कर रहे हैं वह राहत शिविरों में रहने वाले लोगों का दर्द सुनने से बचने का एक प्रयास है।'' उन्होंने मणिपुर हिंसा के जख्मों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 864 दिनों की हिंसा में लगभग 300 लोग मारे गये और 1,500 से ज़्यादा घायल हुए तथा हिंसा के कारण 67,000 लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा के बाद से आपने 46 विदेश यात्राएं कीं हैं लेकिन अपने देश के नागरिकों को सहानुभूति के दो शब्द कहने के लिए मणिपुर की एक भी यात्रा नहीं की। मणिपुर के दौरे पर आप इससे पहले जनवरी 2022 में गये और वह भी वहां चुनावी यात्रा पर गये थे। कंाग्रेस अध्यक्ष ने श्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आपकी 'डबल इंजन' सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ले ली है। आप और गृह मंत्री अमित शाह की घोर अक्षमता और सभी समुदायों के साथ विश्वासघात की मिलीभगत को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर जांच से तो बचा लिया लेकिन वहां हिंसा अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की ज़िम्मेदारी भाजपा की थी लेकिन इसमें केंद्र सरकार फिर से टालमटोल कर रही है। भाजपा को यह भी ध्यान रखना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर सुरक्षा आपकी ही सरकार की ज़िम्मेदारी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा ''आप अपने लिए एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित कर रहे हैं।

## वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर अंतरिम रोक पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 15 सितंबर को

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना अंतरिम फैसला सुनायेगा।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 22 मई को उस कानून के विभिन्न प्रावधानों पर रोक लगाने की याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत की कार्यसूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश सोमवार, 15 सितंबर को सुबह 10.30 बजे 'वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के संबंध में' दर्ज मामले में अपना फैसला सुनाएंगे। सुनवाई के दौरान 25 अप्रैल को, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम 2025 का बचाव करते हुए एक प्रारंभिक हलफनामा दायर किया। केंद्र ने संसद द्वारा पारित संवैधानिकता की धारणा वाले किसी भी कानून पर अदालत द्वारा किसी भी तरह की पूर्ण रोक का विरोध किया था। शीर्ष अदालत ने तीन दिनों तक दलीलें सुनीं, जिसमें केंद्र ने तर्क दिया कि संसद द्वारा विधिवत अधिनियमित इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के लिए केवल कानूनी प्रस्ताव या काल्पनिक तर्क पर्याप्त नहीं हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दावा किया था कि वक्फ प्रबंधन ने स्मारकों का दुरुपयोग किया है, दुकानों के लिए जगहें बनाई हैं और अनधिकृत परिवर्तन किए हैं। केंद्र ने पहले आश्वासन दिया था कि किसी भी वक्फ संपत्ति (जिसमें उपयोगकर्ता द्वारा स्थापित संपत्तियाँ भी शामिल हैं) को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। उसने यह भी कहा था कि 2025 के अधिनियम के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष इस अधिनियम के खिलाफ 100 से अधिक याचिकाएँ दायर की गई थीं।

# भूपेन हजारिका ने हिंसा और अलगाववाद के दौर में पूर्वोत्तर को जोड़ा: मोदी

एजेंसी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत रत्न भूपेन हजारिका न केवल संगीत के महानायक थे, बल्कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक भी थे। उन्होंने कहा कि जिस समय पूर्वोत्तर क्षेत्र उपेक्षा, हिंसा और अलगाववाद की आग में झुलस रहा था, उस कठिन कालखंड में भी भूपेन दा ने भारत की एकता को स्वर दिया और समृद्ध, शांतिपूर्ण तथा आत्मनिर्भर पूर्वोत्तर का सपना देखा।

प्रधानमंत्री मोदी गुवाहाटी में आयोजित भूपेन हजारिका की जन्मशताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने भूपेन हजारिका पर लिखी एक पुस्तक का विमोचन किया और उनकी स्मृति में 100 रुपये का शताब्दी स्मारक सिक्का जारी किया। कार्यक्रम में उनका स्वागत पारंपरिक असमिया शॉल और भूपेन हजारिका का चित्र भेंट कर किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में




स्थानीय लोग शामिल हुए और मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट जलाकर उत्सव का माहौल बनाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भूपेन हजारिका का जीवन और संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं थे, बल्कि वह साधना और संकल्प थे। उन्होंने कहा, भूपेन दा के गीत हमारी आत्मा को छूते हैं, क्योंकि उनमें मां भारती के प्रति अथाह प्रेम और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक मिलती है। उनकी रचनाएं भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने वाली थीं, जिन्होंने पीढ़ियों को प्रेरित किया।ङ्क मोदी ने कहा कि दशकों पहले जब नॉर्थ ईस्ट उपेक्षा का शिकार था और हिंसा तथा अलगाववाद से जूझ रहा था, उस कठिन समय में भूपेन दा ने निरंतर भारत की एकता की वकालत की। उनकी आवाज ने न केवल पूर्वोत्तर, बल्कि पूरे देश में एकता और विश्वास का संदेश फैलाया। उन्होंने कहा, ल्लआज हमारी सरकार उनके उसी सपने को साकार करने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। हमने उन्हें भारत रत्न देकर न केवल एक कलाकार का सम्मान किया, बल्कि पूर्वोत्तर के सपनों और स्वाभिमान को भी नई पहचान दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर का इतिहास, संस्कृति और बलिदान भारत की अवधारणा से अभिन्न रूप से जुड़ा है। यह क्षेत्र आज पूरे देश के लिए नई रोशनी और नई आशा की भूमि बन रहा है। उन्होंने कहा, आखिरकार, देश का पहला सूर्योदय यहीं होता है और भूपेन दा ने अपने गीतों के माध्यम से इसी भावना को स्वर दिया था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने हाल ही में आठ सितंबर को भूपेन हजारिका की जयंती पर लिखे अपने लेख का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें इस जन्मशताब्दी वर्ष के आयोजन का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा, आज का यह दिन अद्‌भुत और अनमोल है। यहां का उत्साह, तालमेल और भूपेन दा के संगीत की लय मुझे लगातार यह कहने पर मजबूर कर रही थीऽ समय ओ धीरे चलो, समय ओ धीरे चलो। मोदी ने भूपेन हजारिका की रचनाओं को भारत के लिए अमर धरोहर बताया और कहा कि उनकी अमर आवाज भले ही शारीरिक रूप से अब हमारे बीच न हो, लेकिन आज भी लोगों को ऊर्जा और प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा, ल्लभूपेन दा का संगीत भारत की विविधता में एकता का सबसे सशक्त उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने सांस्कृतिक संपर्क पर विशेष बल देते हुए कहा कि जब हम कनेक्टिविटी की बात करते हैं, तो लोग आमतौर पर रेल, सड़क और हवाई मार्ग को याद करते हैं। लेकिन एक राष्ट्र के लिए केवल भौतिक संपर्क ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक संपर्क भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर में विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक कनेक्टिविटी को भी मजबूत करने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज पूरा देश पूर्वोत्तर की विरासत और इतिहास से परिचित हो रहा है। मोदी ने 1962 के भारत-चीन युद्ध और 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि असम ने प्रत्यक्ष रूप से युद्ध की परिस्थितियां देखी थीं। उस समय भूपेन दा ने अपने गीतों के माध्यम से राष्ट्र के संकल्प को और मजबूत किया।

## अल्पसंख्यक युवाओं के उत्थान के लिए नीतियों में ला रहे बदलाव : रिजिजू

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अल्पसंख्यक युवाओं, महिलाओं और सभी समुदायों के लाभ के लिए नई दृष्टि के साथ हम नीतियों में बदलाव ला रहे हैं। श्री रिजिजू ने शनिवार को यहाँ अल्पसंख्यक कल्याण के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा,ल्लएक नई दृष्टि के साथ, हम नीतियों में बदलाव ला रहे हैं और पहले की पहलों को अधिक गति से आगे बढ़ा रहे हैं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक युवाओं, महिलाओं और सभी समुदायों के लाभ के लिए।ङ्क श्री रिजिजू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अल्पसंख्यक समुदायों के विकास और लाभ के लिए सुधार रोडमैप तैयार करने में प्रतिनिधियों के सुझाव आवश्यक हैं। सम्मेलन में आठ राज्यों के मंत्रियों ने भाग लिया, जिनमें बिहार से मोहम्मद ज़मा खान, महाराष्ट्र से एडवोकेट मणिलकराव कोकाटे, नागालैंड से इमकोंगमार, ओडिशा से नित्यानंद गोंड, तमिलनाडु से एस.एम. नासर, त्रिपुरा से शुक्ला चरण नोआतिया, उत्तर प्रदेश से ओम प्रकाश राजभर और अरुणाचल प्रदेश से केंटो जिनी शामिल हुए। सम्मेलन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मंत्रियों और सचिवों ने पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए सुझाव साझा किए। अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने सभी हितधारकों से सेवाओं की कुशल आपूर्ति और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए 'सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन और सूचना' के मंत्र का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास) और प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) जैसी चल रही योजनाएँ अल्पसंख्यक समुदायों के लिए कौशल विकास और बुनियादी ढाँचे के विकास को बढ़ावा दे रही हैं।

## डीआरआई ने कोलकाता में पकड़ा 26 करोड़ रुपये का तस्करी का मादक द्रव्य, दस गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कोलकाता में मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया कर लगभग 26 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए है और इसमें शामिल नेटवर्क के सरगना सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार डीआरआई की कोलकाता क्षेत्रीय इकाई ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपने अभियान के तहत शुक्रवार को एक बहुआयामी अभियान चलाया। इसके तहत सुबह तीन अलग-अलग स्थानों पर एक साथ तलाशी ली गयी। जिनमें कोलकाता हवाई अड्डा और जादवपुर के बिजॉयगढ़ इलाके में दो मकान हैं जिनमें एक नेटवर्क के सरगना कहा मकान है । इस कार्रवाई में कुल मिलाकर, 32.466 किलोग्राम गांजा, 22.027 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड, 345 ग्राम कोकीन और नकदी जब्त की गई है। सरगना के आवासीय परिसर में, भारी मात्रा में हाइड्रोपोनिक वीड, गांजा और कोकीन बरामद किया गया। दूसरे आवासीय परिसर को भी उसने किराए पर लिया था । वहां से भी भारी मात्रा में ' पैक और वितरण के लिए तैयार ' गांजा बरामद किया गया। वहां से उसके चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी कोलकाता में ऐसे नशीले पदार्थों की बिक्री और स्थानीय वितरण के लिए कार्यरत थे। विज्ञप्ति के मुताबिक डीआरआई के अधिकारियों ने उक्त स्थानों से नकदी भी जब्त की, जो नशीले पदार्थों की बिक्री से प्राप्त हुई थी। इस नेटवर्क के का एक अन्य सदस्य विदेशों में आपूर्तिकर्ताओं की व्यवस्था करता था। उसको भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दमदम स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे पर एक अलग अभियान में, बैंकॉक से आ रहे उक्त गिरोह से जुड़े चार लोगों को पकड़ा गया जो माल लाने-लेजाने का काम करते थे। इसमें तीन महिलाएं है उनके पास से भी भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए। सभी जब्ती और गिरफ्तारियाँ स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के संबंधित प्रावधानों के तहत दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# पेज एक का शेष

### शांति का...

सड़कें बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। हाल के वर्षों में, यहाँ राष्ट्रीय राजमार्गों पर 3,700 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और 8,700 करोड़ रुपये के निवेश से नए राजमार्गों पर काम चल रहा है। '' श्री मोदी ने कहा कि चूड़ाचांदपुर और पूरे मणिपुर की संस्कृति और यहां की विविधता भारत का सामर्थ्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। हम बहुत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। हमने देशभर में गरीबों के लिए पक्के घर बनाने की योजना शुरू की है । इसका फायदा मणिपुर के भी हजारों परिवारों को मिला। बीते सालों में 15 करोड़ से अधिक देशवासियों को नल से जल की सुविधा मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में 7-8 साल पहले तक सिर्फ 25-30 हजार घरों में ही पाइप से पानी आता था। आज यहां साढ़े तीन लाख से अधिक घरों में नल से जल की सुविधा मिल रही है। आने वाले समय में पूरे राज्य में हर घर को यह सुविधा हो जाएगी। श्री मोदी ने कहा एक समय था जब दिल्ली में लिए गये फैसलों को यहाँ तक पहुँचने में दशकों लग जाते थे। आज, हमारा चुड़ाचांदपुर, हमारा मणिपुर, देश के बाकी हिस्सों के साथ मिलकर प्रगति कर रहा है। जैसे हमने देश भर के गरीबों के लिए पक्के मकान बनाने की घोषणा की, मणिपुर को भी इसका लाभ मिला है। मणिपुर में मेडिकल कालेज सुविधाओं के विस्तार तथा आयुष्मान भारत योजना से लोगों के मिल रहे लाभ का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से राज्य के लोगों का 350 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज संभव हो सका है। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र मणिपुर में विस्थापित लोगों के लिए 7000 घर बनाने के लिए मदद दे रहा है। मणिपुर के लिए 3000 करोड़ रुपये का एक स्पेशल विकास पैकेज तथा विस्थापितों की मदद के लिए 500 करोड़ का पैकेज दिया गया है। जनजातीय समुदाय के आदिवासी युवावों की चिंताओं को दूर करने के लिए अलग अलग समाधान किये जा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए स्थानीय निकायों को मजबूत किये जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातियों का विकास केंद्र सरकार की एक विशेष प्राथमिकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भी उल्लेख किया । मणिपुर के करीब 500 गावों में भी यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मणिपुर की संस्कृति में महिलाओं के विशिष्ट स्थान का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भी महिलाओं के नेतृत्व में विकास को प्रोत्साहन दे रही है। मौसम खराब होने की वजह से प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे से चुड़ाचांदपुर के पीस ग्राउंड तक सड़क मार्ग से जाना पड़ा। उन्होंने सभा में इस बात का उल्लेख करते हुए कहा, ' जब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका, तो मैंने सड़क मार्ग से यात्रा करने का विकल्प चुना। सड़क किनारे लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर मेरा स्वागत किया। मुझे जो गर्मजोशी और प्यार मिला, उसे मैं कभी नहीं भूल पाऊँगा। मैं मणिपुर के लोगों के प्रति सम्मानपूर्वक अपना सिर झुकाता हूँ।

### 26 लाख से अधिक...

जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दीपोत्सव-25 को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इस पर बार 26 लाख से अधिक दीपक और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदूषण-मुक्त आतिशबाज़ी के साथ हम अयोध्या की सांस्कृतिक भव्यता को प्रदर्शित करेंगे, जो हर श्रद्धालु को अविस्मरणीय अनुभव देगा। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि इस बार के दीपोत्सव-25 में परंपरा और नवाचार दोनों का उत्सव देखने को मिलेगा। इस बार पर्यावरण हितैषी और कोरियोग्राफ्ड आतिशबाज़ी हमारे स्थायित्व के संकल्प को हर श्रद्धालुओं तक पहुंचाएगी। साथ ही अयोध्या की धरोहर को विश्व मंच पर प्रस्तुत करेगी। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत का गौरव है।

### नेपाल में काठमांडू ...

था। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध सोमवार रात हटा लिया गया था। नेपाल पुलिस के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को शुरू हुए 'जेन जेड' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों में एक भारतीय नागरिक समेत कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है। ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद नेपाली सेना ने सुरक्षा स्थिति को अपने नियंत्रण में ले लिया था। कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रण में लेने के तुरंत बाद सेना ने काठमांडू घाटी और देश के अन्य हिस्सों में निषेधाज्ञा लागू कर दी थी, जबकि कुछ निश्चित समयावधि के दौरान लोगों की आवाजाही की अनुमति दी गई। नेपाल में राजनीतिक संकट से निपटने और नए चुनावों की देखरेख के लिए सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

### आपदा प्रबंधन के लिए...

की तुलना में प्रदेश में गरीबी दर में 20.28 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 13.57 अंक रहा। यह अंतर दर्शाता है कि यूपी ने गरीबी उन्मूलन में देशभर में सबसे तेज प्रगति की है। सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच और ''सबका साथ, सबका विकास'' की नीति ने करीब 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में मदद की है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। विकसित यूपी अ2047 का आर्थिक लक्ष्यराज्य सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक यूपी की जीएसडीपी 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाई जाए, जो भारत की अनुमानित जीडीपी का 20 प्रतिशत होगी। इसके लिए प्रदेश को अगले 22 सालों में लगभग 16 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। वर्तमान में प्रदेश की जीएसडीपी 353 बिलियन डॉलर है, जिसे 2030 तक 1000 बिलियन, 2036 तक 2000 बिलियन और 2047 तक 6000 बिलियन डॉलर यानी 6 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 26 लाख रुपये तक पहुंचाकर 'जीरो पॉवर्टी' के लेवल तक पहुंचाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकल्प है। 2017 से पहले और अब2017 से पहले प्रदेश आपदा प्रबंधन और आर्थिक समृद्धि दोनों ही क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ था। आपदा प्रबंधन की कोई ठोस कार्ययोजना नहीं थी और योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक नहीं हो पाती थी। लेकिन बीते साढ़े आठ वर्षों में शासन की दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी सहयोग ने तस्वीर बदल दी है। अब प्रदेश विकास की नई उड़ान भरने को तैयार है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट मत है कि विकसित यूपी का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मजबूत आधार खड़ा करना भी है।

### डीपफ़ेक वीडियो ...

संख्या 0050 दर्ज की। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराएं 318(2), 336(3), 336(4), 340(2), 352, 356(2) और 61(2) शामिल की गई हैं। इन धाराओं में मानहानि, फर्जी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तैयार करना, अफवाह फैलाना, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाना और सार्वजनिक अव्यवस्था फैलाने जैसे अपराध सम्मिलित हैं। शिकायत में कहा गया है कि कंाग्रेस द्वारा जारी यह डीपफ़ेक वीडियो न केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास है बल्कि यह समाज में भ्रम, नफरत और अशांति फैलाने की सुनियोजित कोशिश है। संकेत गुप्ता ने यह भी कहा कि किसी मां–विशेषकर दिवंगत मां–का राजनीतिक लाभ के लिए अपमान करना भारतीय संस्कृति और समाज की संवेदनाओं को ठेस पहुँचाता है। दिल्ली पुलिस ने जांच की जिम्मेदारी एसआई स्तर के पदाधिकारी को सौंपी है। साथ ही पुलिस ने संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म से वीडियो और उसके प्रसार की तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और कंाग्रेस नेताओं की भूमिका की जांच की जाएगी ।

### रूस से तेल...

कि यह ''ट्रंप का युद्ध'' नहीं है और यदि वह उस समय राष्ट्रपति होते तो यह शुरू ही नहीं होता। उनकी कोशिश सिर्फ यूक्रेन और रूस के हजारों लोगों की जान बचाने की है जो इस युद्ध में मारे जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है उनके कहे अनुसार चलने पर यह युद्ध जल्द समाप्त हो जायेगा और यदि ऐसा नहीं हुआ तो ''आप मेरा समय, और अमेरिका का समय, ऊर्जा और पैसा बर्बाद कर रहे हैं। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर 50 प्रतिशत और चीन पर 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है।

### राष्ट्रहित और जनहित...

इसके बाद केजीएमयू या एसजीपीजीआई की तरफ जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे घनी आबादी पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल की है। ऐसे में यहां से लोग सबसे पहले आरएमएल की ओर अपना रूख करते हैं। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा में हुए सुधारों की दिशा में तीन प्रमुख संस्थानों का योगदान अत्यधिक सराहनीय रहा है। इन संस्थानों ने सम और विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा के नए मानक स्थापित किए हैं। यह सुधार खासतौर पर कोरोना महामारी के दौरान देखे गए, जब उत्तर प्रदेश को पहली बार ऐसी महामारी का सामना करना पड़ा। कोरोना के प्रारंभिक दिनों में उत्तर प्रदेश में कोविड की जांच की कोई सुविधा नहीं थी। जब पहला मरीज आगरा और नोएडा से आया, तो उनके सैंपल दिल्ली के प्रतिष्ठित अस्पताल एम्स और सफदरजंग में भेजे गए थे। धीरे-धीरे प्रदेश में जांच की सुविधाएं विकसित की गईं और टेस्टिंग प्रक्रिया में सुधार हुआ। उस समय राज्य में 36 जनपद ऐसे थे, जहां आईसीयू का एक भी बेड नहीं था और ट्रेंड मैनपावर की भारी कमी थी। इसके बावजूद प्रदेश ने नए मॉडल अपनाए, जैसे वर्चुअल आईसीयू। एसजीपीजीआई, केजीएमयू और आरएमएल अस्पतालों ने प्रदेश के 75 जनपदों में वर्चुअल आईसीयू के माध्यम से मरीजों को बेहतर राहत देने के लिए प्रशिक्षित मैनपावर को भेजा। इन संस्थानों ने प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स की मदद से अन्य मेडिकल कॉलेजों और कोविड अस्पतालों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी का परिणाम है कि प्रदेश ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करके महामारी को मात देने का मॉडल दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान टेक्नालॉजी का प्रयोग कर जिस तरह भीड़ को नियंत्रित किया गया, आज भी उसे अपनाकर अस्पतालों और संस्थानों में भीड़ को कम किया जा सकता है। टेली कंसल्टेशन की सुविधा दूर-दराज के क्षेत्रों में पीएचसी, सीएचसी और डिजिटल अस्पतालों में उपलब्ध कराकर मरीजों की स्क्रीनिंग को सही तरीके से पूरा किया जा सकता है। जब स्वास्थ्य की बात की जाती है, तो सुश्रुत और चरक जैसे भारतीय चिकित्सकों का उल्लेख नितांत आवश्यक है। भारत ने दुनिया को सर्वोत्तम चिकित्सक दिए हैं, जिनका योगदान बेमिसाल है। इन संस्थानों ने अपने अनुभव और ज्ञान के आधार पर चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की दिशा तैयार की है। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में पिछले कई वर्षों में 50,000 से अधिक बच्चों की मौत इंसेफ़ेलाइटिस बीमारी से हुई थी, लेकिन टीमवर्क और जागरूकता के बाद बीमारी पर पूरी तरह से काबू पाया लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में हुए इस परिवर्तन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब सभी विभाग और संस्थान मिलकर काम करते हैं, तो सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। इन सुधारों का परिणाम यह हुआ कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में जहां पहले भय का माहौल था, अब उत्साह और उमंग का वातावरण है। सीएम ने कहा कि संस्थान में 50 करोड़ की गामा नाइफ मशीन और प्रदेश के पहले एडवांस्ड न्यूरो साइंसेज सेंटर का उद्घाटन किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश के लोगों को अब ब्रेन ट्यूमर और अन्य मस्तिष्क संबंधित बीमारियों के इलाज में सहायता मिलेगी। उत्तर प्रदेश में मेडिकल डिवाइस और फार्मा पार्क के विकास की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सीएम ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में फार्मा पार्क का कार्य जारी है। हम प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं, जो आगे भी युद्धस्तर पर जारी रहेगा।

'बिहार की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी', कांग्रेस के एआई वीडियो पर बोले जेपी नड्डा

# ये लोग राजनीति को गिरा रहे हैं : नड्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में हाल के दिनों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा निकाली। इस यात्रा के दौरान कांग्रेस-आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को अपशब्द कहे गए, जिस पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। इस विवाद के बीच कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक एआई जेनेरेटेड वीडियो शेयर किया है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां के बीच एक काल्पनिक संवाद दिखाया गया है। कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए इस वीडियो पर भाजपा ने कड़ा हमला बोला है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पटना में एक दैनिक अखबार के कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस के मंच से पहले प्रधानमंत्री मोदी की मां को अपशब्द कहे गए और कल कांग्रेस का जो वीडियो आया है वो इस बात का प्रमाण है कि उनकी सोच कितनी गंदी है। जेपी नड्डा ने कहा कि ये लोग किस तरह राजनीति को गिरा रहे हैं। बिहार की धरती इसका गवाह है। बिहार की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले 20 साल में देश की जीडीपी 10 बार डबल डिजिट में रही है। बिहार में 3.77 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल चुके हैं। यह सब केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि बिहार आज दोहरी स्थिति में खड़ा है- एक तरफ अंधकार और दूसरी ओर उजाला। जब तक अंधकार दूर नहीं किया जाएगा, तब तक उजाले का रास्ता साफ नहीं होगा। उन्होंने याद दिलाया कि 2003 से पहले बिहार में गांधी मैदान में 'तेल पिलावन' और 'लाठी घुमावन' जैसे रैलियों का आयोजन हुआ करता था। उन्होंने कहा कि मैंने जिस कॉलेज से पढ़ाई की, उसे कभी बिहार का ऑक्सफोर्ड कहा जाता था, लेकिन आज हालात यह हैं कि छात्रों को पढ़ाई के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग जाति, समुदाय और धार्मिकता के नाम पर केवल अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने में लगे हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे राज्य के विकास के लिए सही निर्णय लें। कार्यक्रम के बाद जेपी नड्डा सारण जिला मुख्यालय छपरा के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हो गए, जहां वह अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। बाद में हेलीकाप्टर से पटना लौट जाएंगे। देर शाम जेपी नड्डा पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। भाजपा दफ्तर में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में 30 से अधिक नेताओं के हिस्सा लेने की संभावना है। विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# महाराष्ट्र सरकार ने की 350वीं शहादत शताब्दी मनाने के लिए योजना और प्रबंध समितियों की घोषणा: सिद्धू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुंबई / अमृतसर। महाराष्ट्र सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी और दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी की 350वीं गुरता गद्दी शताब्दी को राज्य स्तर पर भव्य रूप में मनाने के लिए रूपरेखा, प्रबंध समितियों और विस्तृत कार्यक्रमों का ऐलान किया है। महाराष्ट्र सिख समन्वय समिति के प्रमुख जसपाल सिंह सिद्धू ने शनिवार को यहां जारी बयान में बताया कि यह निर्णय दमदमी टकसाल के प्रमुख संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए लिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी रूपरेखा के अनुसार, इस वर्ष नांदेड़ में 15516 नवम्बर, नागपुर में छह दिसम्बर और नवी मुंबई में 20521 दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रमों के लिए राज्य स्तरीय तालमेल समिति का गठन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में किया गया है। साथ ही स्थानीय प्रबंध समितियाँ और जिला स्तरीय समितियाँ बनाई गई हैं ताकि धार्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर सफल बनाया जा सके।

इस योजना में संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा और 11 सदस्यीय सिख समन्वय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ सिख संगतों, सिकलीगर, लबाना, बंजारा, मोहयाल और अन्य समुदायों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। सरकार ने राज्य के मुख्य सचिव को समिति का चेयरपर्सन नियुक्त किया है, जबकि बड़े संत महात्मा, सिख प्रतिनिधि, सामाजिक नेता और विद्वान गैर-आधिकारिक सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। साथ ही एक विशेष प्रदर्शनी समिति का गठन भी किया गया है, जो गुरु साहिब की महान विरासत पर शोध आधारित प्रकाशन, ऑडियो/वीडियो सामग्री और जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को जोड़ेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने 1675 में धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दिल्ली के चांदनी चौक में शहादत दी। उनकी शहादत केवल सिख कौम ही नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। गुरु साहिब की शहादत ने आने वाली पीढ़ियों को सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा का अटल संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने भाई लखीशाह वनजारे की उस अनोखी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया जिन्होंने गुरु साहिब के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार अपने घर समेत काफिले को आग लगाकर किया था। इस अवसर पर संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा ने महाराष्ट्र सरकार और श्री फडणवीस का धन्यवाद किया कि उन्होंने सिख कौम की ऐतिहासिक भावनाओं को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिबानों की आशीष और सरकार तथा संगत के सहयोग से ये आयोजन शहादत, एकता और आध्यात्मिक बल का प्रतीक बनेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## चंडीगढ़ में लोक अदालत का आयोजन, चालान न जमा होने से लोग निराश

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में शनिवार को चंडीगढ़ जिला अदालत में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सुबह से ही अदालत परिसर में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। खासकर ट्रैफिक चालान का भुगतान करने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगीं। सुबह छह बजे से लोग चालान भुगतान के लिए लाइन में खड़े हो गए थे। इनमें बुजुर्गों और महिलाओं की संख्या भी काफी रही। किसी के पास पांच चालान थे तो किसी के पास 40 तक चालान जमा कराने के लिए लोग पहुंचे थे। भीड़ का सबसे बड़ा कारण यह था कि लोक अदालत में चालान आधी राशि पर निपटाए जाते हैं। पर इस बार कई लोगों को निराशा हाथ लगी। लोगों का कहना था कि सुबह से खड़े रहने के बावजूद जब उनका नंबर आया तो बताया गया कि वर्ष 2024 और 2025 के चालान स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस वजह से कई लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा। लोगों ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि यदि पहले ही जानकारी दे दी जाती तो उन्हें बेवजह तीन-तीन घंटे लाइन में न लगना पड़ता। जिला अदालत प्रशासन ने बुजुर्गों और महिलाओं के लिए अलग लाइन और विशेष प्रबंध किए थे, लेकिन चालान भुगतान न होने से वे भी निराश दिखे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन साल में चार बार किया जाता है। यह 2025 वर्ष की तीसरी लोक अदालत थी। अब चौथी लोक अदालत का आयोजन दिसंबर में किया जाएगा।

## एल. मुरुगन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**रूपनगर।** केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन (संसदीय कार्य मंत्रालय, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय) ने शनिवार को रूपनगर जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लिया और ग्रामीणों से बातचीत की और एक घर में बैठकर उनकी समस्याएँ सुनीं। ड़ॉ. मुरुगन ने इस दौरान ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की ओर से उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। मंत्री डॉ मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया, स्थिति की समीक्षा की और नुकसान का आकलन करने के लिए गुरदासपुर में एक बैठक की। प्रधानमंत्री ने पंजाब के लिए पहले से आवंटित 12,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त, 1,600 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राहत पैकेज की घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त बुनियादी ढाँचे के पुनर्निर्माण और पुनर्स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पंजाब और उसके किसानों के साथ पूरी तरह खड़ी है। उन्होंने शाहपुर बेला के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को गंभीरता से लिया जाएगा और केंद्र सरकार के सहयोग से सभी माँगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

## लोगों को गुमराह करने की गलती के लिए माफी मांगें मान : जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) कोष को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को सोशल मीडिया में सार्वजनिक कर राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए उनसे लोगों को गुमराह करने को लेकर माफी मांगने की मांग की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि पंजाब के पास पड़े 12 हजार करोड़ रुपये के एसडीआरएफ कोष की जानकारी नहीं है। श्री जाखड़ ने अपने सोशल मीडिया संदेश में श्री मान को संबोधित करते हुए लिखा, ''यह कैग की रिपोर्ट है जिसमें स्पष्ट रूप से दर्ज है कि 31 मार्च 2023 को पंजाब के पास एसडीआरएफ के 9041.74 करोड़ रुपये थे और रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार के नियमों का उल्लंघन करते हुए राज्य सरकार ने इसका उचित निवेश भी नहीं किया था।'' उन्होंने लिखा, ''इसके बाद भी 23-24, 24-25 और 25-26 के कोष आए हैं, जिन्हें मिलाकर कुल राशि 12 हजार करोड़ रुपये बनती है। मुख्यमंत्री साहब आपके मुख्य सचिव ने भी आपकी मौजूदगी में संवाददाता सम्मेलन के दौरान दबी जुबान में इसे स्वीकार किया था और आपके मंत्री भी इसे मान चुके हैं। अब बेहतर होगा कि आप पंजाब को गुमराह करने के लिए राज्य के लोगों से माफी मांग लें और इस राशि का उचित उपयोग लोगों को राहत देने में करें। श्री जाखड़ ने बताया कि अगली रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2024 को राज्य सरकार के पास एसडीआरएफ का कुल 10380.41 करोड़ रुपये जमा हो चुका था। उन्होंने कहा कि ये सभी तथ्य स्पष्ट करते हैं कि मुख्यमंत्री पंजाब अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं और सरकारी पैसे के दुरुपयोग पर पर्दा डाल रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री यह नहीं कह सकते कि पैसा कहां है, मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पंजाब के लोगों से बोले गए झूठ के लिए माफी मांगनी चाहिए और एसडीआरएफ के इस 12 हजार करोड़ रुपये का उपयोग पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को राहत देने में करना चाहिए।

## हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़ा गया आरोपित पहले भी 25 लाख रुपये की लूट की वारदात में शामिल रह चुका है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शनिवार को बताया कि नौ सितंबर को सिपाही विवेक राणा को गुप्त सूचना मिली कि सेक्टर-11, रोहिणी इलाके में एक युवक अवैध हथियार के साथ आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने केएन कार्टजू मार्ग, रोहिणी में जाल बिछाया। टीम ने आरोपित को मौके पर दबोच लिया। जांच में आरोपित की पहचान आकाश (21) के रूप में हुई। वह सेक्टर-11 रोहिणी का रहने वाला है। तलाशी के दौरान आकाश की जींस की जेब से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले। हथियार जब्त कर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि आरोपित आकाश गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है। उसके पिता रिक्शा चालक हैं और मां गृहिणी है। उसने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। गलत संगत में पड़कर वह अपराध की दुनिया में कदम रख बैठा। साल 2024 में उसने अपने साथी राहुल यादव के साथ मिलकर पीतमपुरा टीवी टॉवर के पास 25 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उस समय उससे तीन लाख रुपये की नकदी बरामद हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद आकाश ने दोबारा आपराधिक गतिविधियां शुरू कर दीं। करीब दो महीने पहले उसने अपने साथी लल्ला के जरिए अयोध्या के पास रहने वाले सत्याम उर्फ सौरव से 58 हजार रुपये में पिस्टल और 10 कारतूस खरीदे थे। वह नई वारदात की फिराक में था लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# बिस्फी विधानसभा 2025 : जातीय समीकरण, मुद्दे और संभावित प्रत्याशियों का गहन चुनावी अध्ययन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। बिहार में मधुबनी ज़िले की बिस्फी विधानसभा सीट (संख्या 35) 2025 के चुनाव में एक बार फिर सुर्खियों में है। यह सीट बिहार की राजनीति में स्विंग सीट मानी जाती है—2015 में राजद ने जीत दर्ज की, जबकि 2020 में भाजपा ने कब्ज़ा जमाया। इस बार भी मुकाबला कड़ा और दिलचस्प रहने की उम्मीद है। 2020 में भाजपा के हरिभूषण ठाकुर बच्चू ने लगभग 82,000 वोट पाकर राजद के फैयाज अहमद (लगभग 70,000 वोट) को 12,000 वोटों से हराया था। वहीं 2015 में फैयाज अहमद ने जीत दर्ज की थी। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि बिस्फी में किसी दल की स्थायी पकड़ नहीं है। वर्तमान विधायक हरिभूषण ठाकुर बच्चू भाजपा के फायरब्रांड नेता माने जाते हैं और उन्हें लगभग निर्विरोध उम्मीदवार समझा जा रहा है, हालांकि औपचारिक घोषणा बाकी है। उनकी मजबूत नेतृत्व क्षमता के बावजूद यह साफ़ है कि जीत का रास्ता जदयू के सहयोग से ही आसान होगा। 2015 का चुनाव इसका उदाहरण है, जब जदयू और राजद साथ थे और हरिभूषण ठाकुर को हार का सामना करना पड़ा। 2020 की सफलता को 2025 में दोहराने के लिए भाजपा को जदयू कार्यकर्ताओं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रभाव को साधकर रखना होगा। बिस्फी सीट का बिहार की सत्ता में विशेष महत्व है। 2020 में मधुबनी की आठ सीटों में भाजपा जीती, जबकि दरभंगा की दस में से नौ सीटें एनडीए के खाते में गईं। दोनों ज़िलों की कुल 20 सीटों में से 17 पर एनडीए की जीत ने राज्य सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभाई। इसलिए 2025 में एनडीए के लिए इस सीट पर जीत दोहराना अहम होगा। स्थानीय मुद्दों की बात करें तो बाढ़ और जलजमाव यहाँ का स्थायी संकट है। कमला बलान और अन्य नदियों के कटाव से हर साल भारी नुकसान होता है। ग्रामीण इलाकों की टूटी-फूटी सड़कें और जर्जर पुल लंबे समय से जनता की नाराज़गी का कारण बने हुए हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, उच्च शिक्षा संस्थानों की कमी और सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक व उपकरणों का अभाव भी बड़ी समस्या है। इसके साथ ही युवाओं का रोज़गार और पलायन एक गंभीर सामाजिक चुनौती है। जातीय समीकरण के लिहाज़ से यादव मतदाता लगभग 22-25% और मुस्लिम मतदाता 18-20% के आसपास माने जाते हैं, जो राजद का पारंपरिक आधार है। ब्राह्मण (10-12%) और भूमिहार (8-10%) भाजपा के कोर वोटर हैं, जबकि कोइरी/कुशवाहा (7-9%) और दलित (12-14%) मतदाता जदयू, भाजपा और राजद सभी के लिए निर्णायक स्विंग वोट हैं। अन्य समुदाय, जिनमें कायस्थ, वैश्य और अन्य पिछड़ा वर्ग शामिल हैं, लगभग 10-12% हैं और इनका रुझान स्थानीय उम्मीदवार और मुद्दों पर निर्भर करता है। 2025 के संभावित प्रत्याशियों में भाजपा से हरिभूषण ठाकुर बच्चू का नाम लगभग तय है। राजद की ओर से कई नाम चर्चा में हैं, जिनमें सबसे प्रमुख हैं युवा और साफ़-सुथरी छवि वाले आसिफ अहमद, जो बेहतरीन वक्ता माने जाते हैं और सभी वर्गों में पकड़ रखते हैं। उन्होंने रहिका अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ताला लगे रहने का मुद्दा उठाकर स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा किया। आसिफ ने कहा कि सैकड़ों समस्याएँ हैं, पर शिक्षा, स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल सबसे अहम हैं। इनके अलावा मनोज यादव, अंबर जिलानी और अब्दुल हय भी दावेदार हैं। कांग्रेस से इफ्तियाज नूरानी, अमानुल्लाह खान, राशिद फाकरी, ग़ज़नफर जलाल गगन और शीतलाम्बर झा के नाम सामने हैं। सीपीआई (एमएल) से मनोज यादव, जबकि जन सुराज से वशिष्ठ नारायण झा, मोहम्मद कलीम, नागेंद्र प्रसाद यादव, संजय मिश्रा और अजय साह चर्चा में हैं। जन सुराज खुद को ख्जनता की असली आवाज़ख् बताते हुए शिक्षा, रोजगार और पंचायत-स्तरीय पारदर्शिता पर जोर दे रहा है। एआईएमआईएम से वकार सिद्दीकी और अखिल भारतीय मिथिला पार्टी से मनोज झा भी मैदान में उतर सकते हैं। समीक्षात्मक दृष्टि से देखें तो बिस्फी की राजनीति 2025 में बिहार के सत्ता समीकरण का महत्वपूर्ण अध्याय बनने को तैयार है। भाजपा को अपनी 2020 की सफलता दोहराने के लिए जदयू के सहयोग के साथ मुस्लिम और यादव मतदाताओं का भरोसा बढ़ाना होगा। राजद को एमऽवाई समीकरण से आगे बढ़कर सवर्ण और युवा वोटरों तक पहुँचना होगा। कांग्रेस, जन सुराज, इख्र्ख्र्ख्र और अन्य दल वोट बिखराव कर सकते हैं, जिससे त्रिकोणीय या बहुकोणीय मुकाबले की संभावना है।

## पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए छोले-बटुरे वाले की अनोखी सेवा मुहिम

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के निवासी और छोले-बटुरे बेचने वाले संजय राणा ने पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक अनोखी पहल की है। उन्होंने घोषणा की है कि जो भी व्यक्ति बाढ़ पीड़ितों की मदद करेगा और उसकी स्लिप या प्रमाण पत्र दिखाएगा, उसे मुफ्त में छोले-बटुरे परोसे जाएंगे। संजय राणा इससे पहले कोरोना काल में भी सुर्खियों में रहे थे। उस समय उन्होंने यह मुहिम शुरू की थी कि जो लोग कोविड-19 वैक्सीन लगवाकर अपना सर्टिफिकेट दिखाएंगे, उन्हें भी मुफ्त छोले-बटुरे खिलाए जाएंगे। राणा का कहना है कि उनकी इस पहल का उद्देश्य केवल मानवता की सेवा करना है। उन्होंने कहा, हमें अपने माता-पिता से सेवा के संस्कार मिले हैं और हम आगे भी इसी तरह समाज की सेवा करते रहेंगे। संजय राणा की इस अनोखी सोच और समाज सेवा की भावना की भारतीय जनता पार्टी महामंत्री रामबीर भट्टी ने भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अगर देश का हर नागरिक इसी तरह की सकारात्मक सोच रखे और समाज की मदद करे, तो निश्चित रूप से देश में बदलाव आएगा।

# विज ने सिरसा बस ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे पर लिया संज्ञान, जांच कमेटी की गठित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने सिरसा के ऐलनाबाद में हरियाणा रोडवेज की बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में दो महिलाओं की मौत और सात लोगों के घायल होने की घटना पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने इस मामले की जांच के आदेश परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को दिए। श्री विज ने कहा कि अब हरियाणा रोडवेज की बसों से जुड़े सड़क हादसों की जांच के लिए एक स्थायी कमेटी बनाई जाएगी। इस कमेटी में तकनीकी अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस के जांच अधिकारी भी शामिल होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुर्घटनाओं में दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि इस दुर्घटना की जांच होनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि गलती रोडवेज बस चालक की थी या ट्रैक्टर चालक की। यह प्रैक्टिस बनाई जाएगी कि भविष्य में जब भी रोडवेज बस से जुड़ा हादसा होगा, उसकी जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी। परिवहन मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह कदम हरियाणा की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में जवाबदेही को मजबूत करेगा और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाएगा। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह सिरसा जिले के ऐलनाबाद में रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रॉली में सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

# चंडीगढ़ में भाजपा ने 'सेवा पखवाड़ा' अभियान की तैयारियां की तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। चंडीगढ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से महात्मा गांधी जयंती (दो अक्टूबर) तक चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' अभियान की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

शनिवार को चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने पार्टी मुख्यालय कमलम में पत्रकारों को बताया कि यह अभियान 'सेवा ही संगठन' के मंत्र पर आधारित है और पूरे देश में व्यापक स्तर पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह अभियान 16 दिनों तक चलेगा, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क करेंगे। इस दौरान 17 से 19 सितंबर तक रक्तदान शिविर 18 से 24 सितंबर तक स्कूलों और अस्पतालों में स्वच्छता अभियान तथा 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं दो अक्टूबर को 'वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत खादी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। श्री मल्होत्रा ने बताया कि चंडीगढ़ में बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे, स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाएगा और घर-घर महासंपर्क अभियान भी होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म 'चलो जीते हैं का प्रदर्शन भी कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान में पौधारोपण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण दिव्यांगों के लिए उपकरण वितरण स्वास्थ्य जांच शिविर, मुफ्त दवा वितरण और 75 शहरों में एक साथ मोदी विकास मैराथन जैसे कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा केवल प्रधानमंत्री मोदी की जन्मजयंती का उत्सव नहीं है बल्कि समाज के हर वर्ग गरीब किसान युवा और महिलाओं की समस्याओं के समाधान का अवसर भी है।


गौरतलब है कि भाजपा 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। पार्टी का मानना है कि राष्ट्रप्रथम की भावना से प्रेरित यह अभियान देश को मजबूत बनाने में योगदान देगा।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के लिए डीएम ने निर्धारित किए कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई है, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यक्रम के सफलता के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई है। 17 सितम्बर को समस्त शासकीय कार्यालय एवं आवासीय परिसर, ग्राम पंचायतों, विकास खंड मुख्यालय की स्वच्छता एवं निर्मलता को बनाए रखने हेतु स्वच्छता शपथ, स्वच्छता अभियान के साथ किया जाएगा। 18 सितंबर को स्वच्छ सार्वजनिक स्थल थीम पर कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें समस्त सार्वजनिक स्थलों जैसे प्रमुख नगर चौराहे, कस्बे, पार्क, बस स्टेशन, चिकित्सालय आदि में सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसमें समस्त जनपद स्तरीय विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्ति प्रतिभाग करेंगे। 22-23 सितंबर को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर थीम पर जनपद के समस्त स्थानीय निकाय स्तरों पर सफाई मित्र सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विभागीय स्तर से चयनित लाभार्थियों, पर्यावरण मित्रों को सुरक्षा कीट वा अन्य कल्याणकारी योजनाओं हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय करते हुए बहुउद्देशीय शिविर आयोजित कर संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। 25 सितंबर को एक दिन, एक घंटा, एक सात थीम पर कार्यक्रम होगा। इ दारौन जनपदव्यापी श्रमदान साथ साथ स्वच्छता अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 27 सितंबर को जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं धार्मिक स्थलों वन विभाग क्षेत्रों के अंतर्गत पर्यटक पार्क स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान एवं एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त समारोह का आयोजन किया जाएगा। 29 सितंबर विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष पर कूड़े, ठोस, तरल अपशिष्ट से उत्पन्न हों वाली बीमारियों से बचाओ हेतु जनजागरकता अभियान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 30 सितंबर समस्त वार्डों में व्यापक स्तर पर झाड़ू कटान नाली सफाई एवं कीट नष्ट छिड़काव एवं अमृत सरोवरों की साफ सफाई की जाएगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063